हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार


रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 09.01.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 165 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये







## एक नजर

### सड़क हादसे में आरसी चर्च के फादर सहित दो की मौत

**खूंटी :** खूंटी सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के डोड़मा बाजार टांड़ के पास बुधवार की रात लगभग 11 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में डोड़मा विशुनपुर के फादर सहित दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में आरसी चर्च के फादर सुशील प्रवीण तिडू और डोड़मा गांव के सुनील भेंगरा शामिल हैं। इस हादसे में जॉनसन भेंगरा गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, कार में सवार फादर जॉनसन भेंगरा, फादर सुशील प्रवीण तिडू और सुनील भेंगरा तोरपा से डोड़मा की ओर जा रहे थे। उसी दौरान डोड़मा बाजार टांड के पास उनकी कार ने आगे चल रहे एक ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

# ईडी की रडार पर आई-पैक, डायरेक्टर प्रतीक जैन के ठिकानों पर छापेमारी

## सीएम ममता पर सबूत मिटाने का आरोप, ईडी पहुंची हाई कोर्ट, आज होगी सुनवाई

एजेंसी

**कोलकाता :** ईडी ने आईपैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में हुई है। ईडी ने 4-5 जगहों पर छापेमारी की है। ईडी की तरफ से कोलकाता में भी छापेमारी की गई है। एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने गुरुवार सुबह सॉल्ट लेक में पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आईपैक के ऑफिस और इसके हेड प्रतीक जैन के घर पर छापा मारा। ये कंपनी पहले प्रशांत किशोर की थी। प्रशांत किशोर ने 2014 के लोकसभा चुनावों से पहले आईपैक की स्थापना की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से आईपैक तृणमूल कांग्रेस और बंगाल सरकार के साथ काम कर रही है, हालांकि प्रशांत किशोर अब फुल टाइम राजनीति में आ गए हैं। आईपैक ने 2021 के विधानसभा चुनावों में पार्टी को भारी बहुमत से सत्ता में वापस लाने और 2024 के लोकसभा चुनावों में भी अहम भूमिका निभाई थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने छापेमारी के दौरान वह खुद उस दफ्तर में घुस गईं जहां तलाशी अभियान चल रहा था और कई फाइल्स लेकर बाहर निकलीं। ममता बनर्जी ने दावा किया कि उन फाइल्स में उनकी पार्टी से जुड़े दस्तावेज हैं, लेकिन आरोप लग रहे हैं कि उन्हीं फाइल्स में कोयला चोरी और अन्य भ्रष्टाचार से जुड़े कई सबूत मौजूद थे। ममता ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



### ईडी की छापेमारी के खिलाफ आज रैली निकालेंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता :** आई-पैक के कार्यालय पर ईडी की छापेमारी के विरोध में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शुक्रवार को प्रदर्शन करेंगी। तृणमूल कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि टीएमसी सुप्रीमो बनर्जी दोपहर दो बजे जादवपुर 8बी बस स्टैंड से हाजरा मोड़ तक मार्च का नेतृत्व करेंगी।

### प्रतीक जैन के परिवार ने ईडी के खिलाफ दर्ज कराई चोरी की शिकायत

**कोलकाता :** आई-पैक के प्रमुख प्रतीक जैन के परिवार ने गुरुवार को ईडी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कोलकाता स्थित उनके आवास पर छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों ने महत्वपूर्ण दस्तावेज चुरा लिए।

## रांची में बढ़ती ठंड को लेकर स्कूलों की छुट्टी बढ़ी, कल तक कक्षाएं स्थगित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मौसम विभाग द्वारा जारी शीतलहर एवं ठंड के बढ़ते प्रभाव की चेतावनी के आलोक में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिले में संचालित सभी कोटि के विद्यालयों में कक्षाएं बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

आदेश के अनुसार रांची जिले के अंतर्गत संचालित सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में वर्ग-केजी से लेकर वर्ग-12वीं तक की कक्षाएं दिनांक 09 जनवरी 2026 से 10 जनवरी 2026 तक बंद रहेंगी। हालांकि, सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उक्त अवधि में ई-विद्यावाहिनी में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए गैर-शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि यदि उक्त अवधि के दौरान किसी विद्यालय में अनिवार्य परीक्षाएं निर्धारित हैं, तो उनके संचालन के संबंध में संबंधित विद्यालय अपने विवेकानुसार निर्णय लेंगे।

यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि शीतलहर के कारण होने वाली संभावित परेशानियों से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके।




## एक नजर

### बोरसी के चपेट में आने से महिला झुलसी

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के धोबी टोला की एक बुजुर्ग महिला बोरसी तापने के दौरान झूलस गई। जिसे इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बताया गया कि कपकपाती ठंड के कारण महिला गुरुवार सुबह को बोरसी में आग जला ताप रही थी इसी दौरान आग के तेज लपेट ने उसके को पकड़ लिया जिसके कारण वह गंभीर रूप से झूलस गई। आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### संजीव बेदिया ने 210 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का किया वितरण

**बड़कागांव :** प्रखंड के अंतर्गत पोटंगा पंचायत के तेतरिया गांव में झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने 210 जरूरतमंद महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया। संजीव बेदिया ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शीतलहरी के साथ सुबह में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस देखी जा रही है, कड़ाके की ठंड पड़ रही है । इससे बचने की जरूरत है नहीं तो तबीयत खराब हो सकती है । कंबल का प्रयोग जरूर करें ठंड से बचें। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी,सुरेंद्र करमाली,संजय करमाली मानी करमाली, बिरसा हेंब्रम वीरेंद्र बेसरा,विनोद तूरी, वेणु बेसरा, रामधन मांझी,विनोद तुरी, सुरेश टूटू, इत्यादि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

### बड़कागांव पुलिस ने दो वारंटी को भेजा जेल

**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस ने शुक्रवार को दो वारंटीओं को गिरफ्तार कर हजारीबाग कारावास भेज दिया। मामले को लेकर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि जेल भेजे गए लोगों में गजेंद्र महतो पिता चमातू महतो एवं दूसरा वारंटी लालदेव महतो पिता जयपाल महतो दोनों चपरी गांव के रहने वाले हैं।

### कुआं में डूबने से नीलगाय की मौत

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के बसरिया स्थित एक कुंआ में डूबने से नीलगाय की मौत हो गई, घटना गुरुवार दोपहर दो बजे की है। जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने इस बात की जानकारी वन विभाग को दी। जिसके बाद सिपाही संजीत कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने नीलगाय को कुंआ से निकालने का काफी प्रयास किया, परंतु सफलता हाथ ना लगी। खबर लिखे जाने तक वन विभाग द्वारा कुंआ से नीलगाय को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

### बरही इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार दूबे के निधन पर आरएनवाईएम कॉलेज शोकसभा आयोजित

**बरही :** बरही इंटर कॉलेज, बरही के प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार दूबे का निधन मंगलवार को हुआ था। उनके निधन से शिक्षा जगत सहित पूरे बरही क्षेत्र में शोक की लहर है। इसी क्रम में गुरुवार को राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय, बरही में महाविद्यालय परिवार द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. बिमल किशोर ने कहा कि प्रो. अरुण कुमार दूबे के निधन से महाविद्यालय परिवार ही नहीं, बल्कि संपूर्ण बरही क्षेत्र शोकाकुल है। उन्होंने शिक्षा जगत में लंबे समय तक आजीवन सेवा दी और एक कुशल शिक्षाविद् के रूप में अपनी पहचान बनाई।
डॉ. बिमल किशोर ने कहा कि प्रो. दूबे मृदुभाषी, सर्वमिलनसार, सहयोगी एवं समाजसेवी प्रवृत्ति के प्रतिभासंपन्न व्यक्तित्व थे।

# हमारा संकल्प-सुरक्षित एवं सशक्त महिला, सशक्त झारखंड कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार हजारीबाग




**बरही :** सामाजिक कुरीति निवारण योजना के अंतर्गत संचालित हमारा संकल्प - सुरक्षित एवं सशक्त महिला, सशक्त झारखंड कार्यक्रम के तहत नगर भवन में बाल विवाह मुक्त झारखंड एवं डायन प्रथा उन्मूलन विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला जिप अध्यक्ष उमेश मेहता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, एसडीओ जोहन टुड्डू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, प्रमुख मनोज कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो समेत प्रखंड के सैकड़ों महिला शामिल हुए। वहीं सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के माध्यम से बाल विवाह से बालिकाओं, परिवार और समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक सामाजिक, शैक्षणिक तथा स्वास्थ्य प्रभावों की जानकारी दी गई। वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे अपने आसपास होने वाले बाल विवाह की घटनाओं की सूचना प्रशासन को दें।
सबसे पहले एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है। इसके संरक्षण देने वाले कानूनी दंड का भागी बन सकते हैं। दहेज प्रथा भी एक सामाजिक के साथ कानूनी अपराध है। जिसका उल्लंघन करने पर कानूनी सजा के भागी बन सकते हैं।

**बालक बालिकाओं को समान शिक्षा दें: उमेश मेहता**

कार्यक्रम में शामिल हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला जिप अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि बाल विवाह मुक्त झारखंड के लिए बनाए गए कानूनी प्रावधानों का पालन और समाज में जागरूकता दोनों ही आवश्यक है, उन्होंने बालक - बालिकाओं को समान शिक्षा का अवसर देने, बेटियों और महिलाओं को सशक्त बनाने तथा न दहेज लेंगे और ना ही दहेज देंगे का संकल्प आह्वान किया।

**सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए शिक्षा और जागरूकता जरूरी : किशुन यादव**

जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों की जड़ अशिक्षा और जागरूकता की कमी है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों से इसका लाभ उठाने की अपील की।

**बाल विवाह मुक्त झारखंड के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : एसडीओ**

बरही एसडीओ जोहन टुड्डू ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। हर व्यक्ति को सजग रहना चाहिए। मौके पर बरही अनुमंडल के महिला मंडल के सदस्य सहित कई लोग मौजूद थे।

## सांढ़ पंचायत में जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण समारोह का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** सांढ़ पंचायत भवन में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुलेखा कुमारी व संचालन मुखिया प्रतिनिधि पूर्व मुखिया भीखन महतो ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि बुजुर्ग महिला पुरुष कंबल का उपयोग करें,बहु बेटियों के घर ना भेजें एवं ठंड से बचने के लिए सुबह शाम विशेष ध्यान दें। वही मुखिया सुलेखा कुमारी ने कहा कि 100 जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। प्रत्येक वर्ष ठंढ में गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया जाता है। जरूरतमंद, असहाय, वृद्ध जनों को कंबल प्राप्त होने के बाद ,उनके चेहरे पर खुशी देखने को मिली। पूर्व मुखिया भीखन महतो ने कहा की सदैव जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमलोग तत्पर हैं यह पुण्य का कार्य है। मौके पर पूर्व प्रमुख सह जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया सुलेखा कुमारी,पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, पंचायत सचिव अलका कुमारी, पूर्वी सांसद प्रतिनिधि पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, हरिशंकर प्रसाद दांगी, वार्ड सदस्य टेकलाल कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य आनंद कुमार पासवान, देवेंद्र कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष जेपी पटेल ने शोक संतप्त परिवारों को बंधाया ढांढस


प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में आयोजित विभिन्न शोक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष जेपी पटेल ने शिरकत कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला और जिला अध्यक्ष जेपी पटेल सबसे पहले चौपारण पहुंचे, जहां उन्होंने ब्रम्हऋषि समाज के अध्यक्ष सुधीर सिंह की माता के 13वीं संस्कार कार्यक्रम में भाग लिया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इसके बाद दोनों नेता दैहर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने विक्रम प्रजापति के चाचा के 12वीं संस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर परिजनों से मुलाकात की और दुःख की इस घड़ी में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। वहीं केंदुआ गांव में उन्होंने बिरेन्द्र राणा के पिता के 12वीं कार्यक्रम में भाग लेकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसी क्रम में केंदुआ में ही अमित सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और सांत्वना दी। इसके पश्चात नगवां गांव में तोखन साव की पत्नी के 12वीं संस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को धैर्य रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि दुःख की घड़ी में समाज और जनप्रतिनिधियों का साथ मिलना पीड़ित परिवारों के लिए संबल होता है।

## दनुआ घाटी में हादसों पर लगेगा ब्रेक रेड टॉपिंग तकनीक से सड़क सुधार शुरू


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** चौपारण की मौत की घाटी के नाम से चर्चित दनुआ घाटी में लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने की दिशा में एक अहम पहल की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई द्वारा दनुआ घाटी के खतरनाक हिस्सों में रेड टॉपिंग तकनीक से सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है। जिससे सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद जताई जा रही है, यह कार्य हथिया बाबा मंदिर से जोड़राही पुल तक के अत्यंत संवेदनशील और दुर्घटना संभावित क्षेत्र में किया जा रहा है। रेड टॉपिंग तकनीक के माध्यम से सड़क पर बेहतर ग्रिप, दृश्यता और नियंत्रण सुनिश्चित होगा, जिससे विशेषकर बरसात और कोहरे के समय वाहनों के फिसलने की आशंका कम होगी। गौरतलब है कि दनुआ घाटी में हो रही लगातार दुर्घटनाओं को लेकर हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने 19 नवंबर 2025 को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर गंभीर चिंता जताई थी। उन्होंने जीटी रोड स्थित दनुआ घाटी को अत्यधिक दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र बताते हुए यहां सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने, साथ ही चौपारण बाजार में फ्लाईओवर निर्माण और सिक्स लेन सड़क परियोजना को शीघ्र पूरा कराने की मांग रखी थी। पूर्व सांसद की इस पहल पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संज्ञान लेते हुए दनुआ घाटी में रेड टॉपिंग तकनीक से सड़क सुधार कार्य की स्वीकृति दी, जिसके बाद एनएचएआई द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि यदि यह कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा होता है, तो दनुआ घाटी में होने वाली दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी। वर्षों से हादसों के दाग झेल रही यह घाटी अब सुरक्षित यात्रा की ओर एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ रही है।

## परेशानी छुटा नहीं,नई 4 जी मशीन का सर्वर डाउन रहने से राशन वितरण प्रभावित, डीलर लाभुक परेशान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड क्षेत्र के सभी जविप्र दुकानों को नई 4जी ईपोश मशीन मिल गया परंतु कई दिनों से सर्वर डाउन रहने कारण डीलरों को राशन वितरण करने में काफी परेशानी हो रही है। सर्वर डाउन रहने से मशीन काफी धीमी गति से चलने के कारण राशन वितरण प्रभावित हो गया है। डीलर और कार्डधारियों दोनों काफी परेशानी हो रहे हैं इस सम्बंध में डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पाण्डेय, सचिव केदार यादव, कोषाध्यक्ष सुखदेव साव सहित अन्य डीलरों ने बताया कि मशीन का सर्वर डाउन रहने से ढंग से नेटवर्क काम नहीं कर रहा है। कभी-कभार मशीन ठीक-ठाक चलती है, तब राशन कुछ राशन वितरण होता है। लोगों ने बताया कि पूर्व में पुरानी मशीन एक मिनट में खुल जाता था और काम करने लगता था, लेकिन नई 4जी ई-पॉश मशीन के खुलने में लगभग 10 से 15 मिनट लग जा रहा है। 4G ई-पॉश मशीन मिलने के बाद सर्वर डाउन होने से डीलरों की परेशानी हो रही है जिसके कारण राशन वितरण में रुकावट रही है।यह समस्या नई मशीनों के धीमे चलने, सर्वर ओवरलोड, या तकनीकी खराबी के कारण हो सकती है। इससे निपटने के लिए डीलरों ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को समय समय सूचित कर रहे हैं। ताकि समस्या का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसका समाधान सर्वर को ठीक करने या सिस्टम को अपडेट करने पर निर्भर करता है। अध्यक्ष डोमन पाण्डेय ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक साथ कई मशीनें चलने से सर्वर पर ओवरलोड पड़ने,कमजोर 4G नेटवर्क सिग्नल,नई मशीनें में शुरूआती दिक्कतें,या हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर से जुड़ी समस्या हो सकती है। उन्होंने बताया कि इसके समाधान के लिए विभाग को सर्वर की क्षमता बढ़ानी पड़ सकती है।

# अनुमंडलीय अस्पताल बरही में स्वास्थ्य मेला का आयोजन, 786 का हुआ स्वास्थ्य जांच एवं इलाज

प्रत्यूष नवबिहार। बरही



**बरही :** स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। विधायक मनोज कुमार यादव स्वास्थ्य मेला का निरीक्षण का जरूरी निर्देश दिए। विधायक के निर्देशन पर स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, मुखिया मोतीलाल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष भगवान केशरी,भाजपा नेता सुरेंद्र रजक, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बासुदेव यादव, अशोक यादव, युगल यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य मेला में 20 स्टॉल लगाकर रोगियों की जांच एवं इलाज किए गए। जिसमें पंजीकरण, सामान्य चिकित्सा, दवा वितरण, मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण कार्यक्रम, किशोरी स्वास्थ्य, एन.सी. डी क्लिनिक, टी.बी जांच , कुष्ठ रोग जांच, मलेरिया और फाइलेरिया जांच, अंधापन जांच, परिवार नियोजन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ कार्ड, आयुष कार्यक्रम, योग, आई.ई.सी, कैंसर नियंत्रण जागरूकता एवं बुजुर्ग स्वास्थ्य कार्यक्रम का संबंधित स्टॉल शामिल था। स्वास्थ्य मेला में आए रोगियों की जांच और इलाज डॉ इंद्रजीत कुमार, दंत चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अंकुर विहान, डॉ राजीव कुमार चंदन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नीलम कलुंडिया, डॉ पूजा कुमारी, सर्जन डॉ रौशन कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मणिकांत गुप्ता, आयुष चिकित्सक डॉ अमन प्रसाद, डॉ एजाज हुसैन, होमियोपैथी चिकित्सक डॉ गजाला परवीन, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ नीरज उपाध्याय, एचएम सुधांशु शेखर, बीडीएम मुजाहिद एहसान, एसटीएलएस बिजिंदर कुमार, एमटीएस मो इरशाद आलम, एएनएम ममता कुमारी और एएनएम द्रौपदी कुमारी ने रोगियों की जांच कर दवा और परामर्श दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही चौक पर बड़ा हादसा टला, जेसीबी लोड ट्रेलर में लगी आग



**बरही :** बरही चौक पर बीती रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जेसीबी लोड ट्रेलर में अचानक आग सुलगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए प्रशासन को सूचना दी। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और लोगों के सहयोग से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद इलाके में राहत की सांस ली गई।

### शहीद शेख भिखारी तथा टिकैत उमराव सिंह की 169 वीं शहादत दिवस पर कांग्रेसियों द्वारा दी गई श्रद्धांजलि



**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी तथा शहीद टिकैत उमराव सिंह की 169 वीं शहादत दिवस उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम में लोंगो ने दोनो शहीदों की जीवन पर प्रकाश डाला। शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव सिंह 1857 भारतीय विद्रोह के महानायक थे। उन्होंने झारखंड में ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ मिलकर संघर्ष किया। शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह के दीवान और सेनापति थे, जिन्होंने गुरिल्ला युद्ध कर अंग्रेजों को रोका । उन्होंने ईस्ट कम्पनी की सेनाओं को रांची पर कब्जा करने से रोकने के लिए चुटूपालु घाटी के पेड़ों को काटकर कम्पनी के सेनाओं को आगे बढ़ने में बाधा डाली, पर अंततः आठ जनवरी 1958 को दोंनो चुटूपालु घाटी में एक बरगद के पेड़ पर लटका कर फांसी दे दी । उस समय जनरल मैकडोलैंड ने कहा था, विद्रोहियों में सबसे खतरनाक और कुख्यात विद्रोही है। मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान नगर अध्यक्ष परवेज अहमद वरिष्ठ कांग्रेसी अजय गुप्ता, मकसूद आलम, रघु जायसवाल, जावेद इकबाल, सदरूल होदा, अनिल कुमार भुईंया, नौशाद आलम, मुस्ताक अंसारी, राशिद खान, भैया असीम कुमार, मोहम्मद आरिफ आलम, कौशल कुमार सिंह, मोहम्मद नसरुद्दीन,अजित कुमार सिंह, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, निसार अहमद भोला आदि उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज लगेगा मेगा स्वास्थ्य शिविर



**बड़कागांव :** बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को सुबह 10 :00 बजे से मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारी से भारी संख्या में आम लोगों को रोगों की जांच व इलाज करवाने की अपील की गई है। उक्त आशय की जानकारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने दी है उन्होंने बताया कि मेगा स्वास्थ्य शिविर में सभी प्रकार की रोगों की जांच होगी तथा उसका इलाज होगा। शिविर में 20 से 25 स्टाल लगाए जाएंगे।

### सरोज सिंह चौधरी की सक्रियता से चौपारण में नशे का नेटवर्क ध्वस्त, 50 एकड़ फसल तबाह



**चौपारण :** चौपारण पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एक बार फिर अपनी सख्त मंशा स्पष्ट करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इस पूरे अभियान में चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी की सक्रिय भूमिका, कुशल नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति विशेष रूप से सराहनीय रही, जिनके प्रभावी समन्वय से यह बड़ा अभियान सफल हो सका।
मंगलवार को प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर ग्राम मुरानिया एवं दुरागढ़ा में पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाकर लगभग 50 एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती को पूरी तरह नष्ट कर दिया। लंबे समय से चिन्हित इन इलाकों में चल रही अवैध गतिविधियों पर सटीक रणनीति और सतर्क निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अफीम की खेती में प्रयुक्त 10 सेक्शन पाइप एवं 4 डिलीवरी पाइप भी बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही विधिसम्मत तरीके से नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने पूरे अभियान की बारीकी से निगरानी करते हुए जवानों का मनोबल बढ़ाया और हर स्तर पर सख्त निर्देश दिए, जिससे अभियान बिना किसी बाधा के सफल रहा। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि अवैध अफीम की खेती में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। इस संयुक्त अभियान का संचालन एसडीपीओ बरही अजित कुमार बिमल के मार्गदर्शन में किया गया।

### राजनाथ कुमार मनोरंजन मंत्री बनाए गए



**बड़कागांव :** सोनपुरा पंचबहिनी मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय मकर संक्रांति पूजा एवं मेले की तैयारी जोरों पर की जा रही है। जिसे लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है । कार्यक्रम को बेहतर करने के लिए अध्यक्ष भवानी प्रसाद ने समाजसेवी राजनाथ कुमार को मनोरंजन मंत्री बना बनाकर बेहतर से बेहतर करने की जिम्मेदारी सौंपी है। राजनाथ कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में कीर्तन मंडली ,आर्केस्ट्रा एवं भक्ति से संबंधित सांस्कृतिक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

## एक नजर

### झारखंड शराब घोटाला एसीबी ने नवीन केडिया को किया गिरफ्तार

**रांची** : झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक प्रमुख आरोपित नवीन केडिया को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एसीबी ने इस केस से जुड़े प्रमुख आरोपितों में से एक छत्तीसगढ़ के दुर्ग के रहने वाले नवीन केडिया को गिरफ्तार कर लिया है। केडिया की गिरफ्तारी गोवा से हुई है। एजेंसी उसे ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाने की तैयारी कर रही है। रांची लाने के बाद एसीबी उसे कोर्ट में पेश करेगी और रिमांड पर लेकर पूछताछ भी करेगी। नवीन केडिया को एसीबी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा था, लेकिन वह एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। शराब घोटाले में आरोपित बनाए जाने के बाद उसने एसीबी कोर्ट से अग्रिम जमानत भी मांगी थी। वहां भी उसे राहत नहीं मिली और कोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद से वह एसीबी की नजरों में फरार चल रहा था।

### जस्टिस महेश शरदचंद्र आज झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में लेंगे शपथ

**रांची** : जस्टिस महेश शरदचंद्र सोनक झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शुक्रवार अर्थात नौ जनवरी को सुबह साढ़े नौ बजे शपथ लेंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाएंगे। मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल 28 नवंबर 2026 तक रहेगा। महेश शरदचंद्र साल 1988 में महाराष्ट्र एवं गोवा बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकित हुए। उन्होंने लंबे समय तक बॉम्बे उच्च न्यायालय की पणजी पीठ में सिविल और संवैधानिक कानून, श्रम एवं सेवा कानून, पर्यावरण कानून, वाणिज्यिक एवं कर कानून, कंपनी कानून सहित जनहित याचिकाओं के क्षेत्र में व्यापक प्रैक्टिस की। उन्होंने केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्टैंडिंग काउंसल और राज्य सरकार के विशेष काउंसल के रूप में भी कार्य किया। वे साल 2013 में बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप नियुक्त हुए और दो मार्च, 2016 को स्थायी न्यायाधीश बने। दिसंबर 2025 में उन्हें झारखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई। उनका जन्म 28 नवंबर, 1964 को गोवा में हुआ था। वह डॉन बॉस्को हाई स्कूल, पणजी में पढ़े। उन्होंने डेम्पे कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस से बीएससी और एम.एस. कॉलेज ऑफ लॉ पणजी से एलएलबी की डिग्री हासिल की।

### राज्य में बदहाल हो चुकी है कानून व्यवस्था : बाबूलाल मरांडी

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी (भजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने खूंटी में आदिवासी नेता एवं पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या को लेकर प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि सरकार में राज्य में कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सोमा मुंडा की निर्मम हत्या से मर्माहत हूं। इस सरकार के शासनकाल में आदिवासी समाज को लगातार निशाना बनाया जाना राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। राज्य में कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। सरकार आम जनता, विशेषकर आदिवासी समाज को सुरक्षा प्रदान करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड में संलिप्त आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर हमर अधिकार मंच ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : हमर अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की मांगों को लेकर गुरुवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में मंच के अध्यक्ष दीपेश निराला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि इसे लेकर राज्यपाल को राज्य के 16 जिलों के 91 व्यक्तियों का हस्ताक्षरित ज्ञापन जल्द सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि ज्ञापन में राज्यपाल से राज्य में यथाशीघ्र झारखंड राज्य सूचना आयोग में सुनवाई शुरू करने का आग्रह किया गया है। ताकि सूचना आयोग में लंबित पड़े 25000 से अधिक द्वितीय अपीलवाद और शिकायतवाद पर 5.5 वर्षों से अधिक समय से लंबित मामलों में सुनवाई शुरू हो सके। निराला ने बताया कि मंच ने राज्यापाल से आग्रह किया कि सूचना आयुक्त के रूप में गैर-नौकरशाह व्यक्ति जो विधि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, समाजसेवा, प्रबंधन, पत्रकारिता जनसंपर्क माध्यम में व्यापक ज्ञान और अनुभव रखने वाले समाज में प्रख्यात व्यक्तियों की ही नियुक्ति किया जाए। उन्होंने राज्यपाल से सूचना आयुक्त पद पर नौकरशाह की नियुक्ति नहीं करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को भी सौंपा गया है। प्रतिनिधिमंडल में दीपेश निराला, उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी और राजकुमार, महासचिव उमाशंकर सिंह और कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी शामिल थे।

### झारखंड छात्र मोर्चा ने राज्यपाल से लंबित छात्रवृत्तियों पर की चर्चा

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज झारखण्ड छात्र मोर्चा का एक शिष्टमंडल अमन कुमार तिवारी, अध्यक्ष के नेतृत्व में लोक भवन में भेंट की और राज्य में लंबित छात्रवृत्तियों की ओर राज्यपाल महोदय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि छात्रवृत्ति न मिलने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को अपनी पढ़ाई जारी रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से इस समस्या के निराकरण हेतु पहल करने का आग्रह किया।

### रांची प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला, पत्रकारों के हित में प्रस्ताव सौंपा

**रांची** : गुरुवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष शंभु नाथ चौधरी के नेतृत्व में 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राज्यपाल महोदय का निम्नांकित बिंदुओं की तरफ ध्यान आकर्षित कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया। सेवानिवृत पत्रकारों के लिए पेंशन स्कीम के कार्यान्वयन का प्रस्ताव। पत्रकारों के लिए रांची और राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में आवासीय कॉलोनी के विकास संबंधित प्रस्ताव। पत्रकारों के स्वास्थ्य बीमा और पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लाने संबंधी प्रस्ताव। रांची प्रेस क्लब में राज्यपाल महोदय के साथ संवाद कार्यक्रम के तहत पत्रकारों के साथ बातचीत का प्रस्ताव जिसपर उन्होंने निकट भविष्य में आयोजन पर सहमति जताई।

## सिल्ली में चाऊमीन दुकानदार को गोली मारकर किया घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली** : सिल्ली थाना अंतर्गत अज्ञात अपराधियों के द्वारा बुधवार की रात्रि करीब 8:00 बजे हराधन महतो उम्र 40 वर्ष पिता सुखराम महतो पतराहातु में चाऊमीन दुकान है। जहां अपराधियों ने चाऊमिन दुकान पर आकर चाऊमीन खाया और आपस में तू तू मैं करते हुए बंदूक निकालकर गोली मार दी उसके बाद अपराधी बाइक पर सवार होकर भाग निकले। वही चाऊमीन दुकानदार गोली लगते ही गिर पड़ा ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया सिल्ली थाना घटना स्थल पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार करने के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया जहां नर्सिंग होम के निर्देशक डॉक्टर रमनेश प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। दूसरी और सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि घटना को लेकर क्षेत्र में विशेष छापामारी की जा रही है छापामारी के दौरान दो व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। जल्दी ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## न्यायिक प्रक्रिया पर टिप्पणी करने वाले प्रमोद सिंह के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रमोद सिंह नामक व्यक्ति के विरुद्ध आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की है। यह आदेश जस्टिस अरुण कुमार राय की एकल पीठ की ओर से पारित किया गया है। अदालत ने पाया कि प्रमोद सिंह की ओर से किया गया कृत्य न केवल अदालती आदेशों की अवहेलना है, बल्कि न्याय प्रशासन में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप और न्यायालय की गरिमा को कम करने का प्रयास है। अदालत ने प्रथम दृष्टया माना कि आरोपित का आचरण आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है। आमतौर पर ऐसी कार्यवाही तब शुरू की जाती है, जब कोई व्यक्ति जानबूझकर न्यायालय को अपमानित करता है या न्यायिक प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश करता है। उच्च न्यायालय ने प्रमोद सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और पूछा है कि उनके खिलाफ अवमानना कानून के तहत दंडात्मक कार्यवाही क्यों न की जाए। दरअसल, रामगढ़ के रहने वाले प्रमोद सिंह पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर न्यायिक प्रक्रिया पर कठोर टिप्पणी कर रहे थे, जिसकी आलोचना भी हो रही थी। इस बीच अदालत ने इस पूरे मामले पर संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही शुरू की है।

## विधायक अमित कुमार महतो ने तीन पीसीसी सड़कों का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड के विभिन्न गांव के लोगों की बरसों पुरानी मांगों को लेकर नए साल पर सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो के द्वारा बुधवार को सिल्ली प्रखंड में तीन पीसीसी सड़कों का निर्माण विधायक मद से किया गया। लोसेरा ( जामटोला) गुणराम मांझी के घर से पेन तक पीसीसी पथ 350 फिट लगात 4 लाख 18 हजार। चरलू टेटेबदा नेचर हाट स्कूल से स्वर्णरेखा नदी तक पीसीसी पथ 500 फिट लगात 5 लाख 97 हजार। सिल्ली के लोवादाग फाटक के पास तालाब में गढ़वाल एवं पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया। गांव के लोगों के द्वारा लंबे समय से इस सड़क का निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसे विधायक जी ने इसमें संज्ञान लेते हुए आज इसका शिलान्यास किया गया। लोग बरसों से कच्चे रास्ते मैं चलने पर मजबूर थे कीचड़ और गढ़ों से लोगों की परेशानी होती थी। विधायक अमित कुमार महतो ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में मेरी जिम्मेदारी है कि जनता के बुनियादी आवश्यकताओं की प्रतिमकता दी जाए। मौके पर उपस्थित इंजीनियर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो सड़क को मजबूत बनाएं। मौके पर मुखिया भारत मुंडा, सतीश कुमार महतो, सुयोग कुमार साहू, अशरफ अली, किसलय कुमार, संतोष कुमार, महेश कुमार, शेखर, प्रकाश कुमार, समीर ठाकुर, एवं गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## शहादत दिवस पर शहीद टिकैत और शेख भिखारी को दी गई श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : वीर अमर शहीद टिकैत उमराव सिंह और शहीद शेख भिखारी की 168 वीं शहादत दिवस के अवसर पर स्थानीय शहीद स्मारक समिति (शहीद चौक) की ओर से गुरुवार को शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने दोनों ही शहीदों के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही शहीदों के किए आंदोलन और समाज के प्रति किए गए सकारात्मक कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर शहीद स्मारक समिति रांची के सचिव विमल किशोर साहू ने कहा कि हमारे राज्य में आदिवासी और मूलवासियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। यही कारण है कि आज हम एक साथ टिकैत उमराव सिंह के साथ साथ शहीद शेख भिखारी को भी याद करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1857 सिंह और शेख भिखारी ने अंग्रेजों के विरुद्ध आदिवासी-ग्रामीण जनता को संगठित किया। अंग्रेजी सत्ता से लड़ते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया और 11 अप्रैल 1858 को रांची के चुटिया में फांसी देकर शहीद किया गया। उन वीर शहिदों की यादों में ही राजधानी में शहिद चौक बनाया गया। मौके पर समिति के सदस्यों ने शहीदों के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## एसबीयू में अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : सरला बिरला विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के सहयोग से संस्थान नवाचार परिषद द्वारा डिलीवरी साइकिल की व्यापकता, एआई/एमएल कैस्केड एवं आईटी क्षेत्र में नवाचार विषय पर अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र एवं न्यूयॉर्क स्थित एमफैसिस कंपनी के आईटी लीडर आदित्य झा ने विद्यार्थियों को समस्या समाधान क्षमता, अनुकूलनशीलता और सतत सीखने की प्रवृत्ति का विकास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने आधुनिक आईटी डिलीवरी साइकिल, विभिन्न उद्योगों में एआई/एमएल के प्रभाव तथा वैश्विक आईटी क्षेत्र में उभरते नवाचार रुझानों पर उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के आरंभ में आईआईसी के अध्यक्ष एवं वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. संदीप कुमार ने एआई/एमएल नवाचारों और आईटी डिलीवरी तंत्र की समझ को तकनीकी छात्रों के अलावा वाणिज्य एवं प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी करार दिया। एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने अपने संबोधन में डिजिटल अर्थव्यवस्था के इस युग में विद्यार्थियों के लिए उद्योग के अनुभव की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आईआईसी जैसे मंच खास तौर पर अकादमिक शिक्षा और वास्तविक व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच की दूरी को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसबीयू के कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने मुख्य वक्ता आदित्य झा से संयुक्त शोध कार्य, विद्यार्थियों के नवाचार विचारों को उत्पाद अथवा सेवा के रूप में विकसित करने तथा अमेरिकी वेंचर कैपिटल सहयोग से उन्हें आगे बढ़ाने पर आग्रह किया। उन्होंने ब्लॉकचेन जैसे उभरते क्षेत्रों में संभावनाओं की भी चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. अतुल कर्ण (डीन, प्रबंधन संकाय), डॉ. बी. सामंता (डीएसडब्ल्यू), डॉ. कुणाल सिन्हा (वाणिज्य संकायाध्यक्ष), अनिमेष सरकार (संयोजक, आईआईसी), डॉ. अंजलि श्रीवास्तव (नवाचार समन्वयक, आईआईसी), डॉ. मुकेश सिंह (इंटर्नशिप समन्वयक, आईआईसी) सहित विभिन्न संकायों के शिक्षक एवं आईआईसी, कंप्यूटर साइंस, प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. नेहा कुमारी, सह-संयोजक, आईआईसी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आईआईसी के उपाध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान के आयोजन की सराहना करते हुए शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में नौ तक शीतलहर का अलर्ट

**रांची** : राज्य के विभिन्न जिलों में लोगों को ठंड फिलहाल रुलाएगी। राज्य के कई जिलों में शुक्रवार तक शीतलहर चलने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने गुरुवार को येलो अलर्ट जारी किया है। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी। विभाग के अनुसार गुरुवार को राज्य के दक्षिणी, पश्चिमी और मध्यवर्ती जिलों में कुछ इलाकों में जबकि शुक्रवार को पश्चिमी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं-कहीं शीतलहर चलने की संभावना है। वहीं, झारखंड के अधिकांश जिले कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। इन जिलों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से कम पहुंच गया है। राज्य के जिन जिलों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से कम है उनमें हजारीबाग 2.9 डिग्री, डाल्टनगंज में 3.4 डिग्री, खूंटी में 3.2 डिग्री और लोहरदगा में 3.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इधर, गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन शीतलहर के कारण लोग ठिठुरते दिखाई दिए। हालांकि धूप में तपिश होने के कारण लोगों को ठिठुरन से राहत मिली और लोग खुली जगह में धूप सेकते नजर आए। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री, जमशेदपुर में 25.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री, डाल्टनगंज में 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 21.1 और न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### वेंकटेश्वर मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा धनुर्मास व्रतोत्सव



**रांची** : श्रीलक्ष्मी वेकटेश्वर मंदिर में पवित्रतम् धनुर्मास व्रतोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। धनुर्मास व्रतोत्सव को लेकर प्रत्येक दिन तिरूप्पावै प्रबंधम् का अनुसंधान के तहत भगवान् श्रीलक्ष्मी वेकटेश्वरको हर दिन नए कपडे और आयुर्वेदिक औषधि का पान कराया जा रहा है। यह व्रतोत्सव 16 दिसंबर 2025 से 14 जनवरी 2026 पूरे एक माह तक आयोजित किया जा रहा है। व्रतोत्सव के दौरान भगवान वेंकटेश्वर भगवान रंगनाथ के रूप में और भूमि देवी लक्ष्मी को गोदाम्बा देवी के रूप में पूजा की जा रही है। धनुर्मास महोत्सव की महिमा सभी जानते हैं। उल्लेखनीय है कि इस व्रत को द्वापर में श्री राधा जी ने गोपिकाओं के साथ मिल कर कात्यायनी व्रत के रूप में भगवान् को पाने के लिये की थी। इसी प्रकार कलियुग में लगभग एक हजार वर्ष पहले श्रीभूमिदेवी लक्ष्मी की अवतार श्रीआण्डाल जिन्हें गोदाम्बा देवी के नाम से जाना जाता है वे भगवान वटपत्रशायी को पति रूप में प्राप्त करने को इस व्रत का अनुसंधान किया। गोदा देवी की ओर से किया गया यह अनुष्ठान भोग और मोक्ष दोनों को प्रदान करनेवाला है। श्रीगोदा जी तीस दिन के इस व्रत में, प्रत्येक दिन भगवान् की अनुशंसा में तीस तिरूप्पावै नामक पाशूरों (30 भजनों का एक प्रसिद्ध तमिल भक्ति काव्य संग्रह) की रचना कर डाली। गोदाम्बा जी ने इन पाशूरों में संपूर्ण वेदांत को शामिल कर गागर में सागर भरनेवाली कहावत को चरितार्थ कर दिया है।

### अनगड़ा में शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मनाया गया



**रांची** : सिरका महेशपुर मैदान में सहादत दिवस के अवसर पर शहीद शेख भिखारी वेलफेयर एण्ड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा आयोजित अमर शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस समारोह में खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए और शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि चुटूपालू घाटी में अंग्रेजों से लोहा लेने वाले शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह ने 8 जनवरी 1858 को फांसी पर चढ़कर अमर शहादत प्राप्त की। उनका संघर्ष हिंदू-मुस्लिम एकता की अनुपम मिसाल है और झारखंड के स्वतंत्रता संग्राम में स्वर्णिम अध्याय। कार्यक्रम में जरूरतमंद, असहाय, बुजुर्गों के बीच कम्बल भी वितरण किए माननीय विधायक। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष शेख चरकु विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुण्डा प्रमुख दीपा उरांव युवा जिला उपाध्यक्ष अजय उरांव महासचिव शिवदास गोस्वामी रांची जिला ग्रामीण सोशल मिडिया समन्वयक कुलेश्वर मुण्डा सहित शाहनाज खातुन, संजय नायक, समीम खान, फारूक खान, सोनी प्रवीण, शमसाद खान, अल्तफ खान, रासिद खान, ईसकील, आसिफ इत्यादी उपस्थित रहें।

### डॉ. मयंक मुरारी को मिलेगा वर्ष 2026 का आचार्य विद्यानिवास स्मृति सम्मान



**रांची** : चिंतक और लेखक डॉ मयंक मुरारी को वर्ष 2026 का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित आचार्य विद्यानिवास स्मृति सम्मान मिलेगा। यह जानकारी विद्याश्री न्यसा के सचिव डॉ दयानिधि मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि न्यास की ओर सर्वसम्मति से डॉ मयंक को इस बार यह सम्मान देने का निर्णय लिया गया है। आगामी 13 जनवरी को विद्यानिवास जन्म-जयंति पर बनारस में आयोजित समारोह में यह सम्मान प्रदान किया जायेगा। श्री मिश्रा ने बताया कि डॉ मयंक मुरारी के पूर्व इस सम्मान से देश के लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार एवं बुद्धिजीवी कृष्ण बिहारी मिश्र, अमृतलाल बेगड़ा, नंदकिशोर आचार्य, श्यामसुंदर दूबे, राजेंद्ररंजन चतुर्वेदी, उषा किरण खान एवं श्री रामपरिहार आदि सम्मानित हो चुके हैं। डा मयंक मुरारी एक विचारक और सक्रिय लेखक हैं। उनके संपूर्ण लेखन का उद्देश्य भारतीय जीवन और संस्कृति की ज्ञानात्मक समृद्धि से परिचय कराना, इतिहास, परंपरा और विरासत का वैज्ञानिक विश्लेषण करना और लोकजीवन में निहित नैतिक एवं जीवन मूल्यों को प्रस्तुत करना है। प्राचीन भारत की ज्ञान परंपरा के उपयोगी एवं अनुकरणीय तत्वों का वर्तमान सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में उसकी उपयोगिता एवं आवश्यकता पर चिंतन व शोध करते है। उन्होंने 30 सालों में अभी तक 20 से अधिक किताबें और 700 से अधिक रिपोर्ट, भारतीय समाचार पत्र और पत्रिका में लिख चुके हैं। वह उषा मार्टिन में महाप्रबंधक सीएसआर और पीआर के रूप में काम कर रहे हैं, जहां पिछले 15 सालों से गांवों के टिकाऊ विकास के प्रति संकल्पित है। वह हमारे समाज की सामूहिक जागरूकता के लिए विभिन्न मंचों से व्याख्यान भी देते है।

## एक नजर

### कसमार में काली मंदिर में घुसकर युवक ने की तोड़फोड़

**कसमार** : कसमार थाना क्षेत्र के बगदा गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक काली मंदिर के भीतर घुस गया और मूर्ति से माला, मुकुट समेत अन्य धार्मिक वस्तुओं को निकालने का प्रयास करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक जूता पहनकर मंदिर में दाखिल हुआ और अंदर घुसते ही मंदिर के कलश को तोड़ दिया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में जुट गए और युवक को पकड़कर बाहर बिजली के खंभे से बांध दिया। पूछताछ के दौरान युवक अजीबो-गरीब बातें करने लगा, जिससे ग्रामीणों को संदेह हुआ कि वह नशे की हालत में है। सूचना मिलने पर कसमार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। पकड़े गए युवक ने अपना नाम विश्वा घांसी तथा पिता का नाम सूरज घांसी बताया है, जो बगदा गांव का ही निवासी बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### चास में चापाकल चोरी की कोशिश नाकाम

**चास** : ठंड के कारण हैनियर मां कल्याणेश्वासी विद्या मंदिर स्कूल के पास कर्माकर हाउस स्थित चापाकल पर चोरों ने हाथ साफ करने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों की सतर्कता ने उन्हें बीच में ही भगा दिया। वार्ड संख्या 30 के इस चापाकल को चोरी करने का प्रयास कर रहे अज्ञात चोर आधे काम ही करके भाग निकले। स्थानीय निवासियों ने बताया कि ठंड के मौसम में लोगों का आवागमन कम होने से चापाकल कई दिनों से बंद पड़ा था, जिसका चोरों ने फायदा उठाने की कोशिश की। शोर मचाने पर चोरों को भागना पड़ा, लेकिन चापाकल को काफी नुकसान पहुंच चुका है। आगामी गर्मियों में यह चापाकल आसपास के सैकड़ों लोगों की प्यास बुझाने का प्रमुख स्रोत होता है। स्थानीय लोगों ने चास नगर निगम से तत्काल मरम्मत और सुरक्षा के लिए चौकीदार की व्यवस्था की मांग की है।

### कुशमा में गरीब व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

चास : चास प्रखंड के कुशमा गांव में सामाजिक सरोकार के तहत गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंदनकियारी विधायक के पुत्र मुकेश कांत रजक एवं चास प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान मुकेश कांत रजक ने कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। उन्होंने आगे भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्य लगातार जारी रखने की बात कही। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने कहा कि प्रशासन आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना प्राथमिकता है। इस अवसर पर चंदनकियारी विधायक के निजी सचिव प्रकाश कुमार शर्मा, संतोष रजक, दामोदर महतो, भोलू टाइगर, माथुर गोप, दुर्गा प्रसाद महतो, सुबोध गोस्वामी, सुरेश महतो, काजल चक्रवर्ती, उर्मिला देवी, अंबुज प्रमाणिक, असित मिस्त्री सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवता के प्रति एक सराहनीय कदम बताया।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का कोडरमा आगमन, खेल प्रेमियों ने किया भव्य स्वागत

# खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है यह ट्रॉफी : डीडीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड टीम के द्वारा जीती गई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी आज कोडरमा जेएससीए के द्वारा भेजी गई। ट्रॉफी का जबरदस्त स्वागत कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन और जिले के सैकड़ो खेल प्रेमियों के द्वारा किया गया । इस अवसर पर झुमरी तिलैया स्थित जिमखाना क्लब में आयोजित समारोह में कोडरमा के उपायुक्त ने अपने संदेश में कहा कि ट्रॉफी जीतना झारखंड के लिए गर्व की बात है। और ट्रॉफी का कोडरमा लाया जाना हम सब कोडरमा वालों के लिए गौरव का क्षण है । हमारे राज्य के खिलाड़ियों ने अथक मेहनत और लगनशीलता के साथ खेल कर इस ट्रॉफी को जीता है। यह झारखंड के उदीयमान क्रिकेटरों के लिए प्रेरणादायी है । इस अवसर पर उप विकास आयुक्त कोडरमा ने कहा कि यह ट्रॉफी न

- हमारे लिए गर्व की बात : उपायुक्त
- बड़े लक्ष्य को पाने के लिए इस क्षण को खिलाड़ी याद रखें निश्चित सफलता मिलेगी : डीएफओ

केवल हमारे बीच प्रेरणा के रूप में मौजूद है। बल्कि हमें इससे यह सीख लेनी है की कड़ी मेहनत और कठिन परिश्रम से बड़े से बड़े चीज को हासिल किया जा सकता है। ट्रॉफी के कोडरमा आने से यहां के खिलाड़ियों का मनोबल काफी ऊंचा होगा। डीएफओ कोडरमा ने समारोह में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस ट्रॉफी को हाथ में लेने के बाद जो गर्व की अनुभूति होती है, आप कभी भी बड़े लक्ष्य का पीछा करने के समय किसी प्रकार की संसय



की स्थिति आती है तो आज के इस क्षण को याद करियेगा निश्चित आपके हौसले बुलंद होंगे । सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नीतीश कुमार निशांत ने इस अवसर पर कहा की ट्रॉफी का कोडरमा आना यह कोडरमा के लिए गर्व की बात है। कोडरमा के खिलाड़ी आज यह निश्चय करें की कोई भी बड़े सपने को कठिन परिश्रम से हासिल किया जा सकता है। समारोह में स्वागत करते हुए सचिव दिनेश सिंह ने कहा कि झारखंड ने पहली बार यह टूनार्मेंट अपने नाम किया है। जेएससीए के सभी पदाधिकारियों की बहुत अच्छी सोच रही की सभी जिलों में इस ट्रॉफी को भेजा जाये, जिससे वहां के खिलाड़ियों के बीच यह संदेश जाये कि हमारे यहां बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रतिभा है, जरूरत है उसे उपयोग में लाने की। ट्रॉफी के कोडरमा आगमन पर जेएससीए के प्रतिनिधि सूरज पांडेय ने कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह को ट्रॉफी सौंपी। जिसे बैंड की धुन और पुष्प वृष्टि के बीच समारोह स्थल तक सम्मान पूर्वक ले जाया गया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने समारोह में मौजूद डीएफओ रौशन कुमार और उप विकास आयुक्त रवि जैन को ट्रॉफी सौंपी। समारोह के उपरांत जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और जेएससीए से आए प्रतिनिधि द्वारा जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय के नेतृत्व में समाहरणालय जाकर उपायुक्त कोडरमा को ट्रॉफी सौंपी गई।उपायुक्त कोडरमा ने भी जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा किए गए कार्य की सराहना की और जिला में खेल को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

## बाल विवाह है मौलिक अधिकारों उल्लंघन : मालती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कसमार :** महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को कसमार प्रखंड के कमलापुर में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय हुआ। इस दौरान बाल विवाह जागरूकता रथ भी विद्यालय पहुंची। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत करना था। इस दौरान बाल विवाह जागरूकता रथ भी विद्यालय पहुंची। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत करना था। इस अवसर पर वार्डन मालती कुमारी ने बताया कि यह अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही सफल हो सकता है और इसके लिए जागरूकता, सतर्कता एवं कानूनी जानकारी अत्यंत आवश्यक है। महिला सुपरवाइजर सरिता कुमारी ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के मौलिक अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। इससे बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से गहरा नुकसान पहुंचता है।

## सदर अस्पताल में नाइट ड्यूटी के दौरान डॉक्टर पर हमला, दो आरोपी हिरासत में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सदर अस्पताल में नाइट ड्यूटी कर रहे डॉक्टर विनय किंडो पर मरीज के साथ आए लोगों ने हमला कर दिया।आरोप है कि हमलावरों ने डॉक्टर के साथ धक्का-मुक्की की, उनके कपड़े फाड़ दिए और अभद्र व्यवहार किया। घटना उस समय हुई जब डॉक्टर विनय एक बेहोश मरीज की जांच कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इलाज के दौरान किसी बात को लेकर मरीज के परिजन उग्र हो गए और डॉक्टर पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना को लेकर आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद



सफी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, डॉक्टर के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं जिलेवासियों से अपील करता हूं कि डॉक्टरों के साथ ऐसा व्यवहार न करें। डॉक्टर हमेशा समाज और मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं। वहीं, घटना से आहत डॉक्टर विनय किंडो ने कहा, क्या मैं यहां मार खाने के लिए बैठा हूं? मैं अपनी ड्यूटी निभा रहा था और बेहोश मरीज की जांच कर रहा था। इस घटना के बाद अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अस्पताल परिसर में पर्याप्त सुरक्षा की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता शिविर व चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में इन दीनो चलाये जा रहे आठ दिवसीय नशा मुक्ति अभियान के तहत गुरुवार को चौथे दिन बस घरवा गांव में विधिक जागरूकता शिविर सह बच्चों के बीच नशा मुक्ति को ले चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार थे। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों तथा इसे संबंधित कानून की जानकारी सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, घर एवं परिवार के नाश का सबसे बड़ा कारण है। वही अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि नशा वह बुराई है जिसके जद में एक व्यक्ति के आने से इसका असर पूरा परिवार व समाज



पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशा के कारण कई घर बिखर चुके हैं और लगातार बिखर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नशे के कारण अपराध, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटनाएं और आर्थिक तंगी बढ़ रही है। विशेष रूप से युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है। जो उनके भविष्य और करियर को अंधकार में धकेल रही है। नशे के सेवन से व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है और सही गलत के बीच फर्क का पता नहीं चलता है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की की नशा खोरी के विरुद्ध अभियान चला कर नशा मुक्त गांव व जिला के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं। वही सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान स्कूली लड़के एवं लड़कियों के बीच नशा मुक्ति को लेकर चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के अफजाल अंसारी ने किया। मौके पर शत्रुघन कुमार पूनम देवी ऋषि राजकुमार हेमलाल कुमार सहित दर्जनों महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर का 14वां स्थापना दिवस मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जरीडीह :** जरीडीह प्रखंड के तांतरी पंचायत चौक में स्थापित श्री श्री लक्ष्मी नारायण हरि मंदिर का गुरुवार को 14 वां स्थापना दिवस विधि विधान के साथ मनाया गया जिसमें दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना में शामिल हुए। पुरोहित कृष्ण मुरारी पांडेय तथा उनके सहयोगी बलराम पांडेय ने मुख्य यजमान निर्मल मिश्रा सपत्नीक के हांथों सभी पूजन यथा अधिवास, वेदी पूजन, हवन, आरती, कुंवारी कन्याओं का चरण पूजन करने के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। देर रात तक चले भक्ति जागरण में आये कलाकारों ने एक से एक भजनों को सुनाकर वाह वाही लूटी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा, मुखिया गिरिन्द मिश्रा, पंसस माधुरी मिश्रा, उप मुखिया नमित मिश्रा, बिमल मिश्रा, राजेश, देवकुमार, तहलकांत, आरबी मिश्रा, जयदीप, बैजनाथ, जयंत मिश्रा, जालिम सिंह, गौरी सिंह व दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत कोडरमा में नुक्कड़ नाटक व विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

# नशे के सेवन से व्यक्ति नहीं पूरा परिवार नष्ट होता है : गौतम कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में इन दिनों चलाये जा रहे आठ दिवसीय नशा मुक्ति अभियान के अवसर पर आज गुरुवार को जिले के नगर क्षेत्र स्थित डोमचांच शाहिद चौक के बगल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर सह नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा



प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार मौजूद थे। नुक्कड़ नाटक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सचिव गौतम कुमार ने कहा कि नशा खोरी समाज के लिए एक ऐसा अभिशाप है जिससे व्यक्ति का मानसिक शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान होता है तथा व्यक्ति का सर्वांगीण विकास अवरुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नशा खोरी एवं अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए कई कानून बनाये गए है एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाये चलायी जा रही है ताकि पूरा देश नशा खोरी से मुक्त हो सके, नशीले पदार्थो के सेवन से किसी भी व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है और सही गलत के बीच फर्क का पता नहीं चलता है जिससे व्यक्ति किसी भी अपराधिक गतिविधियों को कारित कर देता है और कानून द्वारा उसे कठोर दंड का भागी बनना पड़ता है। इसके अलावा जहा एक ओर नशाखोरी से व्यक्ति को हर क्षेत्र में नुकसान उठाना पड़ता है वही दूसरी ओर व्यक्ति का विकास भी अवरुद्ध हो जाता है तथा उन्होंने अपील की है कि प्रत्येक व्यक्ति नशाखोरी के विरुद्ध अभियान चला कर नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी अहम् भागीदारी सुनिश्चित करानी चाहिए तभी हम स्वस्थ एवं स्वच्छ भारत के निर्माण की परिकल्पना कर सकते है तथा इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नशे के सेवन से व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा परिवार नष्ट होता है, इसलिए हर हाल में नशीली पदार्थ के सेवन से लोगों को दूर रहना चाहिए। मौके पर न्यायालयकर्मी संतोष कुमार पीएलवी सुब्रत कुमार मुखर्जी, अनुराग पांडेय, विक्की पासवान, गैर सरकारी संगठन समर्पण के मेरीयन सोरेन, मंटू कुमार, आशिक कुमार, रिंकी कुमारी, मो. पप्पू, के अलावे सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा सुरक्षा कवच योजना अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**कोडरमा :** आगामी वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 को ध्यान में रखते हुए कोडरमा जिले के छात्र-छात्राओं के बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा प्रोजेक्ट रेल के माध्यम से नियमित रूप से टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही शिक्षा सुरक्षा कवच योजना के अंतर्गत संचालित आवासीय पठन-पाठन कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षाओं की सुदृढ़ तैयारी कराई जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन कोडरमा की पहल पर शिक्षा सुरक्षा कवच योजना अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति के मूल्यांकन हेतु साप्ताहिक परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपायुक्त ऋतुराज, उप विकास आयुक्त रवि जैन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा गिफ्ट एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के माध्यम से ही बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पूरी लगन एवं आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उप विकास आयुक्त रवि जैन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश कुमार ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित अध्ययन एवं समयबद्ध तैयारी पर जोर दिया।

### सदर अस्पताल कोडरमा में दिव्यांग बोर्ड की हुई बैठक, आठ दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत



**कोडरमा :** दिव्यांग बोर्ड की बैठक सदर अस्पताल, कोडरमा में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कुल 15 मरीजों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिसमें से 08 व्यक्तियों का दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। निर्गत दिव्यांग प्रमाण पत्रों का विवरण इस प्रकार है जैसे अस्थि दिव्यांग 01, गूंगा/बहरा 02, मानसिक दिव्यांग 02, फाइलेरिया 02, लकवा 01 इसके अतिरिक्त 02 मानसिक दिव्यांग व्यक्तियों को IQ असेसमेंट हेतु रिनपास, कांके भेजा गया। दिव्यांग शिविर में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रमण कुमार, जिला भी. बी. डी. पदाधिकारी सह फिजिशियन डॉ. मनोज कुमार, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेमनाथ सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट राजीव रंजन, ऑडियोलॉजिस्ट मनोज कुमार, अनीश कुमार, कार्यालय सहायक सुनील कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### डगरनवां पुलिस पिकेट में प्रतिनियुक्त जैप हवलदार का हृदय गति रुकने से मौत



**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत डगरनवां पुलिस पिकेट में प्रतिनियुक्त जैप हवलदार का मृत्यु बुधवार रात लगभग 11 बजे हृदय गति रुकने से हो गई। मृतक की पहचान बाल कृष्णा यादव, मधेपुरा (बिहार) के रूप में किया गया है। जिसके बाद मृतक जवान को चंदवारा पुलिस केंद्र ले जाया गया। जहाँ पर जिले के पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह ने नम आंखों से सलामी एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया है एवं उनकी आत्मा को शांति को लेकर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। वही मृतक जवान के परिजनों को पुलिस कप्तान के द्वारा सहयोग राशि दिए और उनके परिवार वालो को सरकारी सुविधा दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर मेजर विद्यानचंद्र शर्मा, सार्जेंट ज्ञानेंद्रपति तिवारी, रजनीश कुमार, चंदवारा थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार, पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष प्रशांत कुमार, कोषाध्यक्ष सरोज वर्मा, जैप जवान एवं पुलिस जवान मौजूद थे।

### एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**चास :**स्टील प्लांट से जनवरी '2026 में सेवानिवृत होने वाले कुल 71 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से आज दिनाँक 08 जनवरी को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) एवं योग गुरू के बी मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से प्रणव कुमार विद्रोही, कनीय प्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बजाज एलियांज लाइफ इन्स्योरेन्स की रिलेशन मैनेजर दीप्ति वर्मा ने एनपीएस तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सेक्टर 04 शाखा के मुख्य प्रबंधक अमित कुमार एवं रिलेशनशिप मैनेजर कुञ्ज प्रकाश तथा उनकी टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। अनीता झा (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में अनाबद्ध निधि अंतर्गत विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला अनाबद्ध निधि से वित्तपोषित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक, डीआरडीए अजय तिर्की, जिला योजना पदाधिकारी सोनी कुमारी, विभिन्न कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता तथा संबंधित कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




बैठक में अनाबद्ध निधि अंतर्गत स्वीकृत विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि वर्ष 2022 से 2024 के अंतर्गत स्वीकृत एवं अब तक लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर इसी माह पूर्ण किया जाए, जबकि अन्य शेष विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में गुणवत्ता, तकनीकी मानकों, सुरक्षा प्रावधानों एवं पारदर्शिता का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यों का नियमित निरीक्षण कर भौतिक प्रगति का सत्यापन किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कार्यों में अनावश्यक विलंब अथवा अनुबंध शर्तों का उल्लंघन करने वाले संवेदकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाए, तथा आवश्यकता पड़ने पर ब्लैकलिस्टिंग की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाए। अंत में उपायुक्त ने सभी कार्यकारी एजेंसियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि जिले में संचालित विकास योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुँच सके।

## एक नजर

### पुलिस ने चलाए गए ऑपरेशन प्रहार में ब्राउन शुगर बिक्री के तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार




**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पुलिस द्वारा नशे के कारोबार के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है, इसके तहत घूम घूम कर ब्राउन शुगर बिक्री कर रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने इसकी जानकारी देते हुए कहा की पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी की उलीडीह ओपी क्षेत्र में टेम्पो से घूम घूम कर कुछ युवक ब्राउन शुगर बेच रहे है इसपर पुलिस ने जांच अभियान चलाया और सुशांत साव, अंशु कुमार, पंकज साव को गिरफ़्तार किया, इनके पास से पुलिस ने 10 ग्राम ब्राउन शुगर भी जब्त किया है, फिलहाल तीनों अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### मानगो थाना ने अभियुक्त के आवास पर चिपकाया इश्तेहार



**जमशेदपुर :** इश्तेहार तामिला रिपोर्ट गुरुवार को मानगो थाना कांड संख्या 154/23 के अ०प्रा० अभियुक्त दिनेश कुमार सिंह, पिता –स्वर्गीय भिखारी सिंह, पता – कसीडीह रोड नंबर–1, बागान नंबर–4, थाना साकक्षी के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तहार वारंट की तामिला हेतु अभियुक्त के आवास पर जाया गया। माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मानगो थाना के पुलिस पदाधिकारी द्वारा अभियुक्त के आवास के प्रमुख स्थल पर इश्तहार चिपकाकर विधिवत तामिला की गई। इस संबंध में आसपास के व्यक्तियों को भी अवगत कराया गया। उक्त इश्तहार की तामिला माननीय न्यायालय के आदेशानुसार पूर्ण की गई।

### कपाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

**चांडिल :** सरायकेला–खरसावां जिले के कपाली ओपी पुलिस ने अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को मजबूत करने का संदेश दिया है। यह कार्रवाई कपाली ओपी प्रभारी धिरंजन कुमार के नेतृत्व में की गई जिसे पुलिस की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के पास से एक अवैध 7.65 एमएम पिस्टल जिस पर यूएसए अंकित है तथा दो जिंदा गोली बरामद की है। गिरफ्तार युवक की पहचान कपाली क्षेत्र के हाशमी मोहल्ला निवासी करीब 19 वर्षीय शेख इरफान के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी युवक पिछले कुछ दिनों से अवैध हथियार के साथ वीडियो रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा था जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी की मंशा रंगदारी वसूलने की थी। कपाली ओपी पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी को हथियार कहां से मिला और उसके पीछे कौन–कौन लोग शामिल हैं। सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस सफल कार्रवाई के बाद अपराधियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम नागरिकों ने ओपी प्रभारी धिरंजन कुमार के नेतृत्व में की गई इस सख्त कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस पर भरोसा जताया है।

## सिंहभूम कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन एमए सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सिंहभूम कॉलेज चांडिल में स्नातकोत्तर सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के सम्मान में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक सफर को यादगार बनाना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज में प्राप्त ज्ञान और अनुभव जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होंगे। विद्यार्थियों ने



भी अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गीत-संगीत और संवाद ने समारोह को यादगार बना दिया। अंत में एम.ए. सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां सभी ने विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना की। मौके पर प्राचार्य डॉ सुनील मुर्मू, थे के सिंह,आर आर राकेश, अम्बिका रजक,रिया शालिनी,एस मैती,एन सी महतो,पी गोराई आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## जदयू प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस से मुलाकात कर शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर जताई चिंता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव एवं जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में वरीय पुलिस अधीक्षक, जमशेदपुर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने शहर में लगातार बढ़ रही चोरी, छिनतई, अड्डेबाजी एवं नशाखोरी की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इन आपराधिक गतिविधियों के कारण आम नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है तथा शहर की कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस पर वरीय



पुलिस अधीक्षक महोदय ने आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है और आगे भी इसे और तेज किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने यह भी अवगत कराया कि भले ही शहर में यातायात जांच अभियान चल रहा है, लेकिन सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं होने से जाम एवं दुर्घटनाओं की समस्या बनी रहती है। इस मुद्दे को लेकर भी सख्त कार्रवाई की मांग की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाने के लिए सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया में महिला की मौत के बाद हंगामा, गलत इलाज के आरोप लगाकर परिजनों ने लगाया जाम



**सरिया :** हजारीबाग जिले के चलकुशा निवासी पूरण महतो की 50 वर्षीय पत्नी अंजनी देवी की गुरुवार सुबह मौत हो गई। मृतका का इलाज सरिया के बागोडीह मोड़ स्थित उमा पॉलीक्लिनिक में चल रहा था, जहां डॉक्टर अशोक मोदी उन्हें मलेरिया बुखार का इलाज दे रहे थे। इलाज 27 दिसंबर से जारी था। 07 जनवरी की देर रात महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। चलकुशा से सरिया लाने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन सरिया पहुंचे। कुछ जनप्रतिनिधियों ने मौत का कारण डॉक्टर द्वारा गलत इलाज बताया और विवेकानंद रोड स्थित क्लिनिक के पास शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। यह जाम सुबह 9 बजे से करीब 10 बजे तक यानी एक घंटे तक चला। इस दौरान रांची–दुमका मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित रहा और हंगामा हुआ। सूचना पर सरिया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से समझा–बुझाकर जाम हटवाया। हालांकि, इसके बाद अचानक मृतका के पुत्र मनोज कुमार वर्मा ने किसी भी प्रकार का आंदोलन या हंगामा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने सरिया थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया, जिसमें कहा कि मौत को लेकर डॉक्टर पर कोई आरोप नहीं है और वे शव को बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले जाना चाहते हैं।

### अग्नि पीड़ित परिवार को मिले मुआवजा पार्षद ने दिया आश्वासन



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के रांगाटांड गांव में विगत बुधवार की शाम को ग्यारह हजार हाई टेंशन तार की चपेट में आकर गांव के रथु महतो के कई पुआल के ढेर आग की लपेट में जलकर खाक हो गया। गुरुवार को पटमदा उत्तरी जिला पार्षद खगेन महतो ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर मामले को संज्ञान लेते हुए घर के ऊपर से गुजर रहे ग्यारह हजार बोल्ट के हाई टेंशन तार को बिजली विभाग के वरीय अधिकारी से बात कर हटवाने का भी आश्वासन दिया। पार्षद ने कहा कि पीड़ित परिवार को आपदा विभाग से मिलने वाला मुआवजा दिलाने का भी प्रक्रिया किया जा रहा है। ताकि जल्द मुआवजा की राशि मिल सके । इस दौरान उनके साथ उनकी धर्म पत्नी बिंदु वाला महतो,झामुमो नेता समीर महतो,सहित कई युवा उपस्थित थे।

## बगोदर में धूमधाम से मनाया गया अमर शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** गिरिडीह जिले के बगोदर बस पड़ाव में गुरुवार को 1857 की क्रांति के अमर शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दोनों शहीदों की वीरगाथा को याद करते हुए लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम की शुरूआत दोनों शहीदों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर की गई। तत्पश्चात शहीदों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की वीरगाथा का विस्तार से वर्णन किया। शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह के दीवान और कुशल सेनापति थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ चुटूपालू घाटी में डटकर मुकाबला किया था। दोनों शहीदों ने हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बनकर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर



दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश महतो ने की, जबकि संचालन कुंजलाल साव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जेएलकेएम से बगोदर विधानसभा के पूर्व उम्मीदवार डॉक्टर मोहम्मद सलीम ने सर्वप्रथम माल्यार्पण की शुरूआत की। अपने संबोधन में डॉक्टर मोहम्मद सलीम ने शहीदों की कुबार्नी को याद करते हुए कहा कि उनकी वीरता और बलिदान आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर देश में एकता और भाईचारा कायम करना चाहिए।कार्यक्रम में मुमताज अंसारी,सलीम अख्तर, मोहम्मद मजहर, मौलाना गुलाम मुस्तफा, दिनेश साहू, ललिता कुमारी, विनोद महतो, शाहिद अंसारी, सिकंदर अली, मुमताज अंसारी, अमजद खान, सोहनलाल महतो, मोहम्मद मुख्तार, मौलाना सरफराज, मोहम्मद मजहर, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। सभी ने शहीदों को नमन करते हुए संकल्प लिया कि उनकी शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। यह आयोजन स्थानीय स्तर पर हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश देने वाला साबित हुआ, जहां विभिन्न समुदायों के लोग एकजुट होकर शहीदों को याद कर रहे थे।

### जिला पार्षद गीतांजलि महतो ने सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन



**पटमदा :** बोड़ाम जिला पार्षद गीतांजलि महतो ने गुरुवार को जिले के सिविल सर्जन से मिलकर एक ज्ञापन सौंपकर बोड़ाम में एक 108 एंबुलेंस सुविधा,लावजोड़ा पीएचसी में एम बी बी एस डॉक्टर उपलब्ध करवाने,सहित सीएचसी माचा में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध करवाने सहित कई मांगो को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग रखी। जिससे क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। ताकि किसी भी जरूरतमंद को स्वास्थ्य सुविधा के लिए भटकना ना पड़े।

## मकर संक्रांति मेला को लेकर चांडिल अनुमंडल में शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** मकर संक्रांति 2026 के अवसर पर जयदा मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले मेला को लेकर चांडिल अनुमंडल कार्यालय में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय ने की। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिन्हा, चारु चंद किस्कू सहित अनुमंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मेला व्यवस्था को लेकर कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। मेला क्षेत्र में स्वच्छता एवं साफ-सफाई, नियमित कचरा निस्तारण, महिला



एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग शौचालय, गोताखोरों की तैनाती, पर्याप्त लाइटिंग, तथा मैन पैक/सहायता केंद्र की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त रहेगा। छेड़खानी एवं चोरी की घटनाओं पर विशेष नजर रखी जाएगी। मेला क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। साथ ही चांडिल थाना एवं चौका थाना पुलिस द्वारा प्रतिदिन ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मकर संक्रांति मेला को सुरक्षित, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य रूप से चांडिल सीओ प्रदीप कुमार महतो , ईचागढ़ बीडीओ एकता वर्मा, नीमडीह बीडीओ अभिनव कुमार, चांडिल थाना प्रभारी दिलसन बिरुआ, चौका थाना प्रभारी सनु कुमार आदी उपस्थिति रहें।

**कार्यालय, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, काँके, राँची–834006**
**(OFFICE OF THE INSTITUTE OF ANIMAL HEALTH & PRODUCTION KANKE, RANCHI – 834006)**
**Email id** – iahp.kankeranchi@yahoo.com

RFQ No..................../ 2026

INVITATION FOR QUOTATIONS (RFQ)

Sealed quotations are invited from eligible suppliers for supply of Ranikhet Disease (New Castle Disease) Vaccine for poultry as per details below:

1. Ranikhet Vaccine F – Strain - 7,50,000 Doses (Presentation 100 dose/vial)
2. Ranikhet Vaccine $R_2B$ Strain - 7,50,000 Doses (Presentation 100 dose/vial)

Estimated cost – approximately 5 lakhs
Delivery at IAHP, Kanke, Ranchi – 834006 maintaining cold chain
Quotation submission on or before **15.01.2026 upto 3 PM**
Quotation submission Place IAHP, Kanke, Ranchi – 834006
Opening of quotations **16.01.2026 at 2 PM**

Rates with packaging and transportation should be quoted per vial both inclusive and exclusive of GST

Undersigned reserves the right to accept or reject any or all quotations without assigning any reason

Details of term and conditions can be seen on notice board of IAHP, Kanke, Ranchi - 6

Sd/-
Director,
IAHP, Kanke, Ranchi

PR 370263 Animal Husbandry(25-26)#D

**Civil Surgeon Office Latehar**
**Government of Jharkhand**

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**

**For Installation of City Scan (CT Scan) – 64 Slice or Higher (Turnkey Basis)**
**District Hospital, Latehar, Jharkhand**

**1. Purpose of EOI**

The **Office of the Civil Surgeon, District Hospital, Latehar (Jharkhand)** invites **Expression of Interest (EOI)** from **reputed Original Equipment Manufacturers (OEMs), authorized vendors, or system integrators** for the **supply, installation, commissioning, and operationalization of a CT Scan (64-slice or higher)** on a **turnkey basis**.

The interested vendors are required to submit **detailed technical proposals, turnkey installation plans, statutory compliance approaches, operational and maintenance models, and indicative financial estimates**, including equipment cost, installation cost, and post-warranty AMC/CMC details.

The EOI is being issued for **market assessment and planning purposes**, and the information received shall be utilized for the preparation of a **detailed Request for Proposal (RFP)/Tender document**. Submission of EOI does **not** confer any right for award of contract.

**Note – Before completing the Proposals you are requested to visit Civil surgeon office for site inspection all the details should be prepared according to the site.**

EOI No.-01/2026
Date of Issue: 10.01.2026
Last Date of Submission of EOI: -19.01.2026

Civil Surgeon
Latehar

PR 370321 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

**कार्यालय झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– **J.M.C/10/2025-26** **Date – 08-01-2026**

| क्र0 सं0 | मद का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला अनाबद्ध निधि | Construction of Solar Energy Based Water Supply Scheme With Galvanized Tubular Steel Structure T/W Solar Panel Mounted on ESR At Birhor Colony Ward No. -02. | 6,99,900 | 13,998 | 5000 | 2 Month |

1. Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 10.01.2026 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.01.2026 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 19.01.2026 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 8505948858, 7488307989
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0), दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 370322 (Urban Development) 25-26 (D)

# वर्षों से न्याय के इंतजार में पीढ़ियां-दर-पीढ़ियां

केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के गत वर्ष के आंकड़ों की ही मानें तो देश के उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में ही 65 लाख से अधिक मुकदमे निर्णय के इंतजार में दशकों से प्रतीक्षारत हैं। 3 हजार से अधिक मामले तो 50 साल भी अधिक समय से लंबित हैं। 10 साल या इससे अधिक समय से निर्णय का इंतजार कर रहे मुकदमों की बात करें तो यह संख्या इतनी अधिक है कि सोचने पर मजबूर कर देती है। देश के 25 उच्च न्यायालयों व राज्यों के जिला अदालतों में लबित मुकदमों की बात की जाएं तो यह सामने आ रहा है कि 54 लाख 58 हजार 832 मुकदमे 10 से 20 साल की अवधि के हैं और निष्पादन का इंतजार कर रहे हैं। 20 से 30 साल और 30 से 40 साल की अवधि के निर्णय के इंतजार के मुकदमे भी लाखों में हैं। सालों से लोक अदालतें भी लग रही हैं पर मुकदमों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। अदालतों की कार्यप्रणाली पर टिप्पणी नहीं की जा सकती क्योंकि नित नए सुधार और मुकदमों के अंबार से स्वयं अदालतों में बैठे माननीय न्यायाधीश, सर्वोच्च अदालत और सरकार चिंतित और गंभीर है। इसका हल खोजने के प्रयास जारी हैं। चिंता की बात यह है कि उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में 50 साल से अधिक समय से आज भी 3442 मुकदमे चल रहे हैं। इनमें से 2329 मुकदमे उच्च न्यायालयों व 1113 मुकदमे जिला न्यायालयों में पेंडिंग हैं। मुकदमों की संख्या को लेकर सवाल नहीं है क्योंकि यदि 50 साल से एक मुकदमा भी पेंडिंग है तो यह अपने आप में गंभीर है। सवाल 50 साल की अवधि का विश्लेषण करने का भी है। 50 साल की अवधि का मतलब कई मामलों में तो निश्चित रुप से अदालतों में हाजिरी देते-देते दो से तीन पीढ़ियां खप गई होंगी। दोनों ही अदालतों में 50 साल से अधिक अवधि के लंबित मुकदमों में सिविल प्रकरण ही अधिक है। निश्चित रुप में इनमें से अधिकांश मामले जमीन जायदाद को लेकर होंगे। हालांकि दोनों अदालतों के मिलाकर 459 मुकदमें आपराधिक श्रेणी के हैं और 50 साल से अधिक समय से निर्णय के इंतजार में है। अब आज से 50 साल पहले जिसने भी जैसा भी अपराध किया था या जिसने भी जैसा भी अपराधी के कारण मानसिक-शारीरिक संताप या प्रताड़ना झेली थी उनमें से कई तो हो सकता है दुनिया में न हों या उनकी शारीरिक-मानसिक हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर इस समस्या पर गंभीर चिंतन किया जाता रहा है। इसके समाधान खोजने के प्रयास भी किये जाते रहे हैं। अच्छी बात है कि अब सर्वोच्च न्यायालय में माननीय न्यायाधीशों के अधिकांश पद भरे रहने लगे हैं। समग्र प्रयासों से उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों के न्यायमूर्तियों के पद भी भरने के प्रति गंभीर प्रयास जारी हैं। पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि एक मोटे अनुमान के अनुसार उच्च न्यायालयों के करीब 1100 से अधिक स्वीकृत पदों में से 300-350 से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। जहां तक जिला अदालतों का प्रश्न है, एक मोटे अनुमान के अनुसार करीब 4 से 5 हजार पद रिक्त हैं। इसमें दो राय नहीं कि इससे काम प्रभावित होता है। पर दस साल से अधिक के कुल मिलाकर 65 लाख से अधिक मुकदमों में निर्णय का इंतजार कहीं ना कहीं हमारी व्यवस्था पर प्रश्न तो उठाता ही है। इसी तरह से निस्तारण में देरी के लिए किसी पर दोष जड़ने से भी कोई समाधान नहीं होने वाला है। यह कोई विवाद का विषय भी नहीं होना चाहिए। कुछ इस तरह का सिस्टम विकसित करना होगा जिससे पुराने मुकदमों को प्राथमिकता से निपटाया जा सके। सरकार ने कुछ माह पहले कानून में संशोधन कर सुधार की दिशा में कदम बढ़ाये हैं। उससे निस्तारण की समय-सीमा तय होगी। पर कुछ इस तरह का रोस्टर सिस्टम या केवल और केवल पुराने मुकदमों के निस्तारण के लिए अलग से ही माननीय न्यायाधीशों की बेंच बना दी जाएं तो प्राथमिकता से वर्षों से न्याय की आस में चल रहे मुकदमों का निष्पादन हो सके। न्यायालयों व सरकार दोनों के पास मुकदमों की वर्षवार बकाया सूची उपलब्ध है। यह तय हो जाए कि प्रति कार्यदिवस निश्चित संख्या में पुराने मुकदमों की भी सुनवाई होगी तो बैकलॉग निपटाना आसान हो जाएगा।

## सूडोकु नवताल- 7669

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7668 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# भूख से मुक्ति का राष्ट्रीय संकल्प है अटल कैंटीन योजना

ललित गर्ग

भूख केवल एक शारीरिक पीड़ा नहीं है, वह सामाजिक असंतुलन, मानसिक कुंठा और नैतिक विचलन की जननी भी है। इतिहास साक्षी है कि जब पेट खाली होता है, तो विचार उग्र हो जाते हैं, व्यवस्था के प्रति विश्वास डगमगाने लगता है और विद्रोह की भावना पनपती है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे पहली जिम्मेदारी यह होती है कि उसका कोई भी नागरिक भूखा न रहे। इसी बुनियादी और मानवीय सोच के साथ दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार द्वारा शुरू की गई रुपये 5 में भोजन उपलब्ध कराने की 'अटल कैंटीन योजना' निस्संदेह एक दूरदर्शी, करुणामय, मानवीय और जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना का उद्देश्य अत्यंत स्पष्ट और मानवीय है कि दिल्ली में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। राजधानी जैसे महानगर में, जहाँ एक ओर समृद्धि और चमक-दमक है, वहीं दूसरी ओर असंगठित श्रमिक, दिहाड़ी मजदूर, रिक्शाचालक, ठेला-पटरी वाले, घरेलू कामगार और बेघर लोग भी बड़ी संख्या में रहते हैं। इनके लिए दो वक्त का सम्मानजनक और पौष्टिक भोजन आज भी एक चुनौती बना हुआ है। अटल कैंटीन योजना इन्हीं वर्गों के लिए जीवनरेखा बनकर सामने आई है, जो 'संकल्प से सिद्धि' के लक्ष्य को दर्शाता है और इसे देश में भोजन सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस योजना का शुभारंभ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर किया जाना केवल एक औपचारिक तिथि चयन नहीं, बल्कि एक वैचारिक निरंतरता का प्रतीक है। अटलजी का संपूर्ण राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन अंत्योदय अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के विचार से प्रेरित रहा। वर्ष 2000 में शुरू की गई अंत्योदय अन्न योजना ने यह स्पष्ट कर दिया था कि अटलजी के लिए गरीब केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि नीति का केंद्र था। उस योजना के अंतर्गत अत्यंत गरीब परिवारों को रियायती दरों पर अनाज उपलब्ध कराया गया, जिससे करोड़ों लोगों को भुखमरी से राहत मिली। अटल कैंटीन योजना उसी सोच का आधुनिक शहरी संस्करण है, जहाँ अनाज के बजाय तैयार, पौष्टिक और स्वच्छ भोजन सीधे थाली में परोसा जा रहा है। यह नीतिगत निरंतरता इस बात का प्रमाण है कि सुशासन केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि संवेदनशील क्रियान्वयन से साकार होता है। अटल कैंटीन में भोजन की कीमत रुपये 5 रखी गई है, जबकि सरकार प्रत्येक थाली पर रुपये 25 की सब्सिडी दे रही है। यह मूल्य निर्धारण अत्यंत सोच-समझकर किया गया है। भोजन पूरी तरह मुफ्त न देकर एक न्यूनतम राशि तय करने का उद्देश्य यह है कि भोजन की कद्र बनी रहे और लाभार्थी इसे भीख नहीं, बल्कि अधिकार और सम्मान के रूप में ग्रहण करें। यह नीति सामाजिक मनोविज्ञान को समझने का उत्कृष्ट उदाहरण है।

रेखा गुप्ता सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद जनकल्याण



को प्राथमिकता देते हुए जिस संवेदनशीलता, निर्णय क्षमता और प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया है, वह उनके प्रभावी राजनीतिक नेतृत्व को रेखांकित करता है; अटल कैंटीन जैसी योजनाएँ बताती हैं कि वे शासन को सत्ता नहीं, सेवा का माध्यम मानती हैं। किंतु सर्दी के इस कठोर मौसम में दिल्ली की सड़कों, फुटपाथों और फ्लाईओवरों के नीचे ठिठुरती रातें काटने को विवश गरीब और बेघर लोगों के लिए केवल मौसमी रैन-बसेरे पर्याप्त नहीं हैं, आवश्यकता एक स्थायी, समन्वित और मानवीय शीत-रक्षा योजना की है, जिसमें अस्थायी आश्रय के साथ गरम वस्त्र, पौष्टिक भोजन, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा और पुनर्वास की स्पष्ट व्यवस्था हो, ताकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजधानी की सड़कों पर कोई भी व्यक्ति सर्द रात में बेसहारा और अदृश्य न रहे; ऐसा कदम न केवल प्रशासनिक संवेदनशीलता का प्रमाण होगा, बल्कि लोकतंत्र की नैतिक जिम्मेदारी का भी सशक्त निर्वाह बनेगा। महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि उपलब्ध कराया जा रहा भोजन पोषण मानकों के अनुरूप है। भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एफएसएसएआई मानकों का पालन किया जाता है, जिसमें प्रति थाली 700-800 कैलोरी और 20-25 ग्राम प्रोटीन होता है। डिजिटल टोकन, सीसीटीवी और निगरानी के साथ पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती है। प्रत्येक कैंटीन प्रतिदिन लगभग 1000 लोगों को भोजन परोसने की क्षमता रखती है, और 100 कैंटीन खोलने का लक्ष्य है। दाल, सब्जी, रोटी/चावल जैसे संतुलित आहार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें आरओ वाटर एवं अचार आदि भी परोसा जा रहा है ताकि यह योजना केवल पेट भरने तक सीमित न रहकर स्वास्थ्य सुधार में भी योगदान दे सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा गरीबों और निम्न आय वर्ग के लिए मुफ्त एवं रियायती अनाज योजनाएँ लगातार संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी पहलों ने संकट काल में करोड़ों परिवारों को राहत दी है। इन योजनाओं का मूल दर्शन यही है कि भूखा नागरिक न आत्मनिर्भर बन सकता है और न ही राष्ट्रनिर्माण में भागीदार। रेखा गुप्ता सरकार की अटल कैंटीन योजना इन राष्ट्रीय प्रयासों के साथ सामंजस्य स्थापित करती है। यह दर्शाती है कि केंद्र और राज्य, यदि समान मानवीय दृष्टि से काम करें, तो सामाजिक समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से संभव है। समाजशास्त्र और अर्थशास्त्र दोनों ही इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि भुखमरी और अपराध के बीच गहरा संबंध होता है। जब व्यक्ति की मूल आवश्यकताएँ पूरी नहीं होतीं, तो वह व्यवस्था के प्रति विद्रोही दृष्टिकोण अपनाने लगता है। यही कारण है कि अनेक महान नेताओं ने यह कहा है कि गरीब को पहले रोटी दो, उपदेश बाद में। भूखे को खिलाना किसी प्रकार का राजनीतिक प्रलोभन नहीं है। यह सच्ची राष्ट्रभक्ति, मानवीय कर्तव्य और सामाजिक सुरक्षा का आधार है। अटल कैंटीन जैसी योजनाएँ अपराध को नियंत्रित करने, सामाजिक असंतोष को कम करने और लोकतंत्र में विश्वास को मजबूत करने का कार्य करती हैं। हालांकि, किसी भी जनकल्याणकारी योजना की सफलता केवल उसकी घोषणा से नहीं, बल्कि उसके पारदर्शी, निगरानी और ईमानदार क्रियान्वयन से तय होती है। यह अत्यंत आवश्यक है कि अटल कैंटीन योजना को भ्रष्टाचार, अपव्यय और लापरवाही से पूरी तरह मुक्त रखा जाए। खाद्य सामग्री की खरीद, भोजन की गुणवत्ता, लाभार्थियों की पहुँच, वित्तीय प्रबंधन और संचालन व्यवस्था-हर स्तर पर सख्त निगरानी, नियमित ऑडिट और सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि इस योजना में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार प्रवेश करता है, तो वह न केवल सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग होगा, बल्कि गरीब के विश्वास के साथ भी विश्वासघात होगा।

दिल्ली की यह पहल देश के अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकती है। शहरीकरण के इस दौर में लगभग हर बड़े शहर में श्रमिक और निम्न आय वर्ग भोजन संकट से जूझ रहा है। यदि प्रत्येक राज्य अपनी परिस्थितियों के अनुसार ऐसी योजनाएँ विकसित करे, तो देश से भुखमरी को काफी हद तक समाप्त किया जा सकता है। यह समझना आवश्यक है कि ऐसी योजनाएँ खर्च नहीं, बल्कि सामाजिक निवेश हैं। यह निवेश समाज को स्थिरता, शांति और विश्वास लौटाता है। अंततः रुपये 5 की थाली केवल भोजन नहीं है। यह करुणा, गरिमा और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति है। यह अटल बिहारी वाजपेयी की अंत्योदय सोच और नरेन्द्र मोदी के वर्तमान नेतृत्व की मानवीय दृष्टि का सार्थक संगम है। रेखा गुप्ता सरकार की यह पहल यह संदेश देती है कि सुशासन वही है, जो सबसे पहले सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुँचे। यदि इस योजना को पारदर्शिता, ईमानदारी और निरंतरता के साथ आगे बढ़ाया गया, तो यह न केवल दिल्ली, बल्कि पूरे देश के लिए भूख-मुक्त भारत की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध होगी।

# हजारीबाग की बेटी रंजना के जज्बे को सलाम

विजय केसरी

झारखंड प्रांत के हजारीबाग जिले की बेटी रंजना ने जीवन की हर दुश्वारियों और चुनौतियों का सामना कर आखिरकार सीमा सुरक्षा बल की एक जवान बनकर अपनी मंजिल तक पहुंची ही गई। अब वह टाटी झरिया प्रखंड के अमनारी गांव की पगडंडियों से निकलकर राजस्थान की तप्ती जमीं पर एक सीमा सुरक्षा बल की प्रहरी के रूप में देश की सीमा की रक्षा करने जा रही है। रंजना की यह संघर्ष यात्रा और सफलता की कहानी सकल समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने अपने जुझारू संघर्ष से कविता की इन पंक्तियों को सार्थक कर दी कि वीर तुम बढ़े चलो, धीर तुम बढ़े चलो, सामने पहाड़ हो, सिंह की दहाड़ हो, वीर तुम बढ़े चलो। रंजना ने मात्र नौ साल की उम्र में अपने पिता मनोज कुमार कुशवाहा को खो दिया था। उनके पिता की निर्मम हत्या कर दी गई थी। उसने अपनी मां और और बहनों को भी लगाते हुए देखा था। रंजना भी पिता के हमेशा हमेशा के लिए चले जाने पर बहुत रोई थी। लेकिन होनी को कौन टाल सकता है? अब तो उसके पिता की हत्या हो गई थी। उनके पिता अब कभी वापस आने वाले नहीं थे। मां, नूतन देवी आंगनबाड़ी की सहायिका के रूप में कार्य कर रही थी। उसके कंधों पर घर की पूरी जवाबदेही आ गई थी। तीनों बच्चियां छोटी थी। लेकिन इस विषम परिस्थिति में रंजना की मां ने हिम्मत से काम लिया। और उसने अपने पति के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए पूरी निष्ठा के साथ परिवार का बोझ उठाने का कमर कस ली थी। अपनी माता श्री के संकल्प को जमीन पर उतरने के लिए तीनों बेटियां मां के कार्यों में पूरी निष्ठा के साथ जुड़ गईं। तीनों बेटियों ने मां को कभी यह एहसास नहीं होने दिया कि उनकी बेटियां किसी भी मायने में बेटों से कमतर नहीं है। मां की इस संघर्ष यात्रा में तीनों बेटियों ने जिस तरह से अपनी भूमिका अदा की हैं, निश्चित तौर पर अनुकरणीय है।

नूतन देवी की तीनों बेटियां बचपन से ही पढ़ने में मेधावी रही हैं। तीनों अनुशासन प्रिय और बड़ों का सम्मान करती आई हैं। यही कारण है कि आज तीनों बेटियां अपने-अपने मुकाम पर धीरे-धीरे कर पहुंचती चली जा रही हैं। तीनों बेटियों ने आज तक कोई ऐसा काम नहीं किया, जिससे कि उनकी मां को कोई परेशानी हो बल्कि हर संभव मदद ही करती रही हैं। यही कारण है कि आज पूरा अमनारी गांव इन तीनों बेटियों का नाम लेते नहीं थकते हैं। ग्राम वासी उन तीनों बेटियों के बढ़ते कदम से बहुत ही उत्साहित हैं। वे सभी अपने-अपने बच्चों को संजना, रंजना और अंजलि जैसे बनने का उदाहरण देते हैं। रंजना के सर से जब साया छिन गया था, तब उसकी उम्र मात्र नौ वर्ष की थी। उसे बहुत दुनिया की समझ नहीं थी। फिर भी उसने इस उम्र में यह संकल्प ले लिया था कि वह कभी भी अपनी मां के लिए दुःख कारण नहीं बनेगी बल्कि मां के झंझावातों में पूरा सहयोग करेगी। रंजना बचपन से ही तेज तर्रार और दौड़ने धूपने वाली एक बालिका रही हैं। एक साहसिक बालिका भी रही हैं। वह गांव की अन्य बच्चियों से थोड़ा हटकर थीं। वह बचपन से ही अनुशासन प्रिय रहीं। वह कम बोलती जरूर है, पर समय पर हुंकार लगाने से चुकती भी नहीं है। वह बचपन से ही झूठ का प्रतिकार करती रही हैं। यह स्वभाव आज भी उसका उसी तरह बना हुआ है। वह जैसे-जैसे आगे की कक्षा में बढ़ते गईं, उसकी समझ उस रूप में विकसित होने लगी। उसने उसी उम्र में यह मन बना लिया कि वह देश के लिए कुछ अलग करेगी। लेकिन उसे यह समझ में नहीं आ रही थी कि उसे पढ़ लिखकर क्या बनना है? क्या करना है? वह बराबर अपने से बड़े परिवार के सदस्यों और शिक्षकों से यह बात जरूर पूछा करती थी कि पढ़कर क्या बनूं? इस सवाल पूछने के क्रम में उसे कई तरह के सुझाव मिलते रहे थे। वह इन सुझावों को बहुत ही गंभीरता के साथ सुना करती थी। इन सुझावों पर मनन भी किया करती रही थी। इसके ही वह बहुत ही मेहनत लगाकर अपनी पढ़ाई जारी रख रही थी। वह अपनी पढ़ाई पूरी करते हुए, मां के काम में भी सहयोग किया करती थीं। मां को किसी भी तरह की परेशानी होने पर वह तन मन से सहयोग भी किया करती रही थीं। कभी-कभी उनकी मां अपने पति की याद में रो पड़ती तो सहारा बनकर रंजना ढांढस बंधाने में लग जाती थी।

रंजना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने ही गांव अमनारी के एक सरकारी मध्य विद्यालय से पूरी की थी। उसने प्लस टू की शिक्षा बगल के गांव झरपो के एक उच्च विद्यालय से पूरी की थी। वह सभी परीक्षाओं में अच्छे प्राप्तांक प्राप्त कर आगे बढ़ते रही हैं। फिलहाल वह विष्णुगढ़ डिग्री कॉलेज से इतिहास विषय लेकर स्नातक की परीक्षा देने वाली है। उम्मीद है कि वह इस परीक्षा में भी पूर्ववत तरह सफल रहेंगी। प्लस टू करने के बाद वह मन बना ली थी की देश की एक सिपाही बनेगी। इसीलिए उसने रांची में एसएससी द्वारा आयोजित बीएसएफ की परीक्षा दी थी। इस परीक्षा में वह सफल हुई। इस परीक्षा में सफल होने के उपरांत उसने सिलीगुड़ी में कठिन सैन्य परीक्षित प्रशिक्षण पूरा किया अब। यह सैन्य प्रशिक्षण कोई मामूली प्रशिक्षण नहीं होता है। यह सैन्य प्रशिक्षण भी एक चुनौती के रूप उसके सामने जरूर आया, लेकिन उसने अपने अदम्य साहस कौशल बुद्धिमता से पूर्ण कर बीएसएफ का एक सफल जवान बन चुकी हैं। रंजना के संबंध में यह लिखते हुए गर्व होता है कि उसकी पहली तैनाती राजस्थान में भारत - पाकिस्तान सीमा पर होने जा रही है। रंजना अपनी पहली तैनाती को लेकर बहुत ही खुश है। उसे गर्व हो रहा है कि भारत माता की एक बेटी के रूप में सीमा की सुरक्षा करने का उन्हें अवसर प्राप्त हो रहा है।

रंजन बहुत छोटी उम्र से ही अपने परिवार का आर्थिक रूप से भी मदद करती चली आ रही हैं। जब वह सातवीं कक्षा भी पास नहीं कर पाई थीं कि वह गांव के बच्चों और बच्चियों को ट्यूशन पढ़ाकर कुछ पैसे जोड़ना शुरू कर दी थीं। जैसे जैसे वह आगे की कक्षा में बढ़ती गईं, ट्यूशन पढ़ने वाले बच्चों की संख्या भी बढ़ती चली गई थीं। उसने अपनी पढ़ाई का पूरा खर्चा स्वयं ही वहन कर लिया करती रही हैं। वह ट्यूशन पढ़कर शेष बचे पैसे को अपने परिवार के लालन पालन खर्च कर दिया करती थीं। उसकी बड़ी बहन संजना की शादी जब प्रशांत रंजन से हुई थी, तब रंजन ने ट्यूशन पढ़कर जो पैसे जमा की थी, अपनी बड़ी बहन की शादी में हंसते हुए खर्च कर दी थी। वह कर उसने नारी शक्ति का परिचय दिया है। आज जो लोग लड़कियों को बोझ समझते हैं, उन सबों के लिए, रंजना एक उदाहरण है। लड़कियां किसी भी मायने में लड़कों से काम नहीं होती हैं। इस बात को रंजना ने अपने कार्य और व्यवहार से सिद्ध कर दिया है।

रंजना ने कहा कि जब पहली बार सीमा सुरक्षा बल की वर्दी पहनकर आईने के सामने खड़ी हुई तो पिता का चेहरा सामने आ गया। मां का संघर्ष सामने आ गया। उसकी आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। मेरी सफलता उन सभी लड़कियों के लिए है, जो घोर अभाव में भी हिम्मत और संघर्ष का दामन कभी छोड़ नहीं बल्कि संघर्ष को ही अपना जुनून बनाकर आगे बढ़ी और मंजिल तक पहुंच पाई। आगे उन्होंने कहा कि इस कामयाबी का श्रेय केवल खुद पर नहीं बल्कि अपने परिवार के सभी सदस्यों सहित शिक्षक गणों को देती हूं जो विपरीत परिस्थितियों में भी उन सबों ने मेरा साथ नहीं छोड़ा।

# स्मृति शेषः कथा जगत को सूना कर गए ज्ञानरंजन

मुकुंद

साहित्यिक पत्रिका पहल के संपादक और प्रख्यात कथाकार ज्ञानरंजन कथा जगत को सूना कर गए। 07 जनवरी की रात जबलपुर में 90 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। इसी के साथ हिंदी साहित्य के महत्वपूर्ण युग का अवसान हो गया है। ज्ञानरंजन को अप्रतिम कथाकार और यशस्वी संपादक के रूप में जाना जाता है। उनके जाने से देश की प्रगतिशील साहित्यिक चेतना की सशक्त आवाज शांत हो गई। साठोत्तरी कहानी आंदोलन के प्रमुख हस्ताक्षर ज्ञानरंजन का जन्म 21 नवंबर 1936 को हुआ था। वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ सुमन के पुत्र ज्ञानरंजन ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद जबलपुर के प्रतिष्ठित जीएस कॉलेज में हिंदी के प्रोफेसर के रूप में अध्यापन किया।

उनकी पहली कहानी 'दिवास्वप्नी' लिखी। इसके बाद 'कबाड़खाना', 'क्षणजीवी', 'सपना नहीं', 'फेंस के इधर और उधर' और 'प्रतिनिधि कहानियां' जैसे संग्रहों के माध्यम से उन्होंने हिंदी कथा साहित्य में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी कहानियां काव्यात्मकता, भाषा के अनूठे प्रयोग, तीखे तेवर और नई शैली के लिए चर्चित रहीं ज्ञानरंजन 'चार यार' के रूप में प्रसिद्ध साठोत्तरी पीढ़ी के समूह का हिस्सा रहे। इन चार यारों में दूधनाथ सिंह, काशीनाथ सिंह, रवींद्र कालिया और 'वह' हैं। उन्होंने लगभग 35 वर्ष तक पहल संपादन और प्रकाशन किया।

उन्हें सोवियत लैंड नेहरू अवार्ड, साहित्य भूषण सम्मान, शिखर सम्मान, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान और ज्ञानपीठ का ज्ञानगरिमा मानद अलंकरण सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। उनकी कहानियों का भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवाद हुआ और वे कई विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल हैं। उनके जीवन और कृतित्व पर दूरदर्शन एक फिल्म का निर्माण भी कर चुका है। ज्ञानरंजन ने 'पिता', 'अमरूद' जैसी कहानियों में मध्यवर्गीय जीवन की आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक जटिलताओं को जीवंत किया। उनकी कहानियां समाज के सभी वर्गों के मनोभाव की गहरी पड़ताल करती हैं। ज्ञानरंजन के छह कहानी संग्रह प्रकाशित हुए हैं। इनकी कहानियों की कुल संख्या 25 है। यह 'सपना नहीं' संकलन में एकत्र हैं। उनकी अनूठी गद्य रचनाओं की एक किताब कबाड़खाना बहुत लोकप्रिय हुई। उन्होंने कहानियों के अतिरिक्त भी साहित्य की कई विधाओं में लेखन किया। ज्ञानरंजन की कहानियां भारतीय विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त ओसाका, लंदन, सैन फ्रांसिस्को, लेनिनग्राद, और हाइडेलबर्ग आदि के अनेक अध्ययन केंद्रों के पाठ्यक्रमों में शामिल हैं।


आखिरी पलों में जबलपुर में ज्ञानरंजन के पास रहे कृष्णकांत वर्मा 'टिल्लू' फोन करते ही रो पड़े। टिल्लू की बड़ी बेटी बोल्या की शादी में ज्ञानरंजन और उनकी पत्नी रातभर रुके थे। तब इस बकलम की उनसे लंबी मुलाकात हुई थी। यह कुछ साल पहले की बात है। वो तब मौजूदा कथा परिदृश्य से काफी निराश लग रहे थे। विचारोत्तेजक कहानियों की कमी उन्हें साल रही थी। वह पहल के प्रकाशन को स्थगित करने के अपने फैसले को भी कोस रहे थे। फिर बोले-जो हुआ, अच्छा ही हुआ। सुबह जाते वक्त बोल गए थे, अगली दफा जबलपुर आएं तो '101, रामनगर, आधारताल' जरूर आएं। यही उनका और पहल का पता ठिकाना था। ताकीद किया था कि टिल्लू को भी साथ में ले आना। अफसोस तब से जबलपुर ही जाना न हो सका। टिल्लू हमारे देशबंधु की नौकरी के समय एकमात्र साथी हैं। उनसे पहल और ज्ञानरंजन जी के खूब किस्से सुने हैं। फेसबुक में शोकाकुल उनके प्रशंसकों और परिचितों में वरिष्ठ पत्रकार सुनील श्रीवास्तव भी हैं। उन्होंने लिखा, "पत्रकार और रंगकर्मी राकेश दीक्षित और अनिल रंजन भौमिक के पोस्ट से दुखद खबर मिली कि आदरणीय ज्ञानरंजन जी हम सब को छोड़ कर चले गए। कब-कैसे मालूम नहीं हो सका। साठोत्तरी पीढ़ी के सबसे सशक्त रचनाकार और पहल के माध्यम से साहित्यिक और प्रगतिशील सोच को सशक्त मंच देने वाले ज्ञान जी से उनकी रचनाओं के माध्यम से तो बहुत पहले से ही साक्षात्कार हो चुका था, लेकिन जब 1981 में धर्मयुग छोड़कर हितवाद में काम करने जबलपुर गया तब उनको बहुत नजदीक से जानने का अवसर मिला। न सिर्फ अवसर बल्कि स्नेह भी भरपूर मिला जो अब तक मिलता रहा। न जाने कितने लेखकों को उन्होंने न सिर्फ मंच दिया, बल्कि उन्हें साहित्य का मुकम्मल जहां भी दिया।

सुनील श्रीवास्तव कहते हैं, "मृत्यु की खबर मिलते ही मैंने जब प्रकाश चन्द्रायन को नागपुर फोन किया तो उन्होंने बताया कि अभी साढ़े दस बजे उनकी मृत्यु हुई। पांच दिसम्बर को वह बेटे शांतनु (पाशा) के पास से जबलपुर गए थे। अमेरिका से उनकी बेटी भी आ गई थी। अभी कुछ महीनों पूर्व मैंने सम्पर्क करने की कोशिश की तो उनकी तबीयत खराब थी। मुझे याद आ रहा है वह दिन जब वह अक्सर जब नागपुर में होते थे, तो लोकमत जरूर आते थे और प्रकाश जी, हम और ज्ञान जी खूब बातें करते थे, जिसमें सभी विषय शामिल होते। प्रकाश जी ने उनसे कुछ न- न करते भी लिखवा ही लिया करते थे। भाऊ समर्थ भी बहस में शामिल होते थे। भाऊ से भी मेरी पहचान ज्ञान जी ने ही कराई थी।

वरिष्ठ पत्रकार सुनील श्रीवास्तव लिखते हैं, "मुझे याद आ रहा है कि जबलपुर में उनका घर कैसे साहित्यिक गतिविधियों का केंद्र बना था। भागवत रावत हों या कमला प्रसाद जब भी उनके यहां आते थे तो साहित्यिक उत्सव अपने आप बन जाता था। बाबा या कोई अन्य रचनाकार जब बाहर से आता था तो ज्ञान जी ही जबलपुर में उनका स्वागत करते थे। जब उत्सव शमशेर का आयोजन ज्ञान जी ने किया था, तब बाबा उन्हीं के यहां रुके थे। एक कमरा ऊपर का हरी भटनागर को दिया था।

## दैनिक पंचांग

**9 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.08 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | कुंभ | 08.55 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.28 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.58 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 13.38 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 15.36 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 17.50 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 20.06 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 22.18 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 00.29 बजे से |
| 10.30 से | | वृश्चिक | 02.43 ब.से |
| 12.00 बजे तक | | धनु | 04.59 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का नौवा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 07.06 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 13.41 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 16.56 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 07.06 बजे तदनन्तर विष्टि 19.40 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 08'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872584
**जूलियन दिन** 2461049.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब **तारीख** 19

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# गोला में नाबालिग युवती के साथ यौन शोषण के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** गोला थाना क्षेत्र में 6 जनवरी 2026 को ग्राम-रकुवाजारा की एक नाबालिग युवती के साथ दो युवकों द्वारा जबरदस्ती यौन शोषण करने की घटना कारित की गई थी। इस संदर्भ में पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर गोला थाना कांड सं०-04/2026, दिनांक-06.01.2026, धारा-65 (1)/70 (2) भारतीय न्याय संहिता एवं 4/6 पोक्सो एक्ट दर्ज करते हुये पीड़िता का चिकित्सीय जाँच कराया गया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम गठन किया



गया। गठित एसआईटी टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लगातार छापामारी कर घटना घटित होने के 24 घण्टे के अन्दर कांड के नामजद अभियुक्तों विकास टुडू और नारायण टुडू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अरैस्ट अभियुक्तों का नाम-पताः 1. विकास टुडू, उम्र 21 वर्ष पिता फुलचन्द मांझी, सा० रकुवा टोला जारा थाना गोला जिला- रामगढ़। 2. नारायण टुडू उम्र 29 वर्ष पिता स्व० शनिचर मांझी, सा० रकुवा टोला जारा थाना गोला जिला रामगढ़। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी/कर्मीः परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, पंकज कुमार, पुलिस निरीक्षक, गोला अंचल, अभिषेक कुमार, पु०अ०नि० सह थाना प्रभारी, अमित कुमार, पु०अ०नि०, गोला थाना, स्वामी रंजन ओझा, पु०अ०नि० (अनुसंधानकर्ता) गोला थाना, कुमार प्रभात रंजन, पु०अ०नि०, गोला थाना, बहादुर महतो, स०अ०नि०, गोला थाना, संजय कुमार गोराई, स०अ०नि०, गोला थाना, तालेबर महतो, स०अ०नि०, गोला थाना, तरसिसिया लकड़ा, म० स०अ०नि०, गोला थाना, पैंथर मोबाईल दस्ता, गोला थाना एवं सशस्त्र बल।

## बिना हेलमेट पहने बाइकर्स को डीटीओ ने थमाया गुलाब का फूल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान लोगों के जीवन रक्षा के उद्देश्य से चल रहा है। इसे लेकर जिला के प्रभारी डीटीओ अनुराग कुमार तिवारी गुरुवार को खुद सड़क पर उतरे। इस दौरान उन्होंने नागरिकों के बीच ट्रैफिक नियम को लेकर जागरूक होने की अपील की। वे उन सभी बाइकर्स को रोक रहे थे, जिसके चालक हेलमेट नहीं पहन कर चल रहे थे। इसके अलावा बिना सीट बेल्ट लगाए गाड़ी चलाने वालों को भी रोक कर उन्होंने गुलाब का फूल दिया। गुलाब का फूल उन्हें इस बात की याद दिलाता रहेगा की अगली बार जब भी वे अपनी गाड़ी पर बैठे तो हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना ना भूलें। मौके पर प्रभारी डीटीओ अनुराग कुमार तिवारी ने कहा कि जिले में अलग-अलग स्थान पर अगले एक महीने तक जागरूकता अभियान चलेगा। इस दौरान लोगों को बिना हेलमेट के बाइक नहीं चलाने की अपील की जाएगी। ताकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं में उनकी जान बच सके। हाई-वे पर किसी भी सूरत में फोर व्हीलर चलाने वाले लोग सीट बेल्ट का प्रयोग करना नहीं भूलें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही पूरे परिवार पर भारी पड़ सकती है।

## रामगढ़ में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली, नशे को ना, जिंदगी को हां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन योजना के तहत रामगढ़ में एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटना और सभी के लिए न्याय और कल्याण तक पहुंच सुनिश्चित करना था। पदयात्रा रामगढ़ व्यापार न्यायालय से शुरू होकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के सामने से राष्ट्रीय राजमार्ग 23 होते हुए पुनः व्यवहार न्यायालय में आकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तौफीकुल हसन, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं रामगढ़ जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने मुख्य रूप से शिरकत किया। इस पदयात्रा में शामिल लोगों ने नशे के खिलाफ




शपथ ली और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तौफीकुल हसन ने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है और हमें इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि इस पदयात्रा का उद्देश्य पूरे राज्य को मैसेज देना है कि हमारे राज्य का कल्याण तभी हो सकता है जब युवा अपने शक्ति को सही दिशा में लगाएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक हम लोग अपने राज्य और देश को नशा से मुक्त नहीं करेंगे, तब तक हम विकास से काफी पीछे रहेंगे। रामगढ़ जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि इस पदयात्रा का एक ही उद्देश्य है कि जिला, राज्य और देश नशा मुक्त हो क्योंकि नशा का जहर पूरे परिवार को बर्बाद कर रहा है। उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने बताया कि हमारे समाज के लिए नशा एक गंभीर समस्या है जिससे एक तरफ हमारे युवा वर्ग के सेहत पर प्रभाव पड़ता है तो दूसरी ओर समाज में लॉ एंड ऑर्डर तथा अपराध जैसी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं।

## 21 लाख की ठगी का आरोपी पंकज त्रिपाठी गिरफ्तार, भेजा गया जेल


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सिटी थाना क्षेत्र में लंबे समय से फरार चल रहे ठग पंकज कुमार त्रिपाठी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रिटायर्ड शिक्षक अभय सिंह से 21 लाख रुपये की ठगी करने वाले इस आरोपी पर पीड़ित ने करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उनके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पीड़ित अभय सिंह ने बताया कि 2010 में पंकज ने व्यवसायिक उपयोग के नाम पर उनसे 21 लाख रुपये लिए थे। लौटाने में टालमटोल करने पर 2011 में कोर्ट में समझौता हुआ, जिसमें साढ़े आठ लाख का चेक बाउंस हो गया। कोर्ट ने आरोपी को मूल राशि समेत ब्याज लौटाने का आदेश दिया, लेकिन पंकज ने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से हाईकोर्ट तक अपील की। अंततः फर्जी दस्तावेज बनाकर 15 लाख लौटा दिए जाने का झूठ फैलाया, जिसके बाद पीड़ित ने फिर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस की कार्रवाईः बीएस सिटी थाना प्रभारी जितेश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पंकज लंबे समय से गठजोड़ कर बच रहा था। दल में पुअनि निरज सेठ, सअनि अमर कुमार यादव, महिला आरक्षी चन्द्रावती (146), आरक्षी मदन प्रसाद (1205), विजय कुमार सिंह (700), राजीव कुमार (477) और सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह (63) शामिल थे।आरोपी का अपराधिक इतिहासः पंकज कुमार त्रिपाठी (पिता स्व. विश्वनाथ त्रिपाठी, प्लॉट नं. 181, कोऑपरेटिव कॉलनी, बीएस सिटी) के खिलाफ धारा 420, 406, 467, 468, 323, 504 आदि के तहत कई केस दर्ज हैं। प्रमुख मामलेःचास थाना कांड संख्या 27/03/2018 (धारा 420/ 406/ 467/ 468/323/504)बीएस सिटी सीपी कांड 1031/ 17 (03/06/2022, धारा 420/406)चास थाना सीपी कांड 1121/2018 (04/06/2022)सेक्टर 4 जीआर कांड 406/2018 (28/06/2022)बीएस सिटी सीपी कांड 194/11 (27/06/2023, धारा 406)अन्यः सीपी 391/22, 560/17, 353/23, 360/17, 353/24, 560/24, 194/11, 1290/13, 391/22, 353/24, एसटीएससी थाना कांड 05/24 (27/01/2024)पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पीड़ित ने कहा कि ऐसे ठगों से सतर्क रहने की जरूरत है।

## भुरकुंडा के लाल बिनय कुमार मिश्रा ने भक्ति संगीत में रचा नया मुकाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ के भुरकुंडा बाजार में जन्मे बिनय कुमार मिश्रा एक अच्छे भक्ति गायक हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई भुरकुंडा के गांधी स्कूल से की है। बिनय कुमार मिश्रा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से भक्ति गायन के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। बिनय कुमार मिश्रा की गायकी की शुरूआत बचपन से ही हुई थी। उन्होंने अपने स्कूल के दिनों से ही गायन में रुचि दिखानी शुरू कर दी थी। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उनके शिक्षकों ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बिनय कुमार मिश्रा ने अपनी गायकी के लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। उन्होंने अपनी गायकी से लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाई है। उनकी गायकी में एक अलग ही मिठास है जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। बिनय कुमार मिश्रा ने



बड़े बड़े कलाकारों के साथ शिरकत की है, जैसे पवन सिंह, खेसारी लाल यादव, अक्षर सिंह, गोविंदा, उर्मिला मातोंडकर, और अनूप जलोटा। उन्होंने अपनी गायकी से बॉलीवुड में भी अपना नाम अच्छा जमाया है। भुरकुंडा के लोगों को बिनय कुमार मिश्रा पर गर्व है। उनकी गायकी ने भुरकुंडा का नाम रोशन किया है। हम बिनय कुमार मिश्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे आगे भी अपनी गायकी से लोगों को आनंदित करते रहेंगे।

## चुटुपालू घाटी में शहीद टिकैत उमराव सिंह व शेख भिखारी का शहादत दिवस मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़-रांची मार्ग स्थित चुटुपालू घाटी के शहीद स्थल पर गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी टिकैत उमराव सिंह और शेख भिखारी का शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान सुबह से लेकर शाम तक शहीद स्थल पर गरीबों व असहायों के बीच कंबल वितरण के अलावे रामगढ़ व रांची के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने जरूरतमंदों की जान बचाने के लिये रक्तदान किया। वहीं विभिन्न राजनीतिक व सामजिक संगठन के लोगों ने दोनों वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। शहादत स्थल पर गुरुवार को रांची सांसद



संजय सेठ, भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, स्थानीय विधायक सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष ममता देवी, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, भाकपा-माले सहित कई राजनीतिक व सामजिक संगठन के लोगों ने शहादत स्थल पर वीर शहीद टिकैत उमराव सिंह और शेख भिखारी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। साथ ही कार्यकताओं को उनके आदर्शों को अपनाकर बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक ममता देवी ने कहा कि शहीदों की शहादत उनके आदर्श, संघर्ष और बलिदान की वीरगाथा युवाओं को संघर्ष करने की उर्जा देती है। यह शहीद स्थल हक और अधिकार की लड़ाई के लिये हमसबों को प्रेरणा देता रहेगा। शहीदों के गांव की मिट्टी उनकी कुबार्नी की याद दिलाती रहेगी। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानी टिकैत उमराव सिंह और शेख भिखारी ने भी अहम भूमिका निभाई है। उनकी शहादत नई पीढ़ी को समाजिक क्रांति के लिये हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिये हमसबों को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के आदर्शों पर चलकर ही हम देश को मजबूत बना सकते हैं। इस अवसर पर रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवारों को सम्मान दिलाने के लिये सरकार हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि शहीदों के आदर्शों को अपनाकर ही हम देश को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत को कभी व्यर्थ नहीं जाने देंगे। इस अवसर पर भाकपा-माले के नेताओं ने कहा कि शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहीदों के आदर्शों पर चलकर ही हम देश को मजबूत बना सकते हैं। इस अवसर पर कई राजनीतिक व सामजिक संगठन के लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### छिनतई मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** आजादनगर थाना क्षेत्र में 6 जनवरी को हुई छिनतई की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसकी जानकारी सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने प्रेस वार्ता में दी। सिटी एसपी ने बताया कि इस मामले में एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। वहीं गिरफ्तार आरोपितों के नाम ओल्ड पुरूलिया रोड निवासी इमरान आलम (18) और मुस्तफा खेती रोड नंबर-7 निवासी मो वकील उर्फ शाहरूख (18) है। दोनों की गिरफ्तारी के बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में छीना गया पर्स और मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। पीड़िता सबा परवीन ने पुलिस को बताया था कि पर्स में 10 हजार रुपये नकद थे, जिसे आरोपितों ने आपस में बांट लिया था। इस पूरे मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी दल में आजादनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार के साथ एसआई मनीष कुमार राय, मनोज कुमार सिंह, साबिर हुसैन, ईश्वर दयाल मुंडा, दीपक कुमार रौशन और एएसआई राकेश रंजन सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### जंगली हाथियों के खतरे को लेकर प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले में जंगली हाथियों की बढ़ती गतिविधियों और हमले की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने गुरुवार को आम लोगों को सतर्क करते हुए विशेष एहतियाती व्यवस्था की है। प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए हाथियों के विचरण की जानकारी तुरंत देने के लिए एक संपर्क नंबर जारी किया है, ताकि समय रहते कार्रवाई कर जान-माल के नुकसान को रोका जा सके। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया है कि चाईबासा और कोल्हान वन प्रमंडल क्षेत्र में इन दिनों जंगली हाथियों की आवाजाही लगातार देखी जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी गांव, खेत, जंगल या रिहायशी इलाके के आसपास हाथी दिखाई दें, तो तुरंत 9835249408 नंबर पर सूचना दें। इस नंबर पर जितेंद्र सिंह, आरएफओ नोआमुंडी से संपर्क कर हाथियों की मौजूदगी की जानकारी साझा की जा सकती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हाथियों की निगरानी के लिए वन विभाग की ओर से विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो संवेदनशील इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) को भी सक्रिय रखा गया है, ताकि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर सके और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके।

### रंगदारी वसूलते युवक गिरफ्तार

**पलामू :** मेदिनीनगर नगर निगम की आड़ में रंगदारी वसूलने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने बुधवार को भी कार्रवाई करते हुए रांची रोड रेड़मा से रंगदारी वसूलते एक युवक को गिरफ्तार किया। इसी तरह तीन साल से फरार एक आरोपित को सदर थाना की पुलिस ने छतरपुर के गोपालपुर से गिरफ्तार किया है। दोनों को गुरूवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने इसकी पुष्टि की। थाना प्रभारी के अनुसार सूचना मिली थी कि रांची रोड रेड़मा में नगर निगम की आड़ में कुछ लोग मालवाहक और यात्री वाहनों से रंगदारी वसूलते हैं। सूचना पर टीम बनाकर कार्रवाई की गयी। मौके से एक युवक को रंगदारी वसूलते पकड़ा गया। युवक की पहचान नावाबाजार के ब्रह्मोरिया निवासी मनीष कुमार दुबे के रूप में हुई है। उसके खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कक्षपाल नियुक्ति 2026 में आयु सीमा छूट की मांग, छात्रों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**चास :** झारखंड में कक्षपाल नियुक्ति 2026 को लेकर आयु सीमा में छूट देने की मांग तेज हो गई है। इसी क्रम में बोकारो के शिक्षित एवं प्रतियोगी छात्रों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर 01 अगस्त 2019 को आयु गणना की कट-ऑफ तिथि मानने तथा वर्तमान विज्ञापन को पुनरीक्षित करने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि झारखंड में कक्षपाल की अंतिम बहाली वर्ष 2015 के आसपास हुई थी। इसके बाद लगभग 10-12 वर्षों तक इस पद पर कोई नियमित भर्ती नहीं आई, जिसके कारण हजारों योग्य युवा बिना अवसर पाए ही अधिकतम आयु सीमा पार कर चुके हैं। छात्रों के अनुसार यह स्थिति राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान 3झ4 वर्षों तक राज्य में कोई बड़ी भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से नहीं चल सकी, जिससे प्रतियोगी छात्रों का बहुमूल्य समय बर्बाद हुआ। इस कारण बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आज केवल आयु सीमा के कारण प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं। छात्रों ने उदाहरण देते हुए बताया कि झारखंड सरकार ने गजट संख्या 440 (सितंबर 2025) के तहत झारखंड पुलिस की पूर्व विज्ञप्ति को रद्द कर 01/08/2019 को आयु गणना का आधार मानते हुए नया विज्ञापन जारी किया था। यह निर्णय छात्रों के हित में ऐतिहासिक माना गया। चूंकि कक्षपाल की नियुक्ति भी पुलिस सेवा के समकक्ष मानी जाती है, इसलिए समानता के अधिकार के तहत यहां भी वही नियम लागू किया जाना चाहिए। छात्र नेता युगदेव माहथा ने कहा कि यदि वर्तमान विज्ञापन में यह प्रावधान नहीं है तो उसे अविलंब संशोधित या रद्द कर नया विज्ञापन जारी किया जाए, ताकि ओवर-एज हो चुके छात्रों को एक अंतिम अवसर मिल सके। छात्रों का मानना है कि इस न्यायपूर्ण निर्णय से राज्य के हजारों युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा और उन्हें मुख्यधारा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### ऑटो से ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम :** उलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकोसाई इलाके में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ऑटो पर ब्राउन शुगर बेच रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले का खुलासा गुरुवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने प्रेसवार्ता के दौरान किया। उलीडीह थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शंकोसाई क्षेत्र में एक ऑटोके माध्यम से ब्राउन शुगर की अवैध बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने उलीडीह रोड नंबर एक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक ऑटोको रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन ऑटो चालक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर पुष्पांजलि अपार्टमेंट के पास से ऑटो चालक और उसमें सवार अन्य दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिहार के पटना आलमगंज चरीटांड़ निवासी सुशांत साव (18), अंशु कुमार (19) और मानगो ओल्ड पुरुलिया रोड कुंवर बस्ती निवासी पंकज साव (31) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से दो प्लास्टिक की पाउच में रखा कुल 10 ग्राम ब्राउन शुगर, तीन मोबाइल फोन और एक ऑटो बरामद किया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि सभी आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### घोष मन की संवेदनाओं को जागता है : ब्रह्मा जी राव

**रांची :** विद्या भारती योजना के तहत विद्या विकास समिति झारखंड के द्वारा झारखंड प्रांत के सरस्वती शिशु मंदिरों के घोष आचार्य का प्रांतीय घोष प्रशिक्षण वर्ग श्री कृष्ण चंद्र गांधी शैक्षिक नगर कुदलुम रांची के आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय में प्रारंभ हुआ । इसके उद्घाटन सत्र में विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद ही संघ ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने हेतु अपने अनुसांगिक संगठन को खड़ा किया । जिसके तहत शिक्षा क्षेत्र में भारत केंद्रित शिक्षा प्रदान करने हेतु विद्या भारती का गठन हुआ।इसमें विभिन्न प्रकार की शिक्षाएं दी जाती है जिसमें घोष की शिक्षा भी महत्वपूर्ण है । यह व्यक्ति के अंदर अनुशासन के साथ-साथ एकाग्रता लाने का काम करता है। यह मन की संवेदनाओं को जगाने का कार्य भी करता है। घोष विषय बालकों के बीच विद्यालय में आकर्षण का केंद्र होना चाहिए । जिससे बालक आकर्षित होकर घोष के माध्यम से अपने को अनुशासित करना सीखें। इसके पूर्व प्रशिक्षण की प्रस्तावना को रखते हुए क्षेत्र के घोष प्रमुख एवं विद्या विकास समिति झारखंड के पूर्णकालिक राजेश प्रसाद ने बताया कि झारखंड में पहली बार 2007 में घोष शिशु मंदिरों के भैया - बहनों का घोष महाकुंभ हुआ था । उसी के आधार पर विद्या भारती के 75 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली में 2027 में 30000 भैया - बहनों का घोष महाकुंभ लगने वाला है । जिसके तहत अभी से ही तैयारी करनी होगी। हमें बालकों के बीच जाकर धैर्य के साथ गुणवत्ता युक्त घोष शिक्षा देनी होगी। ताकि झारखंड से भी अधिक से अधिक भैया - बहन चयनित होकर जा सके। मंच संचालन घोष प्रांत प्रमुख तारकेश्वर राय ने किया। उद्घाटन सत्र में कुल 62 आचार्य उपस्थित रहे।

### कांग्रेस नेता की दुकान में चोरी, सीसीटीवी से छेड़छाड़ कर नकदी ले उड़े चोर

**पूर्वी सिंहभूम :** परसुडीह थाना क्षेत्र के खासमहाल इलाके में बुधवार देर रात कांग्रेस के पश्चिमी कालीमाटी पंचायत अध्यक्ष ताहिर मलिक की कपड़ा दुकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी की चोरी कर ली। अपराधियों ने इस दौरान पहचान छिपाने के लिए सीसीटीवी कैमरे से भी छेड़छाड़ की। चोरी की घटना देर रात की बताई जा रही है, जब चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखी नकदी चुरा ली। चोरी को अंजाम देने से पहले चोरों ने पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का मुंह ऊपर की ओर मोड़ दिया, ताकि उनकी गतिविधियां कैमरे में कैद न हो सकें। कैमरे की फुटेज में कैमरे से छेड़छाड़ किए जाने के स्पष्ट संकेत मिले हैं।गुरुवार सुबह जब ताहिर मलिक दुकान खोलने पहुंचे तो शटर का ताला टूटा देख वे हैरान रह गए। इसके बाद उन्होंने तत्काल परसुडीह थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान का निरीक्षण किया। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का काम शुरू किया गया है।

# हमारा संकल्प-सुरक्षित एवं सशक्त महिला, सशक्त झारखंड बाल विवाह उन्मूलन को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झारखंड सरकार के "हमारा संकल्प-सुरक्षित एवं सशक्त महिला, सशक्त झारखंड" अभियान के अंतर्गत आज सिद्धो-कान्हो सभागार, साहिबगंज में बाल विवाह एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन को लेकर अनुमंडल स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीसी हेमंत सती, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, सभी सीडीपीओ, बीडीओ, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि राज्य को बाल विवाह से मुक्त किया जाए। इसी उद्देश्य से राज्य के सभी 24 जिलों में अनुमंडल स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। साहिबगंज अनुमंडल के लिए यह कार्यशाला 8 जनवरी को आयोजित की गई है, जबकि राजमहल अनुमंडल के लिए 16 जनवरी को कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने कहा कि बाल विवाह एवं डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियाँ आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित हैं, जो समाज के लिए अत्यंत घातक हैं। उन्होंने सामाजिक कार्यकताओं, पंचायत प्रतिनिधियों एवं जनसामान्य से अपील की कि वे इन कुरीतियों के विरुद्ध अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। डीसी हेमंत सती ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में लगभग 32 प्रतिशत बाल विवाह होना अत्यंत चिंताजनक है। बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह मातृ एवं शिशु मृत्यु दर बढ़ाने, महिलाओं के शारीरिक-मानसिक विकास को बाधित करने तथा उन्हें सामाजिक रूप से पराधीन बनाने का कारण भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बाल विवाह कराने वाले माता-पिता, पंडित या अन्य संबंधित व्यक्तियों को दो वर्ष की सजा एवं एक लाख रुपये तक जुमार्ने का प्रावधान है तथा यह अपराध गैर-जमानती है। डीसी ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं कार्य क्षेत्र में किसी भी स्थिति में बाल विवाह न होने दें। साथ ही, उन्होंने कहा कि यदि कोई परिवार गरीबी या मजबूरी के कारण बाल विवाह की ओर अग्रसर होता है, तो उसे सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जाएगा, लेकिन बाल विवाह किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। कार्यशाला के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता फैलाने एवं इसे रोकने की शपथ ली।

## कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व कांग्रेस नेता तनवीर ने सदर अस्पताल के स्वास्थ सुविधाओ का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बरकत खान व कांग्रेस नेता तनवीर आलम ने गुरुवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी। साथ ही मरीजो से मिलने वाली स्वास्थ सुविधाओ के बारे में पूछताछ भी की है। उन्होंने अस्पताल कब ओपीडी, आईपीडी, प्रसूता वार्ड समेत अन्य विभागों का जायजा लिया है। उन्होने अस्पताल की सुविधा देख संतुष्ट हुए। तनवीर आलम ने पत्रकारों से बताया कि सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा पहले से काफी बेहतर है। इसके कांग्रेस नेता ने सीएस का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सीएस के प्रयास से यहां की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। साथ ही स्वास्थ सुविधाओ में सुधार को लेकर कई कार्य की सराहना की है। वही उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर भी है। वही कांग्रेस नेता ने कहा कि बरहड़वा सीएससी में बेहतर डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति हो इसके लिए सीएस से मुलाकात कर विचार की जाएगी। ताकि सदर अस्पताल की तरह बरहड़वा के जनता को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। मौके पर सीएस डॉ. रामदेव पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## अग्निकांड में लगभग एक दर्जन घर जलकर हुआ राख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत कटहलबाड़ी भट्ठा गांव में बुधवार देर रात आग लगने से करीब एक दर्जन घर जलकर राख हो गया। वहीं घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक घर घटना में आंशिक रूप से जल गया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत सैयद हाजी टोला भट्ठा गांव में रात करीब 9:30 बजे रमेश मंडल के घर से अचानक आग की चिंगारी उठी और आग पूरी घर में फैल गई। आग देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे पड़ोसी गोखुल मंडल, वीरेन मंडल, भीरू मंडल, हीरू मंडल, निमोला वेवा, उर्मिला देवी, संतोष मंडल, कार्तिक मंडल, प्रभु मंडल, शकुंतला देवी,का टट्टी, फूस व टीना से बनी घर पलभर में जलकर राख हो गया। वहीं बब्लू घोष, उत्तम घोष, एकरामुल शेख, सबीर शेख, आलमगीर शेख, जहांगीर शेख, व समनुर वेवा का घर आंशिक रूप से जल गया। हालांकि ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, तब तक काफी देर हो चुकी थी, इस भयावह अग्नि कांड की घटना में घर में रखे अनाज, जेवारत, बिछावन,नकदी, जमीन समेत अन्य कागजात सहित सारा सामान जलकर पूरी तरह से राख हो गया। अग्नि कांड की घटना में पीड़ित परिवार के पास शरीर में पहने कपड़े के अलावा कुछ नहीं बचा है। वहीं ग्रामीणों ने घटना की सूचना प्रशासन को दी। उधर घटना की सूचना मिलने पर उधवा बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को तत्काल कम्बल दिए।

## मानकों का पालन नहीं करने वाले 329 प्रज्ञा केंद्रों की आईडी निरस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले में कॉमन सर्विस सेंटर के निर्धारित मानकों एवं सही लोकेशन पर संचालन नहीं करने वाले प्रज्ञा केंद्रों के विरुद्ध सीएससी मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। इसके तहत पाकुड़ जिले के कुल 329 सीएससी आईडी को निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रबंधक, सीएससी पाकुड़ संतोष शीला हेंब्रम ने बताया कि जिले में संचालित कई प्रज्ञा केंद्र सीएससी द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का अनुपालन नहीं कर रहे थे। जांच के दौरान यह पाया गया कि अनेक सीएससी आईडी बिना स्थायी केंद्र, उचित कॉमन ब्रांडिंग, रेट चार्ट एवं अन्य आवश्यक नियमों के पालन के संचालित की जा रही थीं। उन्होंने बताया कि हाल ही में 329 सीएससी आईडी निरस्त की गई हैं, वहीं आने वाले दिनों में नियमों के उल्लंघन की स्थिति पाए जाने पर और भी सीएससी आईडी पर कार्रवाई की जा सकती है। सीएससी केंद्र संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया गया कि सीएससी केंद्र स्थायी रूप से उपलब्ध होना अनिवार्य है। केंद्र पर निर्धारित कॉमन ब्रांडिंग अनिवार्य रूप से फ्रेम में लगी होनी चाहिए; केवल चिपकाना या लटकाना मान्य नहीं होगा। कॉमन ब्रांडिंग में स्टेट लोगो एवं सीएससी आईडी स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए, किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा। रेट चार्ट केंद्र पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना चाहिए। सभी लेन-देन प्रतिदिन केवल सीएससी आईडी के माध्यम से ही किए जाएं। सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों के लिए पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य है। जिन प्रज्ञा केंद्र संचालकों की सीएससी आईडी निरस्त की गई है, वे उपरोक्त सभी निर्देशों का पूर्ण अनुपालन करते हुए तत्काल अपने जिला प्रबंधक से संपर्क करें। सभी मानकों का शत- प्रतिशत पालन सुनिश्चित होने के पश्चात ही सीएससी आईडी को पुनः चालू करने पर विचार किया जाएगा।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा कार्य तेज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले के प्रमुख दुर्घटना संभावित मार्गों, घाटी क्षेत्रों एवं चिन्हित ब्लैक स्पॉट प्वाइंट पर सड़क सुरक्षा उपकरणों की स्थापना एवं मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में साहिबगंज जिले के प्रमुख दुर्घटनाग्रस्त मार्ग, जिलेबिया घाटी एवं अन्य ब्लैक स्पॉट स्थलों का पथ निर्माण विभाग, साहिबगंज एवं जिला परिवहन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर एवं आईटी सहायक राजहंस द्वारा सभी चिन्हित मार्गों का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के क्रम में जिलेबिया घाटी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर पाया गया। साथ ही सड़क किनारे लगे साइन बोर्डों पर फैली झाड़ियों की कटाई कर उन्हें स्पष्ट एवं दृश्यात्मक बनाया गया। सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप चिन्हित स्थलों पर कैट आई, सूचनात्मक साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड, स्ट्रीट लाइट, पॉट होल की मरम्मती, रोड बैरियर, शेवरॉन साइन बोर्ड आदि लगाए जा रहे हैं तथा संबंधित निर्माण कार्य निरंतर जारी है। इन सभी उपायों का मुख्य उद्देश्य सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को समय पर आवश्यक सूचना उपलब्ध कराना, निर्धारित गति सीमा का पालन सुनिश्चित करना तथा दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करना है। उल्लेखनीय है कि सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का आयोजन किया जा रहा है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति अंतर्गत संचालित गतिविधियों की हुई समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** गुरुवार को उपायुक्त नितीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले में धान अधिप्राप्ति अंतर्गत संचालित गतिविधियों की प्रखंडवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त सुश्री रीना हांसदा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी सहित सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि धान अधिप्राप्ति कार्य अंतर्गत लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 801 किसानों द्वारा कुल 45,235.81 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है, जबकि जिले में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 6,336 है। भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की गई तथा शेष लंबित भुगतान को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा किसान पंजीकरण में सुधारात्मक प्रगति लाने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर सतत निगरानी एवं नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। साथ ही प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रभावी प्रगति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की स्पष्ट जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए। विभागीय दिशा-निदेशों के आलोक में उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर धान की खरीद, समय पर उठाव तथा धान विक्रय के उपरांत किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एडवांस सीएमआर के जनरेशन एवं प्राप्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। समीक्षा बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि धान अधिप्राप्ति कार्य अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध जिन लैम्प्स में कार्य प्रगति धीमी अथवा असंतोषजनक पाई गई है, उनके संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को शोकॉज जारी किया गया है, तथा अपेक्षित सुधारात्मक प्रगति नहीं होने की स्थिति में वेतन निकासी पर रोक लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पारदर्शिता बनाए रखते हुए दस्तावेजों का समयबद्ध संधारण, डेटा का नियमित अद्यतन एवं सतत अनुश्रवण के माध्यम से धान अधिप्राप्ति कार्य का प्रभावी, समयबद्ध एवं लक्ष्य आधारित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

### एक नजर

## ऑटो व मोटरसाइकिल के बीच हुई भीषण टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत जामनगर गांव में गुरुवार को ऑटो व मोटरसाइकिल के बीच हुई भीषण टक्कर होने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतना जबरदस्त था कि दोनों वाहन सड़क पर पलट गये और अफरा तफरी मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच कर दुर्घटना में घायल हुए लोगो को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए घायलों को साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही मामले की सूचना मिलते ही राजमहल थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का कारण माना जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान नही हो पाई थी।

## पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान अपराधी को गिरफ्तार



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के आजादनगर पुलिस द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने हथियार भी जब्त किया है। पुलिस के द्वारा पारडीह मुख्य सड़क पर आज ही सुबह एंटी क्राइम चेकिंग की जा रही थी, इसी बिच एक युवक पुलिस को देख कर भागने लगा, पुलिस ने जब उसे दौड़ा कर पकड़ा और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी पिस्टल और एक जिन्दा गोली बरामद किया है। गिरफ़्तार अपराधी का नाम मोहम्मद फयाज आलम है। और इसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। लूट पाट के उद्देश्य से उसने अपने पास हथियार रखा था।

## डीएफओ पहुंचे श्रीनगर डीवीसी विस्थापितों से मिले ग्रामीणों ने किया स्वागत

**बरही :** बरही प्रखंड के बरसोत पंचायत अंतर्गत श्रीनगर गांव में गुरुवार को डीवीसी द्वारा विस्थापित रैयतों को मालिकाना हक दिलाने के मामले हजारीबाग के डीएफओ मौन प्रकाश पहूंचे। डीएफओ को गांव पहूंचते ही ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान डीएफओ मौन प्रकाश ने गांव का भ्रमण करते हुए भूमि से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली तथा विस्थापित रैयतों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने ग्रामीणों की बात सुन ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आपके मालिकाना हक से जुड़े सभी कागजात वन विभाग में लंबित हैं जिसका समाधान करने की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर सभी तथ्यों की जांच कर ग्रामीणों के हित में जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, ताकि वर्षों से लंबित इस गांव की मलिकाना हक की समस्या का समाधान हो सके। मौके पर सुरेंद्र यादव, सुधाकर यादव, गोपी यादव, संजय यादव, शिवकुमार यादव, सिकंदर यादव अर्जुन यादव, बासुदेव यादव, कृष्णा यादव, गणेश यादव, विजय गुप्ता, इंद्रदेव यादव सहित सैकड़ों व महिला पुरुष बच्चे ग्रामीण उपस्थित रहे।

### संक्षिप्त खबरें

## संदिग्ध अवस्था में युवक की मिली शव, जांच में जुटी पुलिस



**साहिबगंज:** रांगा थाना क्षेत्र के झिकटिया में संदिग्ध अवस्था में लगभग 24 वर्षीय युवक का शव परिजनों ने बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार युवक का नाम सन्नी साहा पिता राजेश साहा बताया जा रहा है कि लगभग तीन महीने से युवक अपने ससुराल बांकुड़ा में था, बुधवार को अपने घर आया फिर रात्रि में परिवारिक अनबन हुई तभी रात्रि में घर से निकला और कहीं चला गया,घर नहीं लौटने पर पिरजन रात्रि में इधर उधर ढूंढने लगे कुछ पता नहीं चला, सुबह ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली कि संथाली बस्ती के पीछे खेत में पड़ा है परिजन मौके पर पहुँचा तो युवक संदिग्ध अवस्था में पड़ा था,शरीर ठंड के कारण सिथिल पड़ चुका था, बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक नशीली पदार्थ का सेवन भी करता था,घटना की जानकारी मिलते ही रांगा थाना पुलिस बिंदुधाम स्थित युवक के घर पहुँची, मामले की जानकारी ली, युवक की मौत कैसे हुई ये पोस्टमार्टम के बाद ही साफ हो पाएगी। युवक के घर में शोकाकुल परिवार की हालत रो रो कर बेहाल है। कुछ महीने पूर्व ही युवक की शादी हुई थी। खबर लिखे जाने तक परिजन यूवक के ससुराल वालों के आने की प्रतीक्षा कर रहे है।

## दूसरे दिन भी सीबीआई ने खंगाले अवैध खनन के दस्तावेज



**साहिबगंज:** जिला में अवैध खनन मामले में कोर्ट से सुपुर्दगी के बाद सीबीआई की 5 सदस्यीय टीम ने दूसरे दिन गुरूवार को जिला खनन कार्यालय में खनन के कई वर्षों पुराने दस्तावेज खंगाले। इसके पूर्व सर्किट हाउज में डेरा जमाए सीबीआई की टीम सुबह विनायक होटल में नाश्ता किया। करीब 11 बजे टीम के दो सदस्य खनन कार्यालय पहुंची। वहां करीब पौने घंटा दस्तावेज खंगालने के बाद टीम का एक दल वहां से सीधे सर्किट हाउस लौट गई जबकि एक वहीं बने रहे। दूसरे सदस्य दोपहर करीब दो बजे खनन कार्यालय से निकल सर्किट हाउस पहुंचे। खबर है कि इस बीच झामुमो के एक नेता भी सर्किट हाउस पहुंचे और लगभग दो घंटे बाद बाहर निकले। दोपहर 3 बजे सीबीआई का एक वाहन पुन: खनन कार्यालय गई। खबर लिखे जाने तक टीम वहीं थी।

## गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम रेलवे मैदान के जगह मटियाल स्तिथ स्टेडियम में होंगी



**साहिबगंज:** गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मानाने को लेकर गुरुवार को राजमहल अनुमण्डल पदाधिकारी के अध्यक्षता में बैठक हुई। हर वर्ष गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परेड झांकी खेल प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम रेलवे मैदान में होती थी, परन्तु राजमहल रेलवे स्टेशन जब से अमृत भारत स्टेशन बना है तब से रेलवे ग्राउंड छोटा हौ गया है जिसके कारण ये सारा कार्यक्रम राजमहल मटियाल स्तिथ स्टेडियम में होना तय हूआ है। कार्यक्रम के सम्बन्ध में बताया गया कि सुबह 7.25 से 7.45 में महापुरुषों कि प्रतिमा पर माल्यार्पण,उसके बाद प्रभात फेरी होंगी। 8 बजे से ध्वजरोहन किया जायेगा, इस क्रम में व्यवहार न्यायालय, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय, उप कोषागर, रेलवे स्टेशन, अनुमंडलीय अस्पताल, अवर निबंधन कार्यालय, उपकारा, एसडीपीओ कार्यालय, पुलिस निरीक्षक कार्यालय, थाना परिसर, प्रखंड कार्यालय एवं नगरपंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण करने का निर्णय लिया गया। ध्वजरोहन के बाद मुख्य समारोह स्थल में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रूप से परेड निरीक्षण के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा। उसके बाद स्कूली बच्चों एवं प्रशासनिक रूप से स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता के रूप में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2:00 बजे नया बाजार स्थित बिरसा मुंडा नगर भवन में होगा। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी, एल आर डी सी विमल सोरेन, एस एस राजमहल दिलीप कुमार साह, राणा रंजीत सिंह के साथ सभी पदाधिकारी एवं राजमहल के गण्यमान व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त भारत अभियान को मिली नई गति, जागरूकता कार्यक्रम तेज



**साहिबगंज:** नशा मुक्त भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में साहेबगंज जिले में जन-जागरूकता गतिविधियों ने नई गति पकड़ ली है। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार- झालसा, रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार-डालसा, साहेबगंज अखिल कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। डालसा के सचिव विश्वनाथ भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की डॉन योजना, 2025 के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के स्कूलों, कॉलेजों, नेशनल कैडेट कोर इकाइयों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों के बीच इंटरएक्टिव सत्र और समूह चर्चाओं का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी 2026 तक चलने वाले इस जागरूकता सप्ताह के दौरान सामुदायिक सहभागिता को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। अभियान में लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पारा लीगल वालंटियर्स-न्याय मित्र एवं अन्य स्वयंसेवी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे की प्रारंभिक रोकथाम, परामर्श एवं पुनर्वास के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है, ताकि विशेषकर हाशिए पर खड़े युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

## हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस सोना लूटकांड

# गयाजी सराफा बाजार में पुलिस का शिकंजा




कई ज्वेलर्स पर की छापेमारी की कार्रवाई

गयाजी। हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस में हुई सनसनीखेज सोना लूटकांड की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसके तार गयाजी शहर के सराफा बाजार से जुड़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को गयाजी के सराफा बाजार में पुलिस ने एक के बाद एक सरार्फा व्यवसाय की दुकानों पर छापेमारी कर पूरे बाजार में हड़कंप मचा दिया। यह छापेमारी पटना रेल पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित विशेष अनुसंधान टीम (एसआईटी), रेल थाना प्रभारी गया निशा कुमारी और स्थानीय कोतवाली थाना की संयुक्त टीम ने की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार देर रात सराफा बाजार के एक व्यवसायी विनोद कुमार को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस से लूटे गए सोने की कटिंग उनकी ही दुकान में कराई गई थी।विनोद कुमार की निशानदेही पर गुरुवार को सराफा बाजार स्थित चर्चित दुकान ह्यगोल्ड हाउसह्न में भी छापेमारी की गई। हालांकि, छापेमारी के दौरान गोल्ड हाउस के प्रोपराइटर मोहित अग्रवाल उर्फ गोलू मौके से फरार पाए गए। पुलिस का कहना है कि मोहित अग्रवाल की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, फरार मोहित अग्रवाल उर्फ गोलू न केवल सरार्फा व्यवसाय से जुड़े हैं, बल्कि बुलियन एसोसिएशन गयाजी के कोषाध्यक्ष पद पर भी कार्यरत हैं। ऐसे में इस कांड में उनकी भूमिका को लेकर जांच एजेंसियां बेहद गंभीर हैं। पुलिस यह भी खंगाल रही है कि लूटे गए सोने को किन-किन माध्यमों से खपाने की कोशिश की गई और इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं। गौरतलब है कि 21 नवंबर 2025 को हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक किलो सोने की लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले ने तब और तूल पकड़ लिया था, जब जांच में रेल थानाध्यक्ष समेत पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आई। लूटकांड में रेल थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के अलावा चार पुलिसकर्मी और दो सिविलियन की भूमिका उजागर हुई थी। मामले में रेल थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह को निलंबित करते हुए जेल भेज दिया गया है, वहीं चार अन्य रेल पुलिसकर्मियों को भी निलंबित किया जा चुका है। हालांकि, अब भी इस कांड से जुड़े कई आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि सभी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। सराफा बाजार में हुई इस कार्रवाई के बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस हाई-प्रोफाइल लूट कांड से जुड़े कई और अहम खुलासे हो सकते है।

## बाल श्रम पर कार्रवाई, 2 बच्चे कराए गए मुक्त



सीतामढ़ी। जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के धावा दल ने डुमरा शहरी क्षेत्र में बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन से मिली सूचना के आधार पर बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत की गई। धावा दल ने सबसे पहले शंकर चौक के पास स्थित दुल्हन श्रृंगार स्टोर में छापेमारी कर एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया। इसके बाद सिमरा चौक स्थित एसएस मोटरसाइकल रिपेयरिंग सेंटर से भी एक अन्य बाल श्रमिक को छुड़ाया गया। दोनों ही मामलों में बच्चों से अवैध रूप से काम कराया जा रहा था। कार्रवाई के बाद दोनों नियोजकों के खिलाफ डुमरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चंद्रनाथ राम ने बताया कि बाल श्रम अधिनियम के तहत प्रत्येक बाल श्रमिक के लिए संबंधित नियोजक से 20 हजार रुपए की राशि जिला बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष में जमा कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान करने के मामले में नियोजकों के खिलाफ दस गुना मुआवजे का दावा सक्षम अदालत में दायर किया जाएगा। राम ने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि डुमरा प्रखंड को बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से धावा दल द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य केवल बाल श्रमिकों को मुक्त कराना नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाकर लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना भी है। इस छापेमारी अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी स्वेता कुमारी, पंकज कुमार, पारिजात परिमल, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के मुकुंद कुमार चौधरी, एपीओ शिव शंकर ठाकुर, डुमरा थाने के पुलिसकर्मी, प्रथम संस्था के बीरेंद्र कुमार तथा अदिथी संस्था के प्रतिनिधि शामिल थे।

# सड़क पर नवजात शिशु का शव मिला



इलाके में मची सनसनी

वैशाली। जिले के नगर थाना क्षेत्र के पोखरा मोहल्ला में गुरुवार की सुबह नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव देखने के लिए राहगीर और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, पिछले दो दिनों में जिले में दो जगहों पर नवजात शिशु के शव मिलने से लोगों में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाजीपुर के कुछ निजी नर्सिंग होम में अवैध तरीके से कई काम किए जा रहे हैं और इसमें स्वास्थ्य विभाग एवं अस्पताल प्रशासन की मिलीभगत भी हो सकती है। पोखरा मोहल्ला स्थित सड़क पर शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने नगर थाने की पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर थाने की पुलिस पोस्टमार्टम की कागजी कार्रवाई में जुटी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह जब घर से बाहर निकले तो सड़क पर नवजात का शव पड़ा मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि आसपास के नर्सिंग होम वालों ने यह शव सड़क पर फेंक दिया। यह घटना इस क्षेत्र में बीते 6 जनवरी को हुई घटना से जुड़ी हुई लग रही है। उस दिन नगर थाना क्षेत्र के कोऑपरेटिव बैंक के पास सड़क पर कचरे के ढेर में एक नवजात का शव मिला था। सूचना पाकर राजगीर और स्थानीय दुकानदार मौके पर पहुंचे। नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शव को अपने साथ ले गए। यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गई है। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि प्रेम प्रसंग के चलते अविवाहित मां ने नवजात को जन्म देकर सड़क पर फेंक दिया। नवजात शिशु का शव देखकर लोगों की आंखें नम हो गईं और समाज में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश फैल गया।

## युवक ने की आत्महत्या

सुपौल। बुधवार रात एक 25 साल के युवक ने कथित रूप से पत्नी के अवैध संबंध और मेंटल हरासमेंट से तंग आकर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सूरज कुमार के रूप में हुई है। यह घटना किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपुर पंचायत के वार्ड नंबर एक स्थित राजपुर गांव में हुई है। मृतक के पिता शंभू मंडल ने बताया कि, 'मेरे बेटे सूरज कुमार की शादी करीब एक साल पहले मधेपुरा के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी संध्या कुमारी से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार मंदिर में हुई थी। शादी के बाद सूरज अपनी पत्नी और छोटी बहन के साथ सहरसा स्थित अपने आवास पर रह रहा था।

## संक्षिप्त डायरी

### मुखिया अर्चना आनंद और मुखिया नूतन को दिल्ली से आया न्योता, गणतंत्र दिवस समारोह में होंगी शामिल





महिषी (सहरसा)। 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में संपूर्ण बिहार से दस बेहतर कार्य करने वाले मुखिया को विशेष आमंत्रण दिए गए हैं। जिसमें सहरसा जिला से महिषी प्रखंड क्षेत्र ग्राम पंचायत वीरगांव की मुखिया अर्चना आनन्द एवं ग्राम पंचायत नहरवार की मुखिया नूतन भारती का भी नाम है । मुखिया के साथ उनके प्रतिनिधि के रूप में बीरगांव मुखिया के साथ शिवेन्द्र सिंह जीसू एवं नूतन भारती के साथ उनके प्रतिनिधि स्वरूप नन्दन कुमार को भी आमंत्रित किया गया है। अपने मुखिया को मिले इस सम्मान से उनके पंचायतवासियों में हर्ष का माहौल है तो वहीं प्रखंड अन्य पंचायतों के मुखिया ने भी जिला से महज महिषी प्रखंड के दो पंचायतों के मुखिया को मिले इस विशेष आमंत्रण को पूरे प्रखंड के लिए गौरव का क्षण बतलाया है।वहीं, इस अपने इस उपलब्धि पर बीरगांव पंचायत की मुखिया अर्चना आनन्द ने बताया कि राजनीति का मूल उद्देश्य हमेशा जनता के हित में निर्णय लेना होना चाहिए। आज जब कई जगह शोर, भ्रम और दिखावे की राजनीति हावी है, ऐसे समय में हमारा दायित्व और भी बढ़ जाता है कि हम सच्चाई, पारदर्शिता और जमीनी मुद्दों पर आवाज बुलंद करें। मैं अपने क्षेत्र के उन सभी लोगों का धन्यवाद करती हूं जो विकास, सम्मान और शांति की राजनीति को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं।

### पटना जू में अब आसमानी सैर, जल्द शुरू होगा ट्री-टॉप वॉक-वे

पटना। बिहार की राजधानी स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान यानी पटना जू अब जल्द ही नए रंग-रूप में नजर आएगा। अब यहाँ आने वाले पर्यटक न केवल जमीन पर वन्यजीवों को देख सकेंगे, बल्कि ट्री-टॉप वॉक-वे के जरिए पेड़ों की ऊंचाइयों से जंगल का दीदार भी करेंगे। इस बात की जानकारी वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने दी है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बताया कि जू प्रशासन अब डिजिटल इंडिया की राह पर है। अगले 15 दिनों के भीतर ऑनलाइन टिकट सेवा शुरू कर दी जाएगी। इससे फायदा यह होगा कि पर्यटक घर बैठे मोबाइल से टिकट बुक कर सकेंगे। साथ ही ऑफलाइन काउंटर भी पहले की तरह खुले रहेंगे ताकि किसी को असुविधा न हो। आनंद किशोर ने बताया कि दोनों प्रवेश द्वारों का सौंदर्याकरण किया जाएगा। दीवारों पर आकर्षक 3-डी पेंटिंग उकेरी जाएगी। इसके साथ ही मछलीघर का नवीनीकरण होगा और मेडिसिनल गार्डन को नए सिरे से सजाया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए जू परिसर में 150 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। उन सीसीटीवी कैमरों को नियंत्रित करने के लिए एक हाई-टेक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनेगा, जहाँ से पूरे जू की हर गतिविधि पर 24 घंटे नजर रखी जाएगी।

## भागलपुर शहर में विकास योजनाओं की झड़ी



भागलपुर। शहर के विकास और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में बुधवार को विकास योजनाओं की आधारशिला रखी गई। मेयर डॉ. बसुंधरा लाल ने फीता काटकर नगर विकास एवं आवास विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। वार्ड संख्या 31 के सच्चिदानंद नगर में मलिन बस्ती योजना अंतर्गत पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया, जिसकी लागत 16.91 लाख रुपये है। इसी वार्ड की न्यू विक्रमशिला कालोनी में पीसीसी पथ एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया, जिस पर 18.66 लाख रुपये खर्च होंगे। वार्ड संख्या 31 में पाइप लाइन सहित दो प्याऊ (पेयजल केंद्र) का भी उद्घाटन किया गया, जिसकी लागत 15.33 लाख रुपये है। वहीं, वार्ड संख्या 27 के मंडल टोला में पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य (लागत 15.54 लाख रुपये) तथा वार्ड संख्या 12 में साबिर खान के घर से सेंट जोसेफ स्कूल रोड तक पीसीसी पथ एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य 24.95 लाख रुपये की योजना का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर मेयर डॉ. बसुंधरा लाल ने कहा कि नगर निगम का मुख्य लक्ष्य शहरवासियों को जलजमाव से मुक्ति दिलाना और सुगम व सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराना है। मौके पर पार्षद कुषमा देवी, पार्षद सालेहा रानो एवं पार्षद निकेश कुमार सहित संबंधित वार्डों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मछली पालन के साथ 'स्वर्ण वैदेही' मखाना, किसानों की आय बढ़ाने का नया मॉडल

मझौलिया। कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर में किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में नई पहल की गई है। केंद्र परिसर के पोखर में मछली पालन के साथ मखाना की उन्नत किस्म ह्यस्वर्ण वैदेहीह्न का उत्पादन शुरू किया गया है। यह मॉडल कम लागत में अधिक लाभ देने वाला है। मखाना उत्पादन के साथ मछली पालन होने से एक ही जलस्रोत से दोहरा लाभ मिलेगा। चौर और अनुपयोगी जलभराव वाले क्षेत्रों को पोखर के रूप में विकसित कर इस तकनीक को अपनाया जा सकता है। इससे न केवल मखाना और मछली का उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि किसानों की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। यह मॉडल किसानों के लिए प्रशिक्षण और प्रदर्शन के रूप में तैयार किया गया है, ताकि वे इसे अपने स्तर पर अपनाकर स्थायी आय का स्रोत बना सकें।कृषि केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि केंद्र के तालाब में इस किस्म के बीजों का सफल बुवाई कार्य हो चुका है।



'स्वर्ण वैदेही' किस्म का मखाना अपनी उच्च उत्पादन क्षमता और कम समय में तैयार होने की विशेषता के कारण प्रगतिशील किसानों की पहली पसंद है। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों को मखाना उत्पादन की आधुनिक तकनीक से अवगत कराना और उन्हें जागरूक करना है। जिले में प्रचुर मात्रा में तालाब और 'चौर' एवं जलजमाव वाले निचले इलाके हैं। जहां इसका उत्पादन हो सकता है। मखाना और मछली पालन का यह एकीकृत माडल किसानों के लिए एक वरदान है। इसमें तालाब के जल का उपयोग मखाना उगाने के साथ-साथ मछली पालन के लिए किया जाता है।

मखाना के पौधे तालाब के ऊपरी हिस्से में विकसित होते हैं, जबकि मछलियां पानी के निचले स्तर पर पलती हैं। इससे न केवल संसाधनों का कुशल प्रबंधन होता है, बल्कि खेती की लागत में भी भारी कमी आती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक स्वर्ण वैदेही मखाना उच्च उपज देने वाली है। इसके दाने आकार में बड़े, सफेद और आकर्षक होते हैं, जिससे बाजार में बेहतर दाम मिलता है। पौधे रोग-प्रतिरोधक क्षमता वाले होते हैं, जिससे नुकसान कम होता है। कम अवधि में तैयार होने वाली किस्म है, इसलिए किसानों को जल्दी लाभ मिलता है। पानी भरे पोखर, चौर और दलदली भूमि में भी अच्छी पैदावार देती है। प्रसंस्करण के बाद मखाने का फुलाव अच्छा होता है, जिससे गुणवत्ता बढ़ती है। भंडारण क्षमता बेहतर होने से लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

# वाल्मीकिनगर एयरपोर्ट को कमर्शियल स्तर पर विकसित करने की तैयारी



बगहा। वाल्मीकिनगर एयरपोर्ट को कमर्शियल लेवल पर विकसित करने की दिशा में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कदम बढ़ा दिए हैं। इसी क्रम में गोरखपुर से आई एएआइ के अधिकारियों की टीम ने वाल्मीकिनगर एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य एयरपोर्ट के विस्तार और व्यावसायिक संचालन की संभावनाओं का आकलन करना रहा। बगहा-दो के राजस्व पदाधिकारी रवि प्रकाश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के लगभग तीन दिन बाद एयरपोर्ट परिसर की मिट्टी की जांच कराई जाएगी, ताकि रनवे और अन्य संरचनाओं के विस्तार में तकनीकी अड़चनों से बचा जा सके। इसके साथ ही एयरपोर्ट की बाउंड्री की मरम्मत कराई जाएगी और साफ-सफाई के लिए जंगली घास जम ग्रास की कटाई की जाएगी।सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एयरपोर्ट पर जल्द ही डीएसपी रैंक के एक अधिकारी की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा, सुरक्षा जांच के लिए पर्याप्त संख्या में सिपाहियों की भी तैनाती होगी, ताकि भविष्य में कमर्शियल उड़ानों के संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरा पालन किया जा सके। एयरपोर्ट तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से एयरपोर्ट को जोड़ने वाली सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर 40 फीट की जाएगी। इस सड़क को तीन लेन में विकसित किया जाएगा, जिसमें दो लेन आम लोगों के लिए और एक लेन वीआईपी आवागमन के लिए निर्धारित होगी। इसके लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। यदि भूमि किसी रैयतदार की हुई तो उसे खाली कराकर सरकार की ओर से रैयत दर के अनुसार मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। राजस्व पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में एयरपोर्ट का रनवे लगभग 11 सौ मीटर लंबा है, जिसे आगे और बढ़ाया जाएगा, ताकि बड़े विमानों के संचालन की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही एयरपोर्ट के समीप स्थित एसएसबी कैंप को भी स्थानांतरित करने की योजना पर विचार चल रहा है।

# पटना समेत 4 जिलों में 8वीं तक के स्कूल बंद

## 37 जिलों का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे, कोहरे में बक्सर में ट्रक टकराए, 2 की मौत

पटना। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही बर्फबारी का असर प्रदेश पर भी पड़ रहा है। इससे प्रदेश के सभी जिलों में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। ठंड के कारण पटना समेत 3 जिलों में 8वीं क्लास तक के स्कूल को बंद कर दिया गया है। पटना जिला प्रशासन ने 8वीं तक के सभी स्कूल 11 जनवरी तक के लिए बंद कर दिए हैं। यह आदेश 9 जनवरी से लागू होगा। इसके साथ ही बेगूसराय और भागलपुर में 8वीं क्लास तक के सभी स्कूल 10 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। बांका में 8वीं क्लास तक के सभी स्कूल 12 जनवरी तक बंद कर लिए गए हैं। मधुबनी को छोड़कर 37 जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में शेखपुरा, छपरा, किशनगंज और गयाजी में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, 4.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर सबसे ठंडा जिला रिकॉर्ड किया गया। समस्तीपुर का तापमान 5.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने पूरे बिहार में कोहरे और कोल्ड-डे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के



कई जिलों में सुबह से ही घना कोहरा छाया है। पटना में कोहरे के चलते विजिबिलिटी 50 है। राजधानी के कई इलाकों में ओस की बारिश हुई। गुरुवार को पटना का न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री दर्ज किया गया। कोहरे के कारण पटना एयरपोर्ट से बुधवार को इंडिगो की 5 जोड़ी फ्लाइट रद्द हो गई, जबकि 22 जोड़ी लेट रहीं। इधर, बक्सर में घने कोहरे के कारण दो ट्रकों के बीच टक्कर हो गई। हादसे में खलासी और ड्राइवर की मौत हो गई है। हादसा ठल-319 पर नवानगर थाना क्षेत्र के कड़सर गांव के पास सुबह 6 बजे हुआ है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार, उत्तर भारत में बने पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों तक पहुंच रहा है। इसके कारण ठंडी पछुआ हवा प्रदेश में आ रही है। यह हवा ठंडक लिए आ रही है। इससे न्यूनतम तापमान सामान्य तापमान से नीचे रिकॉर्ड की जा रही है। अगले 3 से 4 दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। पछुआ हवा के कारण धूप निकलने के बावजूद ठिठुरन महसूस हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक के अनुसार, आज कई जिलों में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलने की संभावना है। इस हवा के कारण कनकनी और ज्यादा बढ़ेगी। खुले इलाकों, खेतों और हाईवे पर ठंड का असर ज्यादा रहेगा। मौसम विभाग ने खास तौर पर बुजुर्गों, छोटे बच्चों और पहले से बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। घने कोहरे के चलते बक्सर के नवानगर स्थित कड़सर गांव के एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र से टमाटर लेकर कटिहार जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे किसी दूसरे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए और केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सोनवर्षा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद चालक और खलासी के शव को क्षतिग्रस्त ट्रक से बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार ,ट्रक ड्राइवर की पहचान महाराष्ट्र निवासी मोहम्मद अली के रूप में की गई है, जबकि खलासी की पहचान नहीं हो सकी है। पटना मौसम खराब होने से बुधवार को इंडिगो की पांच जोड़ी फ्लाइट रद्द हो गई, जबकि 11 जोड़ी लेट रहीं। रद्द होने वाली फ्लाइट में दो दिल्ली, दो कोलकाता और एक मुंबई की थी।



# हाई ब्लड शुगर होने पर शरीर के इन अंगों पर पड़ सकता है बुरा असर

डायबिटीज के मामलों में तेजी देखी जा रही है। भारत में डायबिटीज के आंकड़े चिंताजनक है। जी हां, करीब 77 करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में है। वहीं अनुमान जताया जा रहा है कि साल 2045 तक यह संख्या बढ़कर 134करोड़ तक पहुंच जाएगी। अचानक से शरीर में ब्लड के रक्तस्त्राव के बढ़ जाने को हाइपरग्लेसेमिया कहा जाता है। इससे शरीर के कई अंगों को क्षति पहुंचती है।

## आंखों की समस्या

डायबिटीज होने के बाद एक अच्छी लाइफस्टाइल से ही अच्छे से लॉन्ग लाइफ जी सकते हैं। ब्लड शुगर असामान्य रूप से बढ़ने से आंखों पर प्रभाव पड़ता है। इससे धुंधलापन होना, मोतियाबिंद होना, ग्लूकोमा जैसी समस्या घेरने लगती है। इसके लिए पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है।

## घाव के ठीक होने में वक्त लगना

दरअसल, हाइपरग्लेसेमिया की वजह से घाव ठीक होने में वक्त लगता है। कई बार महीने भी लग जाते हैं। इतना ही नहीं घाव अगर ठीक नहीं होता है तो कई बार इंफेक्शन नहीं फैले इसलिए अंग को ही निकालना पड़ता है। जिसका कारण होता है रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना।

## संक्रमण का खतरा

रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण संक्रमण का खतरा अधिक होता है। डायबिटीज मरीज को यूरिन के संक्रमण का खतरा बहुत अधिक होता है। इसका प्रभाव किडनी पर भी पड़ता है।

## पैरों की समस्या

मधुमेह होने के कारण पैर अधिक दर्द करते हैं। कई बार असहनीय दर्द रहता है। पैरों में घाव हो जाना, उंगलियों का कालापन होना।

शुगर कंट्रोल नहीं होने पर पूरे पैर में भी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है मीठा जरा भी नहीं खाएं और शुगर फ्री चीजों का ही सेवन करें।



# आहार में शामिल करें ये नॉन डेयरी कैल्शियम रिच फूड नहीं होगी कैल्शियम की कमी

शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए दूध और दूध से बने उत्पादों का सेवन बहुत जरूरी होता है। लेकिन यदि आपको दूध पीना पसंद नहीं है या आपको दूध से एलर्जी है तब आप क्या करेंगी? नहीं आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रकृति ने हमें ऐसे बहुत से खाद्य पदार्थ दिए हैं, जिनमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है। इसलिए आज बात करते हैं उन फूड्स की जो दूध के बिना भी आपके शरीर में कैल्शियम की कमी नहीं होने देंगे।

## क्यों जरूरी है कैल्शियम

हमारे शरीर में हड्डियों के विकास के लिए कैल्शियम बेहद आवश्यक है। यह हड्डियों के साथ ही मांसपेशियों, कोशिकाओं और हृदय व नसों के सुचारू रूप से काम करने के लिए भी बहुत जरूरी है। हमारे शरीर में कैल्शियम की मात्रा सबसे अधिक पायी जाती है। इनमें से लगभग 98% हिस्सा हमारे दांतो और हमारे शरीर की हड्डियों में प्रयोग होता है। जबकि इसका 1% रक्त और मांसपेशियों में प्रयोग होता है। इसलिए कैल्शियम सभी के लिए आवश्यक है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक कैल्शियम की जरूरत होती है। इसी वजह से कैल्शियम की आपूर्ति के लिए दूध और दूध से बने पदार्थों का सेवन किया जाता है। मगर यदि आपको दूध से एलर्जी है या आपको दूध पीना पसंद नहीं है, तो आपको नॉन डेयरी प्रोडक्ट से यह जरूरत पूरी करनी होगी।

## हरी सब्जियां

गहरे रंग वाली सब्जियां जैसे बथुआ, पालक, चौलाई, मेथी आदि में आयरन और फोलेट के साथ-साथ कैल्शियम की भी अच्छी मात्रा होती है। आप इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर कैल्शियम की प्राप्ति कर सकती हैं।

## बादाम और अंजीर

बादाम को पावर बैंक कहा जाता है, क्योंकि इसमें सभी आवश्यक आयरन और विटामिन होते हैं। यह कैल्शियम में भी काफी समृद्ध होता है। इसी के साथ-साथ अंजीर में भी आयरन और कैल्शियम की समृद्ध मात्रा होती है। नाश्ते, लंच या हल्की स्नैकिंग के रूप में आप बादाम और अंजीर का एक साथ सेवन कर सकती हैं।

## डाइट में शामिल करें सोया

यदि आप अपनी डाइट में सोया या उससे बने फूड्स जैसे टोफू का प्रयोग करती हैं तो आपको लगभग 220 मिलीग्राम से 250 मिलीग्राम कैल्शियम की आपूर्ति होती है। जो आपकी दैनिक जरूरत के बराबर है।

## भुने हुए तिल

यदि आप कैल्शियम रिच नॉन डेरी प्रोडक्ट की तलाश में हैं, तो भुने हुए तिल आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। एक्सपर्ट के मुताबिक लगभग 25 ग्राम तिल आपको 270 मिलीग्राम कैल्शियम, दैनिक जरूरत के बराबर आपूर्ति करता है।

## मछली भी है कैल्शियम रिच

सार्डिन या साल्मन यह दो बेहतरीन मछलियां हैं। जिनसे दैनिक जरूरत की कैल्शियम की आपूर्ति होती है। यह दोनों ही कैल्शियम, ओमेगा 3 फैटी एसिड और प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं। आपको इनको बस जरूरत के मुताबिक ही खाना है। यानी कि हफ्ते में लगभग दो टुकड़े।

## साबुत अनाज एवं दालें

आप अपनी डाइट में ऐसे कुछ अनाज या दालों का प्रयोग कर सकती हैं, जो कैल्शियम का बेहतरीन स्रोत हैं। जैसे कि मोठ, राजमा, कुलथी, बाजरा, चना, सोयाबीन, रागी आदि।



# आयुर्वेद ने भी माना खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.

## गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।

## डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए। इस चाय को खाली पेट पीने से अपच, ब्लोटिंग और वजन कम करने में मदद मिलेगी।

अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।

## कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## सिलेरी जूस

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।

## वजन घटाने के बुनियादी नियम

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।



# डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए डाइट में शामिल करें अनार के फूल

**खून बढ़ाने से लेकर ग्लोइंग स्किन पाने के लिए अनार खाने के फायदों के बारे में आपने सुना ही होगा। लेकिन क्या आपने अनार के फूल के फायदों के बारे में सुना है। प्राकृति ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया है, जो स्वस्थ रहने और किसी बीमारी से लड़ने के लिए काफी है। ऐसा ही एक प्राकृति का तोहफा है अनार का फूल। आइए जानते हैं अनार के फूल के फायदों के बारे में।**

- शुगर की परेशानी इन दिनों आम हो गई है। दुनियाभर में कई लोग इस जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। हालांकि इसे कंट्रोल करने के कई तरीके हैं, लेकिन बावजूद इसके इसे ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में एक स्वस्थ जीवन शैली पर स्विच करना महत्तवपूर्ण है। शुगर के मरीजों को कम चीनी और फाईड चीजों को अवॉइड करना चाहिए। ऐसे में डाइट में अनार के फूल शामिल करना अच्छा हो सकता है। हेल्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक अनार के फूल में फोटोकेमिकल होता है, जो शुगर के मरीजों के लिए अच्छा होता है।
- बेदाग स्किन और स्वस्थ चमक इन दिनों खो सी गई है। पर्यावरण प्रदूषण और गलती जीवनशैली के चलते ऐसी त्वचा पाना बेहद ही मुश्किल हो गया है। वहीं बीजी रूटीन में नियमित त्वचा की देखभाल करना भी मुश्किल होता है। ऐसे में आप अनार के फूल पर विश्वास कर सकते हैं, इसकी मदद से झुर्रियों और समय से पहले बूढ़ा होने से बचा जा सकता है।
- कोरोना काल में हर किसी ने एक चीज अच्छे से सिखी है और वो है स्वस्थ्य रहना। लोग इन दिनों स्वस्थ और इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाली हर एक चीज का पूर्ण रूप से ख्याल रख रहे हैं। ऐसे में अनार के फूल भी स्वस्थ रहने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। जो बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में मदद करते हैं।
- अनार के फूल को डाइट में शामिल करने से अपने कार्डियोवस्कुलर हेल्थ का ख्याल रख सकते हैं। शरीर में सबसे महत्तवपूर्ण अंगों में से एक होता है हृदय, जो पूरे शरीर में ब्लड पंप करता है। इससे न केवल ऑक्सीजन बल्कि शरीर के विभिन्न कार्यों को करने के लिए पोष्क तत्व भी पहुंचाता है। अगर दिल की सेहत का ध्यान न रखा जाए तो आप आलसी, सुस्त और लो एनर्जी महसूस करेंगे।
- अनार का फूल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के साथ शरीर में जमा फैट को खत्म कर आपको हेल्दी रखता है। हालांकि अच्छे परिणाम के लिए आपको कसरत करनी होगी।

## कैसे करें अनार के फूल का इस्तेमाल

आप अनार के फूलों के सपलीमेंट ले सकते हैं, या फिर अगर आपको अनार के फूल मिल जाते हैं तो आप इसकी चाय बनाकर पी सकते हैं। हालांकि किसी भी तरह की जलन महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।




# दूध, दही, पनीर के सेवन से कम होता है डायबिटीज और हाई बीपी का खतरा

**वैज्ञानिकों के अनुसार दही, दूध या पनीर का रोजाना सेवन डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम करता है। हाल ही में एक शोध ने डेयरी रिच डाइट (यानी दही, दूध या पनीर युक्त खाद्य पदार्थ) को रक्त शर्करा के स्तर, ब्लड प्रेशर में सुधार और हृदय रोग संबंधी जोखिमों को कम करने से जोड़ा गया। शोध के मुताबिक, रोजाना इन डेयरी उत्पादों का दो बार सेवन इन बीमारियों से राहत दिलाने में फायदा करता है।**

इस अध्ययन को डायबिटीज रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का विश्लेषण करना था। उन्होंने भारत सहित दुनियाभर के 21 देशों के 35 से 70 वर्ष के लोगों में डेयरी रिच डाइट के प्रभाव का गहराई से अध्ययन किया। इस शो में डेयरी उत्पादों जैसे दूध, दही, दही से बने पेय, पनीर से बनी डिशेज शामिल थीं। इन्हें फुल या लो फैट के रूप में बांटा गया था। बटर और क्रीम का अलग से मूल्यांकन किया गया था, क्योंकि वे आमतौर पर उन देशों में नहीं खाए जाते थे जो अध्ययन का हिस्सा थे।

मेटाबॉलिक सिंड्रोम के पांच घटकों पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का अध्ययन किया गया था। यह अध्ययन लगभग 1,13,000 लोगों में किया गया। मेटाबॉलिक सिंड्रोम एक तरह से समस्याओं का झुंड होता है। मुख्य रूप से इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्लड शुगर बढ़ जाना, कमर के आसपास चर्बी बढ़ जाना और कोलेस्ट्रॉल व ट्राइग्लिसराइड का स्तर असामान्य हो जाना जैसी समस्याएं शामिल होती हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम में ये समस्याएं एक साथ होती हैं जिससे स्ट्रोक, डायबिटीज व हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है।

शोधकर्ताओं ने हाई ब्लड प्रेशर, बढ़ी हुई कमर, गुड कोलेस्ट्रॉल का निम्न स्तर, हाई ब्लड फैट्स और बढ़े हुए फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज की 12 महीनों की स्थिति को ट्रैक किया। अध्ययन से पहले लगभग 46,667 लोगों को मेटाबॉलिक सिंड्रोम था, यानी उनमें पांच में से कम से कम तीन स्थितियां थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि फुल फैट वाले डेयरी का सेवन करने से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का जोखिम कम था। इससे पता चलता है कि डेयरी प्रोडक्ट शरीर की कार्यप्रणाली में कैसे सुधार करते हैं। शोध में कहा गया है कि यदि इन निष्कर्षों के आधार पर बड़े और दीर्घकालिक परीक्षणों में पुष्टि की जाती है, तो बढ़ती डेयरी खपत मेटाबॉलिक सिंड्रोम, डायबिटीज और हृदय रोग के मामलों को कम करने के लिए बड़े काम की हो सकती है।

डेयरी उत्पादों में स्वास्थ्य लाभ में हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती, पाचन में सुधार, वजन घटाना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक डेयरी उत्पाद प्रोटीन और कैल्शियम के बड़े स्त्रोत हैं। इसके अलावा यह उत्पाद विटामिन और मिनरल्स के भी बड़े संयोजक होते हैं। डेयरी उत्पाद मुख्य रूप से पशुओं के दूध से निर्मित खाद्य या पेय पदार्थ होते हैं। मुख्य रूप से जिन पशुओं के दूध का प्रयोग इन उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है उनमें गाय, भैंस, बकरी, भेड, याक और ऊंट शामिल हैं।

# हेल्दी डाइट के लिए खाइए ब्राउन राइस

**जो लोग हेल्दी डाइट और व वजन कम करने में दिलचस्पी रखते हैं और चावल से परहेज करते हैं, उनके लिए ब्राउन राइस एक बेहतरीन विकल्प है। कैलोरी कम होने के साथ-साथ इसके और भी कुछ फायदे हैं। जानिए इसके 5 फायदे.**



## कोलेस्ट्रॉल

ब्राउन राइस खाने का सबसे बड़ा फायदा यही है कि यह कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अनचाहे फैट को शरीर के आंतरिक भागों में जमने से रोकता है।

## डाइबिटीज

सामान्यत: चावल में शर्करा की मात्रा अधिक होती है, जिसके कारण डाइबिटीज के रोगी इससे दूरी बनाए रखते हैं। लेकिन ब्राउन राइस के सेवन से रक्त में शर्करा का स्तर नहीं बढ़ता। इसलिए यह आपके लिए बेहतर विकल्प है।

## हृदय रोग

हार्टअटैक या हृदय के अन्य रोग, ज्यादातर हृदय की धमनियों में कोलेस्ट्रॉल के जमाव के कारण होते हैं। ऐसे में ब्राउन राइस का सेवन इससे बचाकर आपके हृदय की भी रक्षा करता है।

## हड्डियां

मैग्नीशियम व कैल्शयिम से भरपूर होने के कारण ब्राउन राइस, हडडियों को मजबूत करने के लिए बेहद फायदेमंद है। सफेछ चावल की अपेक्षा यह सेहत के कई फायदे देता है।

## वजन कम

वजन कम करना चाहते हैं, और चावल से दूर नहीं रह सकते, तो सफेद चावल की जगह ब्राउन राइस को भोजन में शामिल करें। कुछ ही समय में आप वजन में कमी महसूस करेंगे।

# जरूरी नहीं महंगी बादाम खाना, सस्ती मूंगफली भी है प्रोटीन का खजाना

मूंगफली का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। बल्कि इसे बादाम का पर्याय माना जाता है। जितने पोषक तत्व बादाम में मौजूद होते हैं वह सभी मूंगफली में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। लेकिन बादाम महंगा होता है और मूंगफली सस्ती होती है लेकिन आप बादाम की जगह मूंगफली भी खा सकते हैं। एक लीटर दूध के बजाए 100 ग्राम कच्ची मूंगफली में अधिक प्रोटीन होता है। मूंगफली के साथ ही मूंगफली के तेल के कई फायदे होते हैं। यह कीटाणुओं को खत्म करने में मददगार होता है। जानते हैं मूंगफली खाने के अचूक फायदों के बारे में -

## हड्डियों को करें मजबूत

मूंगफली के सेवन से हड्डियां मजबूत होती है। मूंगफली में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को विटामिन डी और कैल्शियम मिलता है। बादाम के बदले इसका आसानी से सेवन कर सकते हैं।

## हार्मोन को करें बैलेंस

जब महिला और पुरुषों में हार्मोंस अनबैलेंस्ड हो जाते हैं तब कई प्रकार की शारीरिक समस्या होती है। इसलिए महिला और पुरुष को रोज एक मुट्ठी मूंगफली का सेवन करना चाहिए।

## कैंसर से बचाएं

मूंगफली में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जिसका नाम है पॉलीफिनॉलिक। इसके सेवन से पेट के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। सप्ताह में 1 बार मूंगफली के साथ मक्खन का सेवन करना चाहिए।

## झुर्रियों को हटाए

मूंगफली खाने से झुर्रियां कम होती है। इसमें मौजूद तत्व चेहरे पर बारीक रेखा और झुर्रियों को बनने से रोकती है।

## डायबिटीज को करें नियंत्रित

मूंगफली का सेवन करने से डायबिटीज की आशंका कम होती है। रोज अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। ताकि घातक बीमारियों से बचा जा सकें।



# दिसंबर के लिए महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान, लिस्ट में शैफाली वर्मा अकेली भारतीय



**दुबई (एजेंसी)।** स्टार बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट, शैफाली वर्मा और दक्षिण अफ्रीका की प्रभावशाली ऑलराउंडर सुने लुस को शानदार प्रदर्शन के बाद दिसंबर 2025 के लिए ICC महिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। ICC महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद वोल्वाड्ट ने अपनी प्रतिभा दिखाना जारी रखा और सभी फॉर्मेट में तीन शतक लगाकर एक शानदार साल का समापन किया। आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करते हुए, प्रोटियाज कप्तान शानदार फॉर्म में थीं, क्योंकि उनकी टीम ने ODI (3-0) और टी20आई (2-0) दोनों सीरीज़ में क्लीन स्वीप किया।

वोल्वाड्र्ट पहले टी20आई में अपने सबसे खतरनाक फॉर्म में थीं। उन्होंने 205.35 के शानदार स्ट्राइक रेट से नाबाद 115 रन बनाए जिसमें 15 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उनका दबदबा ODI सीरीज में भी जारी रहा, जहां उन्होंने ओपनिंग की और पूरी सीरीज में अहम भूमिका निभाई। पहले मैच में 31 रन बनाने के बाद उन्होंने लगातार 2 शतक लगाए, दूसरे ODI में 111 गेंदों पर 124 रन बनाए और फिर आखिरी मैच में नाबाद 100 रन बनाकर क्लीन स्वीप पक्का किया। तीनों ODI में वोल्वाड्र्ट ने 127.50 के शानदार औसत और 111.84 के स्ट्राइक रेट से 255 रन बनाए। उन्होंने टी20आई सीरीज में 190.27 के शानदार स्ट्राइक रेट से 137 रन बनाए और सिर्फ एक बार आउट हुईं।

भारत की शैफाली वर्मा भी श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20आई सीरीज में उतनी ही विस्फोटक थीं, उन्होंने लगातार आक्रामक शुरुआत दी जिससे भारत ने घरेलू मैदान पर 5-0 से शानदार सीरीज जीत हासिल की। सीरीज के पहले मैच में शांत प्रदर्शन के बाद वर्मा ने दूसरे मैच से लय पकड़ी और नाबाद 69 रन बनाकर भारत को आसानी से जीत दिलाई। इसके बाद उन्होंने तीसरे मैच में एक और नाबाद 79 रनों की पारी खेली जिससे भारत ने 14 ओवर के अंदर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। शैफाली का सबसे शानदार प्रदर्शन चौथे टी20आई में आया, जहां उन्होंने स्मृति मंधाना के साथ एक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग पार्टनरशिप की, जो महिला टी20आई में किसी भी विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी पार्टनरशिप थी और 46 गेंदों में से 79 रन बनाए जिससे भारत ने अपना अब तक का सबसे बड़ा टी20आई टोटल 221 बनाया। वर्मा ने 5 मैचों में 181.20 के शानदार स्ट्राइक रेट और 80.33 की औसत से 241 रन बनाकर सीरीज खत्म की, और अपने मैच जिताने वाले योगदान के लिए प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ का अवॉर्ड जीता।

दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर सुने लुस ने भी एक शानदार महीना बिताया। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण प्रदर्शन किया जिससे दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को दोनों फॉर्मेट में क्लीन स्वीप किया। लुस ने पहले टी20आई में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 81 रन बनाए और फिर चार विकेट लिए। इसके बाद उन्होंने दूसरे मैच में महत्वपूर्ण 37 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 201 का बड़ा टोटल बनाया। ODI सीरीज में उनका प्रभाव और बढ़ा, जहां उन्होंने पहले मैच में नाबाद 66 रन बनाकर टॉप स्कोर किया और एक विकेट भी लिया। दूसरे ODI में लुस ने अपना दूसरा ODI शतक बनाया जिसमें 113 गेंदों में 114 रन शामिल थे और अपने खाते में एक और विकेट जोड़ा।

दो ODI मैचों में लुस ने 102.50 के शानदार औसत और 98.55 के स्ट्राइक रेट से 205 रन बनाए, साथ ही 4.97 की इकॉनमी रेट से चार विकेट भी लिए। टी20आई में उन्होंने 157.33 के स्ट्राइक रेट से 118 रन बनाए और 6.42 की इकॉनमी से चार विकेट लिए, जिससे दिसंबर महीने में एक प्रभावशाली ऑलराउंडर के रूप में उनका महत्व साबित हुआ।

# सिडनी टेस्ट के साथ ही ख्वाजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा



**मुम्बई (एजेंसी)।** सिडनी (ईएमएस)। सिडनी में एशेज सीरीज के अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का 15 साल का अंतरराष्ट्रीय करियर भी समाप्त हो गया है। सिडनी क्रिकेट मैदान में हुए पांचवें और अंतिम टेस्ट में ख्वाजा असफल रहे और दोनो पारियों में 17 और 6 रन ही बना पाये हालांकि उसने लिए खुशी की बात ये रही कि टीम की जीत के साथ हीउनका संन्यास हुआ। इस मैच से पहले ही इस क्रिकेटर ने संन्यास की घोषणा कर दी थी।

विदायी टेस्ट के पांचवें दिन जब ख्वाजा मैदान पर उतरे, तो वह अपनी टीम के आगे-आगे चलते नजर आए और उनके साथी खिलाड़ी पीछे थे। वहीं जब वह अंतिम बार बल्लेबाजी करने उतरे, तो इंग्लैंड की टीम ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया।

मैच में जीत के बाद ख्वाजा ने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ी जीत है। इस क्रिकेट सफर में सफर में बहुत कुछ लगा है। क्रिकेट एक शानदार खेल है। मैंने आज सुबह रैफरी से कहा था कि बस खेल का आनंद लेना है। मेरा सपना जीत के साथ समापन का था जो पूरा हुआ है। सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि मैं अंतिम मैच जीत सका और अपने साथियों के उन्होंने स्वीकार किया कि भावनात्मक रूप से यह मैच उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण था।

ख्वाजा ने कहा, यह बहुत मुश्किल था। मैं खुद को शांत दिखाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इतने अहम टेस्ट मैच में अपनी भावनाओं पर काबू रखना आसान नहीं था। मैंने हमेशा अपने करियर में भावनाओं को नियंत्रित करने में सफल रहा पर इस मैच में ध्यान लगाना बेहद कठिन हो गया था।इसका एक कारण ये भी रहा कि यहीं अपना बचपन बिताया था और यहीं से फर्स्ट क्लास और टेस्ट डेब्यू किया था।

ख्वाजा ने कुल 88 टेस्ट, 40 एकदिवसीय और 9 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 43.39 के औसत से 6229 रन बनाए हैं। टेस्ट प्रारुप में उन्होंने 16 शतक और 28 अर्धशतक लगाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनका सबसे अधिक स्कोर 232 रनों का रहा है। वहीं एकदिवसीय प्रारुप में उन्होंने 1554 रन बनाए।

# तिलक सर्जरी के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हुए



### -विश्कप में भी खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा की सर्जरी हुई है। इस कारण अब तिलक न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गये हैं। यहां तक कि वह अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप में भी शायद ही खेल पायें। तिलक को राजकोट में तेज दर्द उठने के बाद अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद उनकी चोट गंभीर पाये जाने के कारण सर्जरी की गयी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला इसी माह 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने कहा, 'विजय हजारे टूर्नामेंट के लिए हैदराबाद की टीम के साथ राजकोट में खेल रहे तिलक को ग्रोइन क्षेत्र में तेज दर्द उठा। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां स्कैन करने पर तत्काल सर्जरी करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा, 'हमने अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों से राय ली और वे भी इस बात से सहमत थे। तिलक की सर्जरी सफल रही और अब वह ठीक है। चिकित्सा पैनल के साथ चर्चा के बाद जैसे ही हमें उनके स्वास्थ्य में सुधार और खेल में उनकी वापसी के संभावित समय के बारे में जानकारी मिलेगी, उसकी जानकारी दी जाएगी। तिलक अगर विश्वकप तक फिट नहीं होते तो ये भारतीय टीम के लिए करारा झटका होगा क्योंकि वह एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं। एशिया कप में उन्होंने शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलायी थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर 4-1 से एशेज सीरीज जीती

**सिडनी (एजेंसी)।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में पांच विकेट से हराकर एशेज सीरीज 4-1 से जीत ली है। इस सीरीज में हार के साथ ही कप्तान बेट स्टोक्स की इंग्लैंड टीम के एशेज जीतने का सपना भी टूट गया। इस पूरी सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम हावी रही और इंग्लैंड उसके सामने कहीं नहीं टिक पायी। इंग्लैंड की टीम केवल चौथे बॉक्सिंग डे टेस्ट में ही जीतने में सफल रही। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहला, दूसरा, तीसरा और पांचवा टेस्ट जीतकर एक बार फिर एशेज में अपनी बादशाहत साबित की है।

मैच के पांचवे दिन दिन इंग्लैंड की टीम सुबह ही अपनी दूसरी पारी में 342 रन बनाकर आउट हो गयी। जैकब बेथेल ने सबसे अधिक 265 गेंदों पर 154 रन बनाये। वहीं हैरी ब्रूक 42 और जेमी स्मिथ 26 रन बनाकर आउट हुए। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से आलराउंडर ब्यू वेब्स्टर और मिचेल स्टार्क ने दूसरी पारी में 3-3 विकेट लिए, जबकि बोलैंड ने दो विकेट लिए जबकि एक विकेट नेसर को मिला।

इसके बाद पहली पारी में मिली 183 रनों की बढ़त के कारण ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए केवल 160 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 31.2 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी की शुरुआत सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और जैक वेदरलैंड ने की। ट्रेविस 29 जबकि वेदरलैंड



34 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वहीं कप्तान स्टीव स्मिथ ने 12 रन बनाये। उस्मान ख्वाजा अपने कैरियर के अंतिम मैच में असफल रहे और 7 गेंद पर केवल 6 रन ही बना पाये। मार्नस लाबुशेन ने 37 रन बनाए। वहीं कैमरन ग्रीन 22 और एलेक्स कैरी 16 रन बनाकर नाबाद रहे। कैरी ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलायी।।

इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने जो रूट के शतक 160 रन और हैरी ब्रूक के 84 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी में 384 रन बनाये थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों से करारा जवाब देते हुए पहली पारी में 567 रन बनाये। स्मिथ ने 138 रनों की पारी खेली। वहीं ब्यू वेबस्टर ने नाबाद 71 रन बनाये।

# रुट इसी प्रकार खेले तो अगले कुछ साल में सचिन का रिकार्ड तोड़ देंगे

सिडनी (ईएमएस) ।इंग्लैड के बल्लेबाज जो रूट ने एशेज टेस्ट सीरीज में जिस प्रकार से दो शतक लगाये है। उससे वह रनों के मामले में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के और करीब पहुंच गये हैं ।टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन के नाम है ।सचिन ने टेस्ट में 200 मैचों में 15921 रन बनाए थे ।वहीं जो रूट ने अब तक 163 टेस्ट मैचों में 13928 रन बनाये हैं ।अब रूट और सचिन के बीच 1,984रनों का अंतर रह गया है ।अगर रूट का यही फॉर्म कुछ और समय तक जारी रहता है तो वह सचिन के सबसे ज्यादा रन बनाने के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं ।टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने का विश्व रिकॉर्ड भी सचिन के नाम है ।उन्होंने अपने टेस्ट करियर में कुल 51 टेस्ट शतक लगाए थे ।वहीं रूट सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं ।उन्होंने अभी तक कुल 41 टेस्ट शतक लगाए हैं ।अब अगर रूट को तेंदुलकर के इस रिकॉर्ड को तोड़ना है तो उन्हें आने वाले समय में 11 शतक और लगाने होंगे ।रुट की उम्र अभी 35 साल है और ऐसे में दो से दिन साल तक खेलने का समय उनके पास और है जिसमें वह इसी लय ये खेलते रहे तो सचिन के रिकार्ड के पास पहुंच ही नहीं उसे तोड़ भी सकते हैं ।

# स्टार्क 30 विकेट लेने वाले विशिष्ट क्लब में शामिल हुए




सिडनी ।ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज में 31 विकेट लेते ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है ।अब स्टार्क एशेज में 30 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों के एक विशेष क्लब में शामिल हो गए हैं । स्टार्क ने पांच मैचों की सीरीज की 10 पारियों में 19.93 के बेहतरीन औसत के साथ ही 31 विकेट लिए, इस दौरान उन्होंने दो बार पांच विकेट भी लिए ।स्टार्क, ने इस सीरीज में टीम की जीत में भी अहम भूमिका निभाई ।इससे पहले साल दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न ने 2005 सीरीज में 40 विकेट, मिशेल जॉनसन ने 2013-14 में 37 विकेट, ग्लेन मैकग्रा ने साल 2001 में 32 विकेट, और वॉर्न ने 2001 में 31 विकेट लिए थे ।अब इस सूची में स्टार्क भी शामिल हो गये हैं ।एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 4- ।से जीत दर्ज की ।

# मलेशिया ओपन में भारत का डबल धमाल, पीवी सिंधु और सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी गुरुवार को चल रहे मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) सुपर 1000 प्रतियोगिता में भाग लेते हुए, पूर्व विश्व चैंपियन ने जापान की आठवीं वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। बीडब्ल्यूएफ महिला एकल रैंकिंग में वर्तमान में 18वें स्थान पर काबिज दो बार की ओलंपियन ने अपने पहले दौर के मैच में विश्व नंबर 33 की खिलाड़ी सुंग शुओ-युन (चीनी ताइपे) को 21-13, 22-20 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया।




सिंधु ने पहले गेम में 21-8 से दबदबा बनाया और दूसरे गेम में 21-13 से जीत हासिल करके अपनी लय बरकरार रखी। सिंधु अब क्वार्टर फाइनल में चीन की गाओ फांग जी और जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी। पुरुष युगल में, तीसरी वरीयता प्राप्त चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने भी मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 39 मिनट में 21-18 और 21-11 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, भारतीय जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपना शीर्ष रिकॉर्ड 4-0 कर लिया।

अब उनका मुकाबला चीन के ताइपे के चेन झी रे/लिन यू चिएह और छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के फजर अल्फियन/फिकरी मुहम्मद के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। चिराग और सात्विकसाईराज ने चीन के ताइपे के ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन को 21-13, 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। यह मैच मात्र 35 मिनट तक चला।

# चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटीं



वुहान ।चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने की घोषणा की है, उन्होंने कहा कि वह अभी तक अपनी पसंदीदा प्रतिस्पर्धी स्थिति में नहीं पहुंची हैं ।झेंग ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट किया, जिसमें कहा गया कि यह फैसला उनकी टीम द्वारा सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और मेडिकल सलाह के बाद लिया गया है ।हालांकि झेंग ने कहा कि उनकी रिकवरी अच्छी तरह से हो रही है और उनका ऑफ-सीजन सुचारू रूप से चला गया है, उन्होंने कहा कि ग्रैंड स्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ियों को 'अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्थिति' में होना चाहिए । उन्होंने कहा, 'फिलहाल, मैं अभी तक उस सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं पहुंची हूं जो मैंने अपने लिए तय की है ।' 'झेंग ने इस वापसी को 'अविश्वसनीय रूप से कठिन' बताया ।झेंग ने कहा, 'मेलबर्न मेरी भाग्यशाली जगह है, जहां मैंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम मेन ड्रॉ मैच जीता और जहां मुझे अपना सबसे अच्छा अनुभव मिला ।मेरा इस जगह से एक खास रिश्ता है, और मैं मेलबर्न पार्क में अपना नया सीजन शुरू करने के लिए बहुत उत्सुक थी ।' झेंग 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचीं, जहां वह आर्यना सबालेंका से हार गईं ।विंबलडन में पहले दौर से बाहर होने के बाद पिछले जुलाई में उनकी कोहनी की सर्जरी हुई थी ।23 वर्षीय खिलाड़ी ने चाइना ओपन में वापसी की कोशिश करने से पहले यूएस ओपन और कई अन्य टूर्नामेंट छोड़ दिए, लेकिन चोट के दोबारा होने के कारण तीसरे दौर के मैच के तीसरे सेट में उन्हें रिटायर होना पड़ा ।

# डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले मिताली राज का बड़ा बयान, लौरा वोल्वाड्ट को बताया दिल्ली कैपिटल्स का 'गेम चेंजर'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के नए सीज़न की शुरुआत से पहले जैसे-जैसे समय बीत रहा है, पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने तीन बार फाइनल में पहुंचने वाली दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की टीम और नीलामी में चुने गए उनके महत्वपूर्ण खिलाड़ियों, जिनमें लौरा वोल्वाड्ट भी शामिल हैं, का विश्लेषण किया है। राज ने नई कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स के नेतृत्व में फ्रेंचाइजी के पहले खिताब की संभावनाओं पर भी चर्चा की। राज ने लौरा वोल्वाड्ट, उनके नेतृत्व गुणों और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के बारे में बात की।


मिताली राज ने जियोस्टार पर कहा कि लौरा वोल्वाड्ट वनडे फॉर्मेट में शानदार फॉर्म में हैं। पिछले कुछ सीज़न में गुजरात जायंट्स के लिए एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में उनका योगदान बहुत अधिक रहा है। वह अपनी टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उनके नेतृत्व गुणों और बल्लेबाजी को देखते हुए, टीम उन्हें प्लेइंग इलेवन में जरूर शामिल करना चाहेगी। 2026 सीज़न से पहले, दिल्ली कैपिटल्स ने जेमिमा को अपना नया कप्तान घोषित किया है, जो ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग की जगह लेंगी।

डब्ल्यूपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी संभालने के बारे में बात करते हुए, राज ने कहा कि उन्हें टीम का नेतृत्व करते देखना बहुत दिलचस्प होगा, और भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने जो अनुभव हासिल किया है, वह उनके लिए स्वाभाविक रूप से काम आएगा। उन्होंने आगे कहा, 'जेमिमा रोड्रिग्स को दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते देखना बहुत दिलचस्प होगा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में मुंबई की कप्तानी की है, लेकिन किसी फ्रेंचाइजी की कप्तानी करना और विदेशी खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में खेलना थोड़ा अलग होता है। हालांकि, भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने जो अनुभव हासिल किया है, उससे यह उनके लिए स्वाभाविक रूप से काम आएगा।' दिल्ली कैपिटल्स अब तक सभी डब्ल्यूपीएल सीजन के फाइनल में पहुंची है, लेकिन ट्रॉफी जीतने में नाकाम रही है। डब्ल्यूपीएल की शुरुआत 9 जनवरी से मुंबई इंडियंस (एमआई) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच होने वाले मैच से होगी। डीसी रविवार को एमआई के खिलाफ डब्ल्यूपीएल 2026 सीजन का पहला मैच खेलेगी।

# खराब दौर से गुजर रही चेल्सी ने लियम रोसेनियर को बनाया कोच

लंदन ।एम समय प्रीमियर लीग फुटबॉल की शीर्ष टीम रही चेल्सी आजकल कठिन दौर से गुजर रही है ।टीम को बड़े मुकाबलों में जीत नहीं मिल रही ।एस समय टीम किसी भी हाल में जीतने का प्रयास करती थी पर पिछले कुछ समय में इसमें अंतर आया है ।इसी के तहत ही स्ट्रासबर्ग के मुख्य कोच रहे लियम रोसेनियर को क्लब ने कोच बनाया है । 41 साल के रोसेनियर ने 2024 में पैट्रिक विएरा की जगह स्ट्रासबर्ग की कमान संभाली थी और अब वह एन्ज़ो मारेस्का की जगह चेल्सी के मुख्य कोच बने हैं ।चेल्सी के लिए यह एक बड़ा प्रयोग है । क्लब उम्मीद कर रहा है कि रोसेनियर न सिर्फ युवाओं को तकनीकी रूप से बेहतर बनाएंगे, बल्कि ड्रेसिंग रूम में अनुशासन और स्थिरता भी लाएंगे ।रोसेनियर की कोचिंग जगत में अलग छवि है ।बतौर खिलाड़ी उन्होंने प्रीमियर लीग और चैंपियनशिप में डिफेंडर के रूप में लंबा करियर बिताया ।खेल से संन्यास के बाद वह कोचिंग में आए और ब्राइटन अंडर-23, डर्बी काउंटी और फिर वेन रूनी के सहायक के तौर पर सफल रहे हैं ।वेन रूनी ने भी रोसेनियर की जमकर प्रशंसा की है । उनके मुताबिक, रोसेनियर का काम करने का तरीका,उन्हें खास बनाती है ।यह भी माना जाता है कि डर्बी में कठिन हालात के बावजूद टीम को संभालने में रोसेनियर की भूमिका अहम रही ।कोच के तौर पर रोसेनियर की सबसे बड़ी पहचान युवा खिलाड़ियों को निखारना रही है ।हल सिटी में उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद टीम को सातवें स्थान तक पहुंचाया ।वहां लियम डेलाप, टायलर मॉर्टन और फैबियो कार्वाल्हो जैसे युवा खिलाड़ियों को उन्होंने भरपूर मौके दिए ।

## उप्र चुनाव में मतदाता सूची से 2.89 करोड़ नाम हटे, भाजपा ने शुरू किया डैमेज कंट्रोल अभियान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ताजा ड्राफ्ट के अनुसार, प्रदेश की मतदाता सूची से करीब 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। यह संख्या राज्य के कुल मतदाताओं का लगभग 18.70 प्रतिशत है, जिसने राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है। इस भारी कटौती के बाद अब उत्तर प्रदेश की ड्राफ्ट सूची में मतदाताओं की कुल संख्या घटकर 12.55 करोड़ रह गई है।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि नाम हटाए जाने के पीछे मुख्य रूप से मतदाताओं की मृत्यु, उनके निवास स्थान में बदलाव (पलायन), लंबे समय से अनुपस्थिति या एक से अधिक स्थानों पर नाम दर्ज होना जैसे तकनीकी और वास्तविक कारण शामिल हैं। हालांकि, इतनी बड़ी संख्या में वोट कटने से सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी की चिंताएं बढ़ गई हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने इस स्थिति से निपटने और चुनावी गणित को दुरुस्त करने के लिए तत्काल डैमेज कंट्रोल की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के साथ एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक की। पार्टी ने अपने संगठन को स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय हों और हर पोलिंग बूथ पर कम से कम 200 नए मतदाताओं के नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। प्रदेश में कुल 1.77 लाख पोलिंग बूथ हैं और इस लक्ष्य के जरिए पार्टी लगभग 3.5 करोड़ नए और वास्तविक मतदाताओं को सूची में शामिल करने की योजना बना रही है।

भाजपा की इस रणनीति में प्रवासियों और युवाओं पर विशेष फोकस रखा गया है। पार्टी उन लोगों को वापस मतदाता सूची में जोड़ने का प्रयास करेगी जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं लेकिन काम के सिलसिले में दिल्ली जैसे अन्य राज्यों में रह रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि वे ऐसे लोगों से अनुरोध करें कि चूंकि अन्य राज्यों में तत्काल कोई बड़े चुनाव नहीं हैं, इसलिए वे 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए उत्तर प्रदेश में अपना पंजीकरण कराएं। साथ ही, उन वोटर्स पर भी ध्यान दिया जा रहा है जिन्होंने सुरक्षा या अन्य आशंकाओं के चलते शहरों के बजाय गांवों में वोट रखा था, लेकिन लंबी दूरी के कारण वे मतदान करने नहीं जा पाते। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने से जुड़ी आपत्तियों और दावों का निपटारा 6 जनवरी से 6 फरवरी तक किया जाएगा। इसके बाद 6 मार्च को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इस बीच, भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को विकसित भारत अभियान के जरिए जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने और सरकारी योजनाओं के लाभों के प्रति जागरूकता फैलाने का भी निर्देश दिया है।

## रेड वाली जगह पर पहुंची ममता... मैं बीजेपी पार्टी ऑफिस पर रेड करूं तब क्या होगा?

पश्चिम बंगाल (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय देश भर में 15 जगहों पर तलाशी अभियान चला रहा है। यह तलाशी एक संगठित गिरोह के खिलाफ फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले से जुड़े मामले में की जा रही है, जो लोगों को फर्जी नौकरियां देकर ठगी कर रहा था। इसी कड़ी में कोलकाता में इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के ऑफिस में ईडी की रेड चल रही थी। तभी वहां पहुंची पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ...क्या ईडी, अमित शाह का काम पार्टी की हार्ड डिस्क, कैंडिडेट लिस्ट इकट्ठा करना है?... यह गृह मंत्री जो देश की रक्षा नहीं कर सकता और मेरे पार्टी के सारे कागजात ले जा रहा है। अगर मैं बीजेपी पार्टी ऑफिस पर रेड करूं तब क्या होगा? एक तरफ, वे पश्चिम बंगाल में एसआईआर करवाकर सभी वोटर्स के नाम हटा रहे हैं... चुनावों की वजह से, वे मेरी पार्टी के बारे में सारी जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। दरअसल गुरुवार सुबह ईडी की टीम साल्टलेक के सेक्टर-5 में आईपीएसी के ऑफिस में सर्च कर रही थी। इसी बीच, सेंट्रल एजेंसी की एक और टीम आईपीएसी के हेड प्रतीक जैन के घर पहुंची। प्रतीक जैन 7 लाउडन स्ट्रीट में रहते हैं। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने यह सर्च ऑपरेशन इसलिए शुरू किया ताकि पता लगा सके कि आई-पैक का दिल्ली में हुए वित्तीय फर्जीवाड़े से कोई कनेक्शन है या नहीं। ईडी सूत्रों के मुताबिक, यह छापा दिल्ली में कोयला तस्करी मामले में दर्ज एक पुराने केस से जुड़ा है।



## पंजाब में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसरों को बम से उड़ने की धमकी, मच गया हड़कंप

मोगा (एजेंसी)। पंजाब में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसरों फिरोजपुर और मोगा को आरडीएक्स से उड़ने की धमकी मिली है। इसके बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया है और कोर्ट परिसर के गेट बंद कराए गए हैं। जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेल भेज कर धमकी दी गई है कि मोगा और फिरोजपुर कोर्ट परिसर को आरडीएक्स के साथ उड़ा दिया जाएगा। जिला बार एसोसिएशन फिरोजपुर के प्रधान वकील लवजीतपाल सिंह टूरना ने संपर्क करने पर बताया कि उन्हें माननीय जज साहिब द्वारा यह संदेश दिया गया है कि फिरोजपुर कोर्ट परिसर को आरडीएक्स के साथ उड़ने की धमकी मिली है। यह देखकर एहतियात के तौर पर कोई भी वकील ,क्लर्क या क्लाइंट कोर्ट परिसर में ना दाखिल ना हो। उन्होंने बताया कि जुडिशल अधिकारी के आदेश को मानते हुए जिला बार एसोसिएशन फिरोजपुर के वकील, क्लर्क और क्लाइंट वापस आ गए हैं। जानकारी के अनुसार फिरोजपुर कोर्ट परिसर में पुलिस द्वारा डॉग स्क्वाड और बंब निरोधक टीमों को साथ लेकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने 4 किलो का आईईडी बरामद कर निष्क्रिय किया

राजौरी (एजेंसी)। राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने महत्वपूर्ण आतंकवादी साजिश को नाकाम कर 4 किलो का संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद कर निष्क्रिय किया। यह सफलता सेना और पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मिली, जो विश्वसनीय टिप-ऑफ के आधार पर डोरी माल के कल्लर क्षेत्र के घने जंगल में शुरू किया। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके को घेराबंदी कर गहन तलाशी अभियान शुरू किया। जंगल वाले इलाके में उन्नत पहचान तकनीकों का उपयोग करते हुए सैनिकों और पुलिस ने दबे हुए संदिग्ध सामान का पता लगा लिया। जांच में यह पुष्टि हुई कि यह करीब 4 किलो का परिष्कृत आईडीडी था, जो कि अगर विस्फोट किया जाता, तब गंभीर नुकसान हो सकता था। पास में खाली खोल भी मिले, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए सुरक्षित किया। आईईडी को नियंत्रित विस्फोट (कंट्रोल्ड ब्लास्ट) के माध्यम से निष्क्रिय किया, जिससे आसपास के नागरिक सुरक्षित रहे। ऑपरेशन के बाद साइट को साफ किया, लेकिन अतिरिक्त संदिग्धों या डिवाइस की जांच जारी है। सुरक्षा बल क्षेत्र में गश्त तेज कर सुरक्षा बनाए रखने में जुटे हैं। इस बीच, जम्मू और कश्मीर के कदुआ जिले में भी सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसके बाद संयुक्त बलों ने तलाशी अभियान और बढ़ा दिया। यह कार्रवाई दोनों जिलों में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने और नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम साबित हुई।

## त्रिपुरा में सुरक्षा बलों ने छह लाख गांजे के पौधे नष्ट किए... अनुमानित कीमत 145 करोड़

त्रिपुरा (एजेंसी)। त्रिपुरा के सेपाहिजाला जिले में सुरक्षा बलों ने छह लाख गांजे के पौधे नष्ट किए, जिससे 10 दिनों में कुल करीब 30 लाख पौधे नष्ट हो गए। इन पौधों की अनुमानित कीमत 145 करोड़ आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, दिन भर चले संयुक्त ऑपरेशन में केंद्रीय और राज्य सुरक्षा बलों ने करीब 200 एकड़ क्षेत्र में 65 प्लॉटों पर उगाए गए पौधों को नष्ट किया। नष्ट किए गए पौधों की कीमत लगभग 36 करोड़ रुपये है। ऑपरेशन में त्रिपुरा पुलिस, त्रिपुरा स्टेट राइफल्स, असम राइफल्स, बीएसएफ, वन विभाग और जिला प्रशासन ने मिलकर काम किया। यह अभियान सोनमुरा, मेलागढ़ और कलामचौरा के तहत आने वाले गांवों में हुआ, जो बांग्लादेश सीमा के पास हैं। असम राइफल्स ने कहा कि यह ऑपरेशन अवैध गतिविधियों को रोकने और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने में सहयोगी एजेंसियों के संभावित प्रयासों को दिखाता है। इससे पहले, सुरक्षा बलों ने 414 एकड़ पहाड़ी जमीन पर फैले 23 लाख से अधिक गांजे के पौधे नष्ट किए थे, जिनकी कीमत करीब 108 करोड़ रुपये थी। इसतरह अन्य जिलों जैसे उनाकोटी, दक्षिण त्रिपुरा और खोवाई में भी कई लाख पौधे नष्ट किए गए। वहीं सुरक्षाबलों ने अवैध खेती में शामिल कई लोगों को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि कई बार जंगल और सरकारी जमीन पर कब्जा करके गांजे की खेती की जा रही थी। इस कानून के तहत किसी भी व्यक्ति के लिए नशीले पदार्थ की खेती, रखरखाव, बिक्री या सेवन गैर-कानूनी है, और उल्लंघन करने पर 20 साल तक जेल और भारी जुर्माना हो सकता है। इसी दौरान पश्चिम बंगाल के ट्रक से 12,600 बोतल एस्कुफ कफ सिरप, 16,000 रुपए और दो मोबाइल जब्त किए गए, जिसमें दो लोग गिरफ्तार हुए।

## कदुआ के कहोग गांव में सुरक्षा बल और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

कदुआ (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कदुआ के बिलावर क्षेत्र के कहोग गांव में सुरक्षा बल और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों के अनुसार, जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े तीन आतंकवादी गांव में छिपे हुए हैं और उन्हें पकड़ने के लिए सुरक्षा बल तलाशी अभियान जारी हैं। मुठभेड़ बुधवार शाम शुरू हुई, जब दो से तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली। जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और अन्य सुरक्षा बलों ने मिलकर कार्रवाई की। मुठभेड़ में एक सुरक्षाकर्मी को पैर में गोली लगी और उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। अधिकारी बताते हैं कि घने जंगल और दुर्गम इलाके में रात भर घेराबंदी के बाद तलाश अभियान फिर से शुरू किया। धनु परोल-कमाध नाला क्षेत्र में हवाई निगरानी के साथ अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। जम्मू जोन के आईजीपी भीम सेन तूती ने बताया कि अंधेरा और कठिन भूभाग होने के बावजूद एसओजी आतंकवादियों से लगातार मुकाबला कर रही है। सीआरपीएफ की टीम भी संयुक्त अभियान में शामिल है। मुठभेड़ करीब एक घंटे चली, इसके बाद गोलीबारी रुक गई। फिलहाल यह जानकारी नहीं है कि कोई आतंकवादी हताहत हुआ या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक महीने से सेना, बीएसएफ, पुलिस और सीआरपीएफ सीमा क्षेत्रों में लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। वे सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वालों की पहचान कर रहे हैं और सांबा एवं कदुआ जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास गश्त तेज कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस से पहले बीएसएफ, सीमा पुलिस और ग्राम रक्षा गार्ड समेत सभी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। इस कार्रवाई का मकसद न केवल आतंकवादियों को पकड़ना बल्कि सीमा सुरक्षा मजबूत करना और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कदुआ जिले के दुर्गम इलाके में सक्रिय आतंकवादी समूहों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगातार चल रही है।

## अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद सांसद के रुप में काम पर लौटी हेमा... संसद खेल महोत्सव में पहुंची



**मुंबई (एजेंसी)।** अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद हेमा मालिनी ने पहली बार अपने काम पर वापसी की और उनके चेहरे पर खुशी दिखाई दी। मुंबई में एक समय कठिन और दुखभरा रहा, लेकिन अब वे अपने कर्तव्य और काम पर फोकस कर रही हैं। हेमा ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें वे मथुरा में आयोजित संसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाती दिख रही हैं। वीडियो में उनके चेहरे पर लंबे समय बाद मुस्कान देखी गई। मथुरा से सांसद हेमा ने लिखा कि मैराथन संसद खेल महोत्सव में राज्य के कोने-कोने से प्रतिभागी विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं। विशेष रूप से शूटिंग, कुश्ती और अन्य बहु-विधाओं में कई लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की पहल से प्रतिभा को महत्व दिया जा रहा है और अब सभी प्रतिभागियों को अपने कौशल दिखाने का समान मौका मिल रहा है। मथुरा इसका उदाहरण है कि अब सभी को समान अवसर मिल रहे हैं। इस पोस्ट पर यूजर्स ने भी हेमा को मुस्कुराते देखकर अपनी खुशी जाहिर की है। एक यूजर ने उन्हें ÷चट्टान की तरह मजबूत और पवित्र आत्मा वाली÷ बताया, जबकि दूसरे ने लिखा कि ÷अपने गम को भुलाकर कर्म ही सच्ची सेवा है।÷ साथ ही, हाल ही में हेमा ने धर्मेंद्र की दो अलग-अलग प्रार्थना सभाओं को लेकर उठे सवालों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह दोनों परिवारों का निजी मामला है। एक प्रार्थना सभा उन्होंने आयोजित की थी, जबकि दूसरी सनी देओल के घर रखी गई थी। हेमा मालिनी अब दुख को पीछे छोड़कर अपने कर्म और जनसेवा में लौट आई हैं, और उनकी मुस्कान दर्शकों और फैंस के लिए प्रेरणा बन गई है।

## इम्तियाज जलील पर हमले से भड़के औवेसी... चुनाव में जनता वोट से जबाव देगी



**छत्रपति संभाजी नगर (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष और सांसद इम्तियाज जलील पर हुए हमले की कड़ी आलोचना की है। सांसद ओवैसी ने कायरतापूर्ण हमला बताकर कहा कि औरंगाबाद की जनता लोकतांत्रिक तरीके से वोट के माध्यम से इसका जवाब देगी। ओवैसी ने कहा कि यह हमला उन लोगों की हताशा को दिखाता है, जिन्हें अपनी हार साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि इस वार्ड और पूरे औरंगाबाद के लोग एमआईएमआईएम के चुनाव चिह्न 'पतंग' पर वोट देकर साजिश करने वालों को जवाब देने वाले है। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से घटना के पीछे शामिल लोगों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसके एक दिन पहले ओवैसी ने छत्रपति संभाजीनगर में आज़ाद चौक से बुद्धि लेन तक रोड शो किया और स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जनसंपर्क किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

औवेसी की पार्टी के सांसद जलील ने बताया कि रैली के लिए प्रशासन से अनुमति ली गई थी और मौके पर पुलिस भी मौजूद थी, इसके बावजूद 20 से 25 हथियारबंद लोगों ने रैली पर हमला किया। हमलावरों ने पार्टी कार्यकर्ताओं और वाहनों को निशाना बनाया, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। जलील ने कहा कि इस तरह की गुंडागर्दी से एआईएमआईएम की रैलियों को रोका नहीं जा सकता और पार्टी ने रैली शांतिपूर्ण तरीके से पूरी की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हिंसा चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने की साजिश है। जलील ने चेतावनी दी कि यदि एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाती है, तब पार्टी संयम बनाए रखेगी, लेकिन कार्रवाई न होने की स्थिति में आगे की रणनीति पर विचार होगा। उन्होंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भाजपा से जुड़े नेताओं पर एआईएमआईएम के बढ़ते जनाधार से घबराने का आरोप भी लगाया।

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य के 29 नगर निगमों के चुनाव की घोषणा की है। इसमें बीएमसी, पुणे और पिंपरी-चिंचवड नगर निगम शामिल हैं। मतदान 15 जनवरी को होगा, जबकि मतगणना 16 जनवरी को की जाएगी।

## कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी की हालत स्थिर, एंटीबायोटिक्स और अन्य सहायक दवाएं दी जा रही

नईदिल्ली (एजेंसी)। सोमवार रात सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हुई कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी की हालत स्थिर बनी हुई है। सर गंगाराम अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप ने इसकी जानकारी दी। अध्यक्ष ने बताया कि सोनिया गांधी का इलाज जारी है और वे स्वस्थ हो रही हैं। सांस लेने में तकलीफ होने के बाद सोमवार को कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल के अध्यक्ष स्वरूप ने बताया कि विस्तृत चिकित्सा जांच के बाद पता चला कि दिल्ली में ठंड और प्रदूषण के मिले-जुले प्रभाव से सोनिया गांधी के ब्रोंकियल अस्थमा की समस्या थोड़ी बढ़ी थी। एहतियात के तौर पर डॉक्टरों ने उन्हें निगरानी और आगे के इलाज के लिए भर्ती करने का फैसला किया। स्वरूप ने कहा कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी और चिकित्सकीय जांच में सामने आया कि ठंड और प्रदूषण के मिले-जुले प्रभाव से उनका ब्रोंकियल अस्थमा थोड़ा बढ़ गया था। एहतियात के तौर पर उन्हें आगे की निगरानी और इलाज के लिए भर्ती किया गया। फिलहाल उनकी हालत बिल्कुल स्थिर है। उनके इलाज के बारे में और जानकारी देकर अस्पताल के अध्यक्ष ने बताया कि सोनिया गांधी इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रही हैं और उन्हें एंटीबायोटिक्स और अन्य सहायक दवाएं दी जा रही हैं। स्वरूप ने कहा कि उनकी हालत में सुधार के आधार पर इलाज करने वाले डॉक्टर उन्हें अस्पताल से छुट्टी देने का फैसला कर सकते है। स्वरूप ने कहा कि फिलहाल उनकी हालत बिल्कुल स्थिर है।



## भारत ऊर्जा सप्ताह-2026 गोवा में 27 से 30 जनवरी तक आयोजित

एजेंसी

**रांची :** भारत ऊर्जा सप्ताह-2026- 27 से 30 जनवरी, 2026 तक गोवा में आयोजित होगा, जिसमें वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र के दुनिया भर के मंत्री, वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नीति निमार्ता, वित्तीय संस्थान, शिक्षाविद और प्रौद्योगिकी प्रदाता शामिल रहेंगे। वर्ष के इस पहले प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन में ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने, निवेश को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के व्यावहारिक और मापनीय उपायों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वैश्विक ऊर्जा प्रणालियों की बढ़ती माँग, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और जलवायु परिवर्तन संबंधी प्रतिबद्धताओं के बढ़ते दबाव के बीच आईईडब्ल्यू 2026, संवाद और सहयोग का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। इसके पिछले आयोजनों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस बार ऊर्जा सुरक्षा सम्मेलन में 120 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। 2025 के आयोजन में 68 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया था, जिनमें 570 प्रदर्शक और 5,400 सम्मेलन प्रतिनिधि शामिल रहे। आयोजन के पिछले संस्करण में 100 सम्मेलन सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 540 से अधिक वैश्विक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस बार भारत ऊर्जा सप्ताह-2026 संस्करण और भी विस्तारित होगा, जिससे यह सम्मेलन विश्व के अग्रणी ऊर्जा संवाद मंचों में और भी महत्वपूर्ण बनेगा। भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संरक्षण में भारतीय पेट्रोलियम उद्योग संघ-एफआईपीआई तथा डीएमजी इवेंट्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित, आईईडब्ल्यू 2026, ऊर्जा सुरक्षा, वहनीयता और संधारणीयता पर सहयोग के लिए तटस्थ और वैश्विक स्तर पर जुड़ा मंच है। इसमें अमरीका, यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडलों के भाग लेने की संभावना है, जो वैश्विक ऊर्जा कूटनीति में इंडिया एनर्जी वीक की बढ़ती भूमिका दर्शाती है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के विश्व ऊर्जा आउटलुक 2025 के मुताबिक, अकेले भारत ही 2050 तक वैश्विक ऊर्जा माँग की 23 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी खपत करेगा, जो विश्व में सर्वाधिक होगा।

## मौसम का मिजाज: उत्तर भारत में कंपाने वाली ठंड और दक्षिण-पूर्वोत्तर में भारी बारिश का अलर्ट

**चेन्नई (एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। दक्षिण भारत में मानसून की विदाई के बावजूद बारिश का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। केरल में आने वाले 72 घंटों के दौरान कई जिलों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। समुद्र में ऊंची लहरें उठने और हवाओं की रफ्तार बढ़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने मछुआरों को गहरे समुद्र में न जाने की सख्त सलाह दी है। तमिलनाडु में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। चेन्नई समेत कई तटीय इलाकों में घने बादल छाए रहेंगे और झमाझम बारिश होने के आसार हैं। इसके अलावा पुडुचेरी और कराईकल जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में भी मध्यम से भारी बारिश की संभावना है, जिससे निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है। देश के मौसम में एक बार फिर बड़ा बदलाव होने के कारण एक तरफ जहां उत्तर भारत के मैदानी इलाके भीषण शीतलहर और कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं, वहीं दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, विभिन्न मौसम प्रणालियों के सक्रिय होने के कारण देश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश, तेज हवाओं और पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर शुरू होने वाला है।

पहाड़ी राज्यों में भी मौसम का असर काफी गहरा रहने वाला है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी की आशंका है, जबकि निचले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस बर्फबारी और बारिश के कारण पहाड़ों से सटे मैदानी इलाकों में तापमान और नीचे गिरेगा, जिससे ठंड का प्रकोप और अधिक बढ़ जाएगा। सड़कों पर फिसलन और भूस्खलन के खतरे को देखते हुए यात्रियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है। दक्षिण के अन्य हिस्सों जैसे तटीय आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भी अगले तीन दिनों तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं और जोरदार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश में बारिश के साथ बिजली गिरने की आशंका जताई गई है, वहीं अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भी भारी बारिश को लेकर चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

## भारत-अमेरिकी संबंधों पर बोले थरूर- राष्ट्रहित में विकल्प खुले रखना बेहद जरूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दी गई हालिया टिप्पणियों पर देश में राजनीतिक बहस छिड़ गई है। इस संवेदनशील कूटनीतिक मुद्दे पर कांग्रेस सांसद और पूर्व राजनयिक शशि थरूर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए संतुलित विदेश नीति की वकालत की है। थरूर का कहना है कि किसी भी देश के लिए उसके राष्ट्रहित सर्वोपरि होते हैं और कूटनीति का असली उद्देश्य शत्रुओं की संख्या को कम करना और मित्रों का दायरा बढ़ाना होना चाहिए।

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे मिलने के लिए समय मांगा था। साथ ही, ट्रंप ने यह भी कहा कि रूसी तेल की खरीद पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों के कारण पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं। ट्रंप के इन दावों के बीच, शशि थरूर ने कहा कि राष्ट्रहित का अर्थ केवल कड़े रुख अपनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हम अपने लिए बड़ी मुसीबतें या दुश्मन न बनाएं। थरूर ने भारत की बहुपक्षीय विदेश नीति पर जोर देते हुए कहा कि हमारे पास जितने अधिक विकल्प होंगे, हम किसी एक देश के मनमाने व्यवहार या उतार-चढ़ाव से उतने ही अधिक सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत वर्तमान में रूस और अमेरिका, दोनों के साथ मधुर संबंध साझा करता है, जबकि चीन के साथ भी कामकाजी रिश्ते बनाए हुए है। इसके साथ ही जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ भारत का बढ़ता तालमेल हमारी नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनके अनुसार, कूटनीति में सुरक्षित रहने का सबसे बेहतर तरीका है कि सभी के साथ संपर्क के रास्ते खुले रखे जाएं।

दूसरी ओर, डोनाल्ड ट्रंप का रवैया काफी आक्रामक रहा है। हाउस जीओपी सदस्य रिट्रीट में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने न केवल पीएम मोदी की मुलाकात के अनुरोध का जिक्र किया, बल्कि पूर्व में भारत पर आयात शुल्क (टैरिफ) बढ़ाने की चेतावनी भी दी थी। ट्रंप ने अपने संबोधन में यह संकेत देने की कोशिश की कि भारतीय नेतृत्व उनके साथ संबंधों को प्राथमिकता देता है। हालांकि, कूटनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप के ऐसे बयान अक्सर उनके घरेलू राजनीतिक एजेंडे और अमेरिका फर्स्ट की नीति से प्रेरित होते हैं। फिलहाल, भारतीय राजनीतिक हलकों में इस बात पर चर्चा तेज है कि अमेरिका के इस दबावपूर्ण रवैये के बीच भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को कैसे बरकरार रखता है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**